आश्विन शुक्ल पक्ष अष्टमी 12:07 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024
वर्ष 34, अंक 253, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पृथ्वी जैसे जीवनयोग्य ग्रहों का पता लगाना होगा आसान 16

70 बरस की हुईं रेखा, 1966 में आई थी पहली फिल्म 15

## गठबंधन के तहत ही सपा कांग्रेस लड़ेंगे उपचुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- अखिलेश यादव ने अटकलों पर लगाया विराम कांग्रेस को सीट मिलना तय

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में 10 सीट के लिए होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस को सीटें न देने की चल रहीं अटकलों पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने विराम लगाया है। उन्होंने गुरुवार को उप चुनाव को लेकर तो कुछ नहीं कहा, लेकिन स्पष्ट किया कि उप्र. में सपा और कांग्रेस का गठबंधन जारी रहेगा। ऐसे में उप चुनाव में कांग्रेस को कुछ सीटें मिलने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

अखिलेश यादव, सैफई में अपने पिता और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।

मालूम हो कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सपा को एक भी सीट नहीं दी थी। इसके बाद जैसे ही सपा ने उप चुनाव के लिए 6 उम्मीदवारों की घोषणा की तो ऐसी अटकलें तेज हो गयी थीं कि अखिलेश भी यहां कांग्रेस को सीट नहीं देंगे।

## दक्षिण कोरिया की हान कांग को साहित्य का नोबेल



**स्टाकहोम।** इस वर्ष साहित्य के नोबेल पुरस्कार के लिए दक्षिण कोरियाई लेखिका हान कांग (53) को चुना गया है। स्वीडिश अकादमी की नोबेल समिति के स्थायी सचिव मैट्स माल्म ने गुरुवार को इस पुरस्कार की घोषणा की। नोबेल समिति के अनुसार हान कांग के गहन काव्यात्मक गद्य के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। कांग को 2016 में उनकी कृति द वेजिटेरियन के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। द वेजिटेरियन एक उपन्यास है।

# एक युग का अंत : रतन टाटा पंचतत्व में विलीन

- मुंबई में राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

मुंबई, एजेंसी

प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का अंतिम संस्कार गुरुवार शाम मध्य मुंबई स्थित एक शवदाह गृह में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। मुंबई पुलिस ने उन्हें श्रद्धांजलि और गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

वर्ली स्थित शवदाह गृह में टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा समेत उनके परिवार के सदस्य और टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन समेत शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। शवदाह गृह में मौजूद एक धर्म गुरु ने बताया कि अंतिम संस्कार पारसी परंपरा के अनुसार किया गया। पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा (86) का बुधवार रात शहर के एक अस्पताल में निधन हो गया।



रतन टाटा की अंतिम विदाई के मौके पर मौजूद केंद्रीय गृहमंत्री शाह व अन्य।

### मार्गदर्शन करती रहेगी उनकी विरासत : शाह

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा की विरासत लंबे समय तक देश के औद्योगिक क्षेत्र का नेतृत्व करने वालों का मार्गदर्शन करती रहेगी। शाह ने मुंबई में रतन टाटा को श्रद्धासुमन अर्पित करने तथा उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद सोशल मीडिया पर यह बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से भी रतन टाटा के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। कहा कि रतन टाटा ईमानदारी के प्रतीक के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे।

### श्रद्धांजलि देते समय रो पड़े पीयूष गोयल

मुंबई। केंद्रीय मंत्री एवं उत्तर मुंबई से लोकसभा सांसद पीयूष गोयल गुरुवार को दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते समय रो पड़े। गोयल, टाटा के साथ बिताए अपने समय को याद करते हुए भावुक हो गए और कहा कि उनका आम से लेकर खास लोगों के प्रति प्यार और समर्पण ने उन्हें हजारों लोगों के दिलों का मसीहा बना दिया। उन्होंने कहा कि वह एक बार मुंबई में नाश्ते के लिए हमारे घर आए थे, तो हमने केवल साधारण इडली, सांभर, डोसा परोसा था, लेकिन उन्होंने बहुत सराहना की।

### एक नजर

#### महानवमी पर उप्र. में आज सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** महानवमी के अवसर पर शुक्रवार को प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न संगठनों की मांग पर नवमी के अवसर पर 11 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की। यह पहला अवसर है जब नवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य विभागों में अब शुक्रवार के साथ दशहरे पर शनिवार को भी सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इसके पहले राज्य के परिषदीय स्कूलों में अवकाश घोषित करने की सूचना शिक्षा निदेशालय ने जारी की थी। कर्मचारी संगठनों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

#### सोना तस्करी : राष्ट्रपति को पत्र भेजेंगे राज्यपाल

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य में एक हवाई अड्डे के माध्यम से बड़े पैमाने पर सोने की तस्करी को लेकर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के बयान के संबंध में राष्ट्रपति को पत्र भेजने के लिए जानकारी जुटा रहे हैं। खान ने आरोप लगाया कि सोने की तस्करी राष्ट्र के खिलाफ अपराध है और मुख्यमंत्री ने राज्य में हो रही ऐसी राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को लेकर उन्हें अंधेरे में रखा। राज्यपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मुझे कभी भी इस बारे में नहीं बताया। विजयन ने खुद कहा था कि सोने की तस्करी राष्ट्र के खिलाफ अपराध है।

# विश्व में संघर्षों और तनाव के समय भारत-आसियान मित्रता महत्वपूर्ण

## लाओस में आसियान शिखर सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

- कहा-हमारे ऐतिहासिक संबंधों को मिली नई ऊर्जा, दिशा और गति

विएंतियान (लाओस), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि ऐसे समय में जब विश्व के कई हिस्से संघर्ष और तनाव का सामना कर रहे हैं, भारत-आसियान मित्रता बहुत महत्वपूर्ण है। यहां 21वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने 10 साल पहले एक्ट ईस्ट नीति की घोषणा की थी और पिछले दशक में इसने भारत और आसियान देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को नई ऊर्जा, दिशा और गति दी है। भारत-आसियान शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब क्षेत्र में दक्षिण चीन सागर में समुद्री मुद्दों को लेकर फिलीपीन और चीन के बीच तनाव है तथा म्यांमा में संकट है, जहां जातीय समूह सैन्य शासन से संघर्ष कर रहे हैं।

मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि 21वीं सदी, जिसे एशियाई सदी भी कहा जाता है, भारत की और आसियान देशों की सदी है। उन्होंने कहा कि भारत-आसियान मैत्री, समन्वय वार्ता और सहयोग ऐसे समय में बहुत महत्वपूर्ण है जब विश्व के कई हिस्से संघर्ष और तनाव का सामना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और आसियान देश पड़ोसी हैं और वैश्विक दक्षिण में साझेदार हैं। उन्होंने कहा कि हम शांतिप्रेमी देश हैं और एक दूसरे की राष्ट्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करते हैं तथा क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। मोदी ने कहा कि आसियान की केंद्रीयता को ध्यान में रखते हुए भारत ने 2019 में हिंद-प्रशांत महासागर पहल शुरू की थी। उन्होंने कहा कि पिछले साल, क्षेत्रीय सुरक्षा एवं स्थिरता के लिए समुद्री अभ्यास शुरू किए गए।



आसियान शिखर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बानीज, बाएं और लाओस के प्रधानमंत्री सिपांडोन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

### जल से लेकर अंतरिक्ष तक पहुंचा हमारा सहयोग

मोदी ने कहा कि आज हमारा सहयोग जल से लेकर अंतरिक्ष क्षेत्र तक पहुंच गया है और हमारी साझेदारी पिछले दशक में अधिक व्यापक हो गई है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत-आसियान शिखर सम्मेलन फलदायी रहा। हमने इस बारे में चर्चा की कि भारत और आसियान के बीच समग्र रणनीतिक साझेदारी को और कैसे मजबूत किया जाए। हम व्यापार संबंधों, सांस्कृतिक संबंधों और प्रौद्योगिकी, कनेक्टिविटी तथा ऐसे अन्य क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने की आशा करते हैं।

### जन केंद्रित प्रयास विकास साझेदारी की बुनियाद

प्रधानमंत्री ने कहा कि जन-केंद्रित प्रयास भारत और आसियान के बीच विकास साझेदारी की बुनियाद हैं। मोदी ने कहा कि आसियान क्षेत्र के 300 से अधिक छात्रों को नालंदा विश्वविद्यालय से छात्रवृत्ति मिली है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी लाओस, कंबोडिया, वियतनाम, म्यांमा और इंडोनेशिया की साझा धरोहर के संरक्षण में भी कारगर रही है। मोदी ने कहा कि कोविड महामारी हो या प्राकृतिक आपदाएं हों, हमने हमारी मानवीय जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए एक दूसरे की मदद की है। उन्होंने कहा कि भारत और आसियान ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी कोष, डिजिटल कोष और हरित कोष स्थापित किया है तथा नई दिल्ली ने इन पहलों में 30 करोड़ डॉलर से अधिक का योगदान दिया है।

## जम्मू-कश्मीर के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे उमर अब्दुल्ला

- नेकां विधायक दल के नेता चुने गए



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को गुरुवार को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया, ऐसे में वे जम्मू-कश्मीर के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। नेकां के नव-निर्वाचित विधायकों की श्रीनगर में हुई बैठक में अब्दुल्ला के विधायक दल के नेता के रूप में मंजूरी दी गई। नेकां उपाध्यक्ष ने बैठक के बाद कहा कि मुझे अपना नेता चुनने के लिए मैं पार्टी विधायकों का आभारी हूं। हमें चार निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन मिला है और हम सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए अपने गठबंधन सहयोगी कांग्रेस से पत्र का इंतजार कर रहे हैं।

अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस से पत्र मिलने के बाद वह सरकार गठन की तारीख तय करने के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात करेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अली मोहम्मद सागर ने घोषणा की कि अब्दुल्ला को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुन लिया गया है।

## आईआईटी में पीएचडी की छात्रा ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 10 माह के भीतर संस्थान में आत्महत्या की चौथी घटना से तरह-तरह की चर्चाएं
- कमरे से 4 पेज का सुसाइड नोट मिला, जिसमें मौत का जिम्मेदार खुद को बताया
- पुलिस ने हॉस्टल के कमरे का दरवाजा तोड़कर फंदे से लटक रहा शव नीचे उतारा



**अमृत विचार :** आईआईटी की रिसर्च स्कॉलर ने फंदे से लटक कर जान दे दी। 27 वर्षीय प्रगति खरया हॉस्टल में रहकर अर्थ साइंस में पीएचडी कर रही थी। सुसाइड नोट में उसने अपनी मौत का जिम्मेदार खुद को बताया है। गुरुवार को कमरे का दरवाजा नहीं खुलने की सूचना पर पहुंची कल्याणपुर थाना पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो भीतर पंखे के सहारे रस्सी से लटक रहा शव मिला। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। 10 माह के भीतर आईआईटी में आत्महत्या की चौथी घटना से सन्नाटा पसरा है और तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

चकेरी थानाक्षेत्र में सनिगवां निवासी गोविंद खरया बिरहाना रोड स्थित एक ज्वैलर्स के यहां काम करते हैं। परिवार में पत्नी संगीता, तीन बेटे सत्यम, शिवम, सुंदरम और इकलौती बेटी प्रगति खरया थी। पिता ने बताया कि प्रगति आईआईटी से अर्थ साइंस में पीएचडी कर रही थी। उसका यह आखिरी वर्ष था। 9 अक्टूबर को उससे बात हुई थी। गुरुवार दोपहर 12:30 बजे आईआईटी प्रशासन और पुलिस ने फोन करके बेटी के फांसी का फंदा लगाने की जानकारी दी। वह भाई स्वरूप नगर निवासी गोपालदास और भतीजे के साथ मौके पर पहुंचे। उधर, पुलिस के अनुसार प्रगति के कमरे का दरवाजा तोड़ने पर सफेद नई नॉयलॉन की रस्सी से बने फंदे पर उसका शव लटकता मिला।

नीचे स्टूल रखा था और दीवार किनारे फोल्डिंग पलंग खड़ा था, जिसकी प्लाई निकली हुई थी। कमरे से 4 पेज का सुसाइड नोट मिला। प्रगति का मोबाइल पुलिस ने कब्जे में लिया है। पुलिस के अनुसार उसने आत्महत्या के लिए नॉयलॉन की रस्सी ऑनलाइन खरीदी थी।

> आईआईटी प्रशासन की सूचना पर पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची। दरवाजा तोड़कर शव फंदे से उतारा गया। पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। सुसाइड नोट को जांच के लिए भेजा गया है। **-विजयेंद्र द्विवेदी, एडीसीपी पश्चिम**

### गलत बिल आने पर युवक ने कर ली थी आत्महत्या

## बिजली विभाग के एक्सईएन एसडीओ और जेई निलंबित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दिए जेई एसडीओ पर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश

**अमृत विचार :** अचलगंज थाना क्षेत्र के कुशलपुर निवासी युवक के बिजली का बिल अधिक आने से दुखी होकर आत्महत्या किए जाने पर ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने मामले में दोषी अधिशासी अभियंता (एक्सईएन), एसडीओ व जेई को निलंबित करने के साथ एसडीओ और जेई पर रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने इसकी जानकारी एक्स पर दी।

अचलगंज थाना क्षेत्र के गांव वैसाना के मजरा कुशलपुर निवासी शुभम (30) पुत्र महादेव बुधवार सुबह घर से बिना बताए कहीं चला गया था। देर तक न लौटने पर परिजन उसे तलाश करने निकले तो उसका शव घर के बगल में मवेशियों के लिए भूसा भरने वाली कोठरी में दुपट्टे से लटका मिला था। पुलिस जब घर पहुंची तो पता चला कि उसके घर का बिजली बिल बीते माह एक लाख नौ हजार 21 रुपये आया था। इस बिल को ठीक कराने के लिए उसे रिश्वत तक देनी पड़ी। रिश्वत देने के बाद ही बिल संशोधित हुआ और उसने 16 हजार रुपये जमा किए। लेकिन इस माह फिर विभाग ने 8000 का बिल भेज दिया। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी को शुभम के पिता महादेव ने बताया कि शुभम मजदूरी कर परिवार पालता था। घर में दो बल्ब, एक पंखा, एक एलईडी टीवी है। इसके बावजूद इतना बिल आना समझ से परे है। इस बात से शुभम परेशान था। दुखी होकर उसने आत्महत्या कर ली। एसओ ने बताया कि यह आरोप महादेव ने मौखिक लगाए कुछ लिखकर नहीं दिया। गुरुवार को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने मामले का संज्ञान लिया और एक्स अकाउंट पर इस घटना पर दुख जताया और लिखा कि पीड़ित परिवार के प्रति उनकी संवेदना है। इस घटना से वह स्तब्ध हैं और कार्रवाई की जानकारी दी। ऊर्जा मंत्री ने जिलाधिकारी गौरांग राठी व विद्युत विभाग के अधिकारियों से भी बात की। इसके बाद अधिशासी अभियंता-2 गोकुल बाबा सूर्योदय कुमार वर्मा, बंथरा के एसडीओ रवि यादव व अचलगंज उपकेंद्र के जेई आशीष सिंह को निलंबित कर दिया। उन्होंने एसडीओ व जेई पर रिपोर्ट दर्ज कराने के भी आदेश दिए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि मामले की जांच की जा रही है। यदि किसी और कर्मचारी की इसमें संलिप्तता मिली तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि उन्हें अभी विभाग या परिजन से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलती है तो जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## हिज्ब-उत-तहरीर को किया गया प्रतिबंधित

- सरकार ने कहा-इस्लामी राष्ट्र स्थापित करना इसका मंसूबा

**नई दिल्ली।** सरकार ने इस्लामी समूह हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) को गुरुवार को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया क्योंकि इसका उद्देश्य जिहाद और आतंकवादी गतिविधियों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर इस्लामी देश और खिलाफत स्थापित करना है। वैश्विक इस्लामी समूह एचयूटी 1953 में यरुशलम में बना था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि एचयूटी युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने तथा आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन जुटाने में संलिप्त है।

## इलाज के लिए अपनी ही बच्ची की चढ़ा दी बलि

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- दंपती को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कुबूला जुर्म

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में पुलिस ने बीमारियों के इलाज के लिए एक तांत्रिक की सलाह पर अपनी ही एक महीने की बच्ची की बलि देने के आरोप में एक दंपती को गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) आदित्य बंसल ने गुरुवार को बताया कि गोपाल कश्यप और उसकी पत्नी ममता को बुधवार रात भोपा थाना क्षेत्र के बेलदा गांव में अपनी ही बच्ची की हत्या के मामले में हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपनी बच्ची की हत्या का जुर्म कुबूल कर लिया। बंसल के मुताबिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि ममता काफी समय से बीमार थी और एक तांत्रिक ने सलाह दी थी कि अगर बीमारियों से छुटकारा पाना है तो अपनी ही एक माह की बच्ची की बलि देनी होगी। इस पर दंपती ने बच्ची की बलि देकर उसका शव जंगल में छुपा दिया था। पुलिस दंपती के बयान के आधार पर बच्ची के शव की तलाश कर रही है। साथ ही हरेंद्र नामक उस तांत्रिक को भी पकड़ने की कोशिश की जा रही है जिसने उन्हें बीमारी के इलाज के लिए बच्ची की हत्या करने की सलाह दी थी।

## नई बिजली दरें घोषित, नहीं हुई बढ़ोतरी

### सरकार से उप्र पावर कॉरपोरेशन को 17,511 करोड़ की सब्सिडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- तीन किलोवाट के उपभोक्ता भी ले सकेंगे थ्री फेस का कनेक्शन

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने गुरुवार को नई बिजली दरें घोषित कर दीं। आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व सहायक निगमों की ओर से वर्ष 2024-25 के लिए दरें बढ़ाने पर जोर दिए जाने के बावजूद पांचवें साल भी किसी भी श्रेणी की दरों में बढ़ोतरी नहीं की है।

अब तीन किलोवाट के उपभोक्ता भी थ्री फेस का बिजली कनेक्शन ले सकेंगे। आयोग ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर बिजली काटने व जोड़ने के लिए प्रस्तावित शुल्क खारिज कर दिया है। नोएडा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 10 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी। सरकार ने ग्रामीण व नलकूप किसानों को राहत देने के लिए पावर कॉरपोरेशन को 17,511 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की व्यवस्था दी है। नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह ने नई बिजली दरों की घोषणा करते हुए कहा कि पांचवें साल भी प्रदेश में बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। पावर कॉरपोरेशन ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर कनेक्शन जोड़ने व काटने पर 50 रुपये वसूल करने व उपभोक्ताओं को मोबाइल पर सूचना देने के लिए 10 रुपये एसएमएस शुल्क का प्रस्ताव दिया था, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया है।

### दरों में कमी के लिए जल्द दाखिल होगी याचिका

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने बिजली दरें न बढ़ाए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि बिजली उपभोक्ताओं का कंपनियों पर सरप्लस निकल रहे 33,122 करोड़ के एवज में दरों में कमी किए जाने का तर्क दिया गया था, पर इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। दरों में कमी के लिए आयोग में शीघ्र ही पुनर्विचार याचिका दाखिल की जाएगी।

# मैं असुरक्षित, डरी हुई, इसलिए छोड़ रही शहर

## उर्सला अस्पताल के सर्जन को थाने से जमानत मिलने पर महिला डॉक्टर ने उठाया कदम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**विभागाध्यक्ष को लिखा पत्र**

- महिला डॉक्टर ने लगाया है छेड़छाड़ करने और तेजाब डालने की धमकी का आरोप

**अमृत विचार :** उर्सला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.केएन कटियार के विरुद्ध एक साल से पीछा करने, छेड़छाड़ करने और तेजाब डालने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए स्वरूप थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने वाली जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर (जेआर) ने आरोपी डॉक्टर को थाने से जमानत मिलने की जानकारी होते ही परिवार समेत शहर छोड़ दिया। पीड़ित महिला डॉक्टर ने विभागाध्यक्ष को पत्र लिखकर आरोपी डॉक्टर से खुद को असुरक्षित बताया और डर के कारण परिवार समेत शहर छोड़ने की जानकारी दी है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की जूनियर रेजीडेंट ने 4 अक्टूबर को स्वरूप नगर थाने में उर्सला अस्पताल के नेत्र रोग सर्जन डॉ.केएन कटियार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया था कि डॉ.कटियार पिछले एक वर्ष से पीछा करके परेशान कर रहा है। आरोपी के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र दिया था, तो वह माफी मांगकर शांत हो गया था। लेकिन इसके कुछ दिन बाद अनजान नंबर से फोन करके आरोपी डॉक्टर ने छेड़छाड़ की। तेजाब डालने की धमकी देते हुए कहा कि अगर वह उसकी नहीं हुई तो किसी और की भी नहीं होने देगा। इसी के बाद उसने एफआईआर दर्ज कराई थी। डॉक्टर के थाने से छूटने पर महिला डॉक्टर ने जीएसवीएम मेडिकल कालेज की नेत्र रोग विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी मोहन को पत्र लिखकर खुद को शहर में असुरक्षित बताते हुए 15 दिनों की छुट्टी ले ली। डॉ.शालिनी मोहन ने बताया कि पीड़िता काफी ज्यादा परेशान थी। उनके पति का भी फोन आया था। मामले की जानकारी प्राचार्य प्रो. संजय काला को दी है।

### तुम मेरी नहीं हुई तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा

पीड़ित महिला डॉक्टर के अनुसार आरोपी डॉक्टर ने उससे कहा था कि 'तुम मेरी नहीं हुई तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा। तुम्हें भी मार दूंगा और तुम्हारे पति को भी। तुम्हारे चेहरे पर तेजाब डाल दूंगा, जिससे तुम्हारा पति तुम्हें छोड़ देगा।' डॉक्टर की इसी धमकी से परेशान होकर उसने स्वरूप नगर थाना में तहरीर दी थी। इस पर पुलिस ने डॉ. कटियार के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर बुधवार को उसे गिरफ्तार किया था। लेकिन थाने से पांच घंटे के भीतर ही उसे जमानत मिल गई।

## न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए बाबा नारायण हरि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- हाथरस भगदड़ में 121 लोगों की मौत के बाद चर्चा में आया था नाम

**अमृत विचार :** हाथरस भगदड़ में तीन माह पहले 121 लोगों की मौत मामले में बाबा नारायण साकार हरि उर्फ सूरजपाल लखनऊ स्थित सचिवालय (जनपथ) में न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए और अपना बयान दर्ज करवाया। इस दौरान कथित बाबा के सैकड़ों अनुयायी भी सड़कों पर इधर-उधर खड़े नजर आए। जिन्हें संभालने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। लगभग दो घंटे की पेशी के बाद वह निकल गए। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उनके वकील एपी सिंह ने कहा कि हमें राजेश यादव उर्फ फौजी पर षडयंत्र रचने का शक है। हमें राज्य सरकार और न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है।

अपने अनुयायियों के बीच भोले बाबा के नाम से प्रसिद्घ नारायण हरि गुरुवार को भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के साथ उन्हीं की सफेद रंग की फॉर्च्यूनर गाड़ी से न्यायिक आयोग पहुंचे।

## एक नजर

### नेम प्लेट से पता चलेगी ई-रिक्शा चालक की कुंडली

हरदोई, अमृत विचार। अब शहर के सभी ई-रिक्शा में यातायात विभाग द्वारा नेमप्लेट लगाई जा रही है। इस नेम प्लेट में रिक्शा चालकों की सभी जानकारियां लिखी होती है। एसपी नीरज कुमार जादौन ने लोगों की सुरक्षा के लिए यह कदम उठाया है। करीब एक हफ्ते से यह कार्य कराया जा रहा है। अब तक करीब 700 से ऊपर ऑटो व ई-रिक्शा में नेम प्लेट लगाई जा चुकी है। इस नेमप्लेट से शहर के ऑटो व ई-रिक्शा चालकों की कुंडली उसपर बैठी सवारियां जान सकेंगी। जिससे भविष्य में किसी तरह की कोई घटना होने पर उस ऑटो चालक की पहचान आसानी से कर पाएंगे।

### सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत, बेटा घायल

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा तिराहे पर बेटे के साथ बाइक से दवा लेने आ रही बुजुर्ग महिला सड़क हादसे का शिकार हो गई। पाली थाना क्षेत्र के ग्राम कुरसेली निवासी अखिलेश कुमार शुक्ला अपनी मां नारायणती (90) को दवा दिलाने बाइक से शाहाबाद ला रहे थे। गुरुवार को दोपहर जैसे ही खेड़ा तिराहे पर पहुंचे एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा चालक ने टकरा गया, जिससे बाइक पर सवार मां बेटे घायल हो गए। हादसे में महिला की मौत हो गई।

### पुलिया पर बैठा युवक तालाब में गिरा, डूब कर मौत

हरदोई, अमृत विचार। युवक तालाब के किनारे बनी पुलिया पर बैठा था, उसी बीच वह तालाब में गिर गया। इसका पता होते ही कई लोग युवक को बचाने के लिए तालाब में कूद पड़े, लेकिन उसे बचा नहीं सके। काफी देर बाद उसका शव बाहर निकाला गया। सुरसा थाने के सहिमापुर मजरा ज्यूरा निवासी 42 वर्षीय रामध्यासे अपने भाइयों में बड़ा था। वह खेती-बाड़ी करता था। परिवार में पत्नी रीता के अलावा बेटे नितिन व आर्यन और दो बेटियां है। उसके पिता रघुनंदन की पहले ही मौत हो चुकी थी। रामध्यासे के छोटे भाई जितेन्द्र ने बताया कि गुरुवार की सुबह वह गांव के बाहर बनी तालाब की पुलिया पर बैठा हुआ था, तभी अचानक पुलिया से तालाब में गिर गया। पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई।

# नशेड़ी बेटे ने पिता की ईंट से कुचल कर की हत्या

## नशे की हालत में घर पहुंचने पर लगाई थी फटकार, मां की तहरीर पर दर्ज किया मुकदमा

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। शहर में उस वक्त सनसनी फैल गई जब पता चला कि एक बेटे ने अपने अधेड़ पिता की ईंट से कुचल कर हत्या कर दी और फरार हो गया। दरअसल बात बस इतनी थी कि नशेड़ी बेटा नशे की हालत में घर पहुंचा, जिस पर उसके अधेड़ बाप ने फटकार लगा दी। बस उसी बात से बेटा का खून ने ऐसा उबाल मारा कि उसने अपने ही खून का खून कर दिया। अधेड़ की पत्नी ने अपने हत्यारोपी बेटे के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस फरार हुए हत्यारोपी की तलाश कर रही है।



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

कोतवाली शहर के भट्टापुरवा निवासी 52 वर्षीय सुनील गुप्ता पुत्र जैजैराम रोडवेज़ बस अड्डे के सामने पूड़ी-सब्ज़ी का ठेला लगाता था, उसके तीन बेटे संदीप गुप्ता, कुलदीप गुप्ता और हर्षित गुप्ता के अलावा एक बेटी है। जैसा कि बताया गया है कि बुधवार की रात को सुनील घर पहुंच गया था, ठेला बड़ा बेटा संदीप संभाल रहा था। घर में सुनील के अलावा उसकी पत्नी किरन और हर्षित था, उसी बीच कुलदीप नशे की हालत में पहुंच गया, सुनील उसे ऐसी हालत में देख कर गुस्सा करते हुए फटकारने लगा, किसी को कुछ पता नहीं चला और उन दोनों में हाथापाई होने लगी। उसी बीच कुलदीप ने ईंट उठाई और अपने बाप के सिर पर दे मारी, जिससे वह लहूलुहान हो कर वहीं गिर पड़ा। घर वाले शोर सुन कर दौड़े, तभी कुलदीप भाग निकला। शोर सुन कर सुनील के पड़ोसी दौड़े और उसे सीधे मेडिकल कालेज पहुंचाया, लेकिन उसी बीच अधेड़ सुनील की मौत हो गई। इसका पता होते ही एसएचओ कोतवाली शहर नारायण कुशवाहा अपनी टीम के साथ पहुंचे, वहीं एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार और सीओ सिटी अंकित मिश्रा भी पहुंच गए। सनसनीखेज़ वारदात की गहराई से छानबीन की जा रही है। पुलिस ने सुनील की पत्नी किरन की तहरीर पर कुलदीप के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है।

### देवर की बरात जाने से एक दिन पहले भाभी ने लगाई फांसी, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

हरदोई, अमृत विचार। देवर की बरात जाने से एक दिन पहले भाभी का शव फंदे से लटका मिला। जिससे घर का आंगन खुशियों के बजाय चीख पुकार से गूंज उठा। बेनीगंज कोतवाली के संदाना निवासी अंकुल की पत्नी नीलम (22) ने बुधवार की रात घर में दुपट्टे से फांसी लगा ली। बताया गया है कि शुक्रवार को अंकुल के छोटे भाई आकाश की बरात बेनीगंज कोतवाली के ही शाहपुर जानी थी। सारे घर वाले शादी की तैयारियों में जुटे हुए थे। नीलम भी उसमें शामिल थी, लेकिन उसी बीच उसकी मौत की खबर से कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच की जा रही है। नीलम की शादी डेढ़ साल पहले हुई थी। उसका मायका लखीमपुर खीरी जिले के अभयपुर में बताया गया है। उसके पिता तुलाराम का आरोप है कि दहेज़ में बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने उसकी पुत्री की हत्या कर शव फांसी पर लटका दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# धर्म परिवर्तन का प्रयास व देवी देवताओं पर टिप्पणी

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत धर्म परिवर्तन का प्रयास करने और बिना अनुमति ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार करने के आरोप में तहरीर मिलने पर चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज**

बिलग्राम नगर के मोहल्ला मलकंठ निवासी अजय कुमार ने पुलिस को बताया की वहां वह बुधवार को 11 बजे दिन में कबीरन पुरवा गांव में गया था जहां चंद्रशेखर निवासी कबीरन पुरवा के मकान में विमलेश निवासी झाला पूर्व थाना बिलग्राम, विजय निवासी फरीदापुर थाना सुरसा, संतराम उर्फ गुड्डू निवासी शंकर बक्स का पुरवा शहर कोतवाली हरदोई इनके अलावा चंद्रशेखर के मकान में काफी लोग बैठे थे जो ईसाई धर्म का प्रचार प्रचार कर हिंदू धर्म विरोधी बातें कर रहे थे वहां पता चला की कुछ लोग धर्म परिवर्तन करने का प्रयास कर रहे हैं। उक्त तहरीर के आधार पर कोतवाल उमाकांत दीपक ने बताया की सूचना मिलने पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराते हुए उन्हें हिरासत में लिया गया है।

### आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्ति जनक टिप्पणी करने को लेकर एक युवक के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की। चौकी इंचार्ज संजय राय ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि मटियामऊ निवासी आरिफ पुत्र बादशाह ने अपने फेसबुक एकाउन्ट से धार्मिक भावना आहत करने का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर चालान कर कार्यवाही की।

# एम्बुलेंस कर्मियों ने मांगा न्याय

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जीवन दायिनी स्वास्थ्य विभाग 108,102-एंबुलेंस कर्मचारी संघ के पदाधिकारीयों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर स्वास्थ्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी को सौंपा।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते एंबुलेंस कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

ज्ञापन में कहा कि एंबुलेंस कर्मचारियों की समस्याएं काफी समय से लंबित हैं। जो कोरोना योद्धा कहलाए और प्रधानमंत्री ने उन्हे देवदूत की संज्ञा दी। हजारों कर्मचारी सरकार व गैर सरकारी संस्थाओं के द्वारा सम्मानित किए गए। आज वही 9000 कर्मचारी अपने हक के लिए एक सप्ताह पहले इटावा से पैदल चलकर न्याय यात्रा लेकर लखनऊ स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर पहुंचे। दो दिन मुलाकात में लगे। स्वास्थ्य मंत्री ने एक सप्ताह का आश्वासन दिया। एक सप्ताह पूरा होने के बाद अभी भी कोई कर्मचारी हित में निर्णय नहीं हुआ है। जिससे यह फैसला किया गया अब एक सप्ताह के अंदर कर्मचारियों की समस्या का समाधान अगर नहीं हुआ तो कर्मचारी स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे। इस मौके पर प्रदेश सचिव सलिल अवस्थी, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रचित पाल, सुशील मौर्या, पवन कुशवाहा एवं जिलाध्यक्ष कन्नौज के प्रेमचंद्र यादव, जिलाध्यक्ष मैनपुरी विजय यादव, शशि कपूर, नरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

### खेत में किसान की सांप के काटने से हुई मौत

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। खेत पर धान की फसल में पानी लगा रहे किसान को सर्प ने काट लिया, किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को तेजीपुर गांव निवासी 55 वर्षीय राम सागर भूरे अपने खेत में धान की फसल में पानी लगाने गए थे। इसी दौरान जहरीले सर्प ने पैर में काट लिया। रामसागर ने सर्प काटने के बाद पैर में कपड़ा बांध लिया और घर पहुंचे। परिजन उन्हें लेकर सीएचसी मल्लावां पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके दो पुत्र व दो पुत्री हैं। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

# शव रखकर सड़क जाम करने पर 96 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, हरदोई/कछौना

**सख्ती**

- अस्पताल में युवक की मौत के बाद संचालक पर इलाज में लापरवाही व मारपीट का था आरोप

अमृत विचार। नर्सिंग होम में युवक की मौत के बाद इलाज में लापरवाही और रेफर करने की बात कहने पर मारपीट का आरोप लगाते हुए परिजनों व ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम करने पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने कानून व्यवस्था बिगाड़ने और सरकारी कार्य में बाधा डालने में 46 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के इस कदम से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

बताते चलें कि कछौना कोतवाली के भानु प्रताप को पेट दर्द की शिकायत पर कछौना के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। उसकी मौत के लिए नर्सिंग होम के संचालक की लापरवाही बताई गई थी, पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसकी रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की बात कही थी। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ और उसके आगले दिन बुधवार की सुबह गुस्साए लोगों ने उसका शव कछौना-गौसगंज रोड पर रख कर चक्का जाम कर दिया। इसका पता होते ही वहां कई थानों कई पुलिस बुलानी पड़ी और सीओ बघौली अवधेश पाण्डेय भी वहां पहुंचे, उन्होनें हंगामा कर रहे लोगों को भरोसा दिलाया था कि जांच की जा रही, कड़ी कारवाई की जाएगी। इस तरह से हंगामा होने पर पुलिस ने माना कि इससे कानून व्यवस्था बिगड़ी और सरकारी कार्य में बाधा पड़ी। उसी के चलते पुलिस ने 46 नामज़द व 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस सारे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# स्टेशन पर क्यूआर कोड से कर सकेंगे लेन-देन

संवाददाता, हरदोई



अमृत विचार। रेलवे स्टेशन पर लगातार मंडल की ओर से सुविधा प्रदान की जा रही है। यात्री सुविधा को देखते हुए लगातार रेल प्रशासन कार्य भी कर रहा है। रेल प्रशासन द्वारा हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहले अनारक्षित टिकट के लिए क्यूआर कोड जारी किया गया था। यात्रियों को अब नगद रुपए लेन देने और छुट्टे रुपए के लेन-देन को समाप्त करने के लिए बार कोड जारी कर दिया गया।यात्री मोबाइल फोन से क्यूआर कोड स्कैन कर अनारक्षित टिकट ले सकते थे। रेल प्रशासन की इस सुविधा से टिकट काउंटर पर यात्रियों और रेल कर्मियों के बीच होने वाली नोक झोंक भी काफी हद तक समाप्त हो गई है साथ ही रेल कर्मियों और यात्रियों को काफी राहत भी मिली है। तेजी से भारत में ऑनलाइन पेमेंट का चलन बढ़ रहा है उसको देखते हुए रेल प्रशासन भी लगातार यात्री सुविधाओं को अपडेट करने में लगा हुआ है। मुरादाबाद मंडल के हरदोई रेलवे स्टेशन पर अब अनारक्षित टिकट के बाद आरक्षित टिकट में भी रेल प्रशासन की ओर से क्यूआर कोड जारी कर दिया गया है। क्यूआर कोड जारी होने के बाद रेल यात्रियों को अब आरक्षण में भी काफी सुविधा मिलेगी।

### रेल अधिकारियों ने किया खान-पान यूनिट का निरीक्षण, वेंडरों को किया जागरूक

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है।इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम और आयोजन रेल कर्मियों द्वारा किए जा रहे हैं। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान यात्रियों की सेहत को ध्यान में रखते हुए हरदोई रेलवे स्टेशन पर संचालित होने वाली खान-पान सेवा यूनिट का रेल अधिकारियों ने गहनता से निरीक्षण किया और साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश यूनिट संचालक को दिए। रेल अधिकारियों ने खानपान यूनिट पर कार्य करने वाले वेंडरो को भी स्वच्छता को लेकर जागरूक किया और स्वच्छता किस तरह से रखी जा सकती है उसको लेकर निर्देशित किया। रेल अधिकारियों ने यूनिट संचालक और वेंडरो को खाद्य वस्तुओं की एक्सपायरी समय-समय पर चेक करते रहने और रेल यात्रियों को खाद्य वस्तु देने से पहले उसके एक्सपायरी चेक करने के निर्देश दिए।

# घर से लापता युवक का शव माइनर में उतराता हुआ मिला

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। खेत की निगरानी करने पहुंचा युवक वहीं से लापता हो गया। गुरुवार को दूसरे दिन उसका शव वहीं पास से निकले माइनर में उतराता मिला।

अरवल थाने के खुर्रम पुरवा निवासी 35 वर्षीय जसवीर पुत्र बेदराम अपने दो भाइयों मे बड़ा था और खेती-किसानी कर पत्नी रिंकी, बेटे शिवांशु, शिवम् और बेटी सोनम और राखी के साथ गुज़र-बसर करता था। छोटे भाई राजवीर ने बताया कि बुधवार को वह खेत पर फसल की निगरानी करने गया था, वहीं से लापता हो गया। तभी से उसकी तलाश की जा रही थी।गांव के अलावा नाते-रिश्तेदारों के घरों में भी तलाश किया गया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। उसी दौरान गुरुवार को भी उसे तलाशा जा रहा था, उसी बीच देखा गया कि गांव के बगल से निकले माइनर में लगभग 300 मीटर की दूरी पर कोई शव उतरा रहा है। शव देख कर उसकी पहचान जसवीर के रूप में हुई। उसका शव देखे जाने का पता चलते ही घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## सार-संक्षेप

### बालिका से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

शाहाबाद, हरदोई। बालिका से दुष्कर्म करने के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करने के बाद गिरफ्तार कर लिया और डाक्टरी परीक्षण के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 12 वर्षीय पुत्री के साथ पड़ोस के युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। आरोप यह भी है कि युवक ने दुष्कर्म का वीडियो भी बनाया। बुधवार शाम बड़ी संख्या में पीड़ित पक्ष के लोग क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा ने पीड़ित बालिका के बयान भी दर्ज किये हैं। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले पिता ने पड़ोस के रहने वाले शोभित पर आरोप लगाया है कि वह मोबाइल पर उसकी 12 वर्षीय पुत्री से बात करता था। 19 सितंबर की रात शोभित ने उसकी पुत्री को फोन कर अपने घर बुलाया और दुष्कर्म किया। पीड़ित पिता के अनुसार उसने लोक लाज के डर से यह बात किसी को नहीं बताई। शोभित के घर पर उलाहना दिया तो उसके घर वालों ने माफी मांग ली। आरोप है कि अब शोभित, उसका चाचा संदीप और पिता प्रमोद उसकी हंसी उड़ाते हैं। शोभित उसकी पुत्री को स्कूल जाते समय वीडियो वायरल करने की धमकी देता है। पुलिस ने देर रात आरोपी शोभित के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर गुरुवार को उसे जेल भेज दिया गया।

### युवक ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर की आत्महत्या

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। 18 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कोतवाली क्षेत्र के रामपुर हृदय गांव के रहने वाले रामनरेश का 18 वर्षीय पुत्र अमित कुमार अविवाहित था, और घर में पिता और पुत्र ही रहते थे। दो बड़े भाई बाहर मजदूरी करते हैं। बुधवार की रात्रि अमित कुमार तकरीबन 10 बजे अपने कमरे में जाकर सो गया। उसके पिता सुबह उठकर खेत पर चले गए। खेत से तकरीबन 9 बजे जब वापस आए तो देखा कि अमित सोकर नहीं उठा है। कमरे में झांक कर देखा तो अमित छत के कुंडे से लटका हुआ था। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। हल्का इंचार्ज अनिल कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता ने बताया मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और उसका विवाह भी नहीं हुआ था। उसकी मां का कई वर्ष पूर्व देहांत हो चुका है। पुलिस ने गुरुवार को तकरीबन 11 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### घर में सेंध लगाकर लाखों के जेवर चोरी

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेखवापुर मजरा फरेदा मे बीतीरात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए सेंध लगाकर घर के अंदर घुसे और लाखो के ज़ेवर चोरी कर फरार हो गए। गांव निवासी गुड्डी पत्नी बाबू ने बताया मंगलवार की रात करीब 9 बजे खाना खाने के बाद घर के बाहर पड़े छप्पर के नीचे सो गए सुबह करीब 5 बजे शौच के लिए खेतो की ओर गए मकान के पीछे दीवार मे सेंध लगी दिखाई दी अंदर आकर कमरे का ताला खोला तो देखा कमरे का सामान बिखरा पड़ा है और अलमारी का भी ताला टूटा मिला। जिसमे बहु संगीता के सोने व चांदी के ज़ेवर चोरी हो गए। महिला ने बताया कि उसके बेटे अजय की सात माह पहले शादी हुई थी, वह पत्नी के साथ लुधियाना में रहता है। इसीलिए बहू के जेवर घर पर रखे थे। कोतवाल राकेश कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

### दहेज हत्या में पति और सास गिरफ्तार

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी सास और पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ककरघटा में 5 जुलाई को हुई विवाहिता की मौत के बाद भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित सात लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। बुधवार को पति और सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जनपद के कोतवाली शाहाबाद क्षेत्र के ग्राम ककरघटा निवासी सौरभ गुप्ता की पत्नी वंदना गुप्ता का शव शादी के सात माह बाद ही कमरे में फंदे से लटकता मिला था। मृतका के भाई राजेश गुप्ता ने बहन की दहेज की मांग को लेकर हत्या करने की तहरीर दी थी। कोतवाली पुलिस ने 9 जुलाई को पति सहित सात लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। बुधवार को पति सौरभ और सास सुशीला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### भारतीय किसान यूनियन ने सौपा ज्ञापन

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन सम्राट अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को क्षेत्र के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए एसडीएम दीक्षा जोशी को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें पाली-शाहाबाद रोड आगमपुर के पास टूटी हुई पुलिया का निर्माण, सेड़ा परगना आलमनगर में चकबंदी रोकवाने, विकासखंड टोडरपुर के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को पोषाहार वितरण में मनमानी की जांच कराकर कार्रवाई किए जाने, ग्राम चठिया संपर्क मार्ग आरबी पब्लिक इंटर कॉलेज तक 250 मीटर इंटरलॉकिंग कार्य कराने की मांग की गई है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राम प्रकाश मौर्य, जिला उपाध्यक्ष लकी सिंह, जिला अध्यक्ष अनुराग कुशवाहा, ब्लॉक अध्यक्ष हरिराम, जिला प्रभारी प्रदीप मिश्रा सहित किसान मौजूद रहे।

# कॉलेज गया 8वीं का छात्र लापता

संवाददाता, हरदोई/हरियावां

**गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज**

- कॉलेज का रजिस्टर व सीसीटीवी के फुटेज लेकर जांच में जुटी पुलिस

हरदोई। इण्टर कालेज का छात्र घर से स्कूल के लिए निकला और लापता हो गया। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि छात्र स्कूल में गैरहाज़िर था, जबकि जब उसके साथ पढ़ने वाले छात्रों ने कहा कि उसने उनके साथ लंच किया था। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर स्कूल के रजिस्टर और वहां लगे सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि छात्र की तलाश के लिए कई टीमों को लगाया गया है।

हरियावां थाने के उमरसेड़ा गांव निवासी उमाशंकर शर्मा का 11 वर्षीय पुत्र जतिन शर्मा पिहानी के एक इण्टर कालेज में 8वीं का छात्र है। जतिन बुधवार की सुबह घर से स्कूल के लिए निकला, लेकिन छुट्टी होने के काफी देर बाद भी घर नहीं पहुंचा। खोजते हुए पिता उमाशंकर स्कूल पहुंचे और बेटे के बारे में पूछताछ की। वहां के प्रबंधन की तरफ से बताया गया कि बुधवार को जतिन गैर हाज़िर था। उस पर उमाशंकर ने वहां लगे सीसीटीवी दिखाने को कहा तो उन्हे बताया गया कि कैमरे खराब हैं। जतिन के साथ पढ़ने वाले छात्रों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उसने साथ-साथ लंच किया था। छात्र के लापता होने से परिजन परेशान हैं। एसएचओ हरियावां दिनेश कुमार यादव ने बताया कि छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। स्कूल के रजिस्टर और वहां के सीसीटीवी खंगाले जा रहें हैं।



**याद किए गए मुलायम सिंह यादव**

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रक्षा मंत्री भारत सरकार मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि पर जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में सपा के कार्यकर्ताओं पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। जिलाध्यक्ष शराफत अली ने कहा कि मुलायम सिंह ने सभी जाति वर्गों के लिए समान रूप से कार्य किया। हमेशा वह गरीबों व किसानों की समस्याओं के लिए संघर्ष करते रहे।

# जगह-जगह गड्ढे व कीचड़ से गुजरने को विवश ग्रामीण

संवाददाता, टोंडरपुर, हरदोई

अमृत विचार। मझिला थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बहेड़ा रसूलपुर मजरा रसूलपुर में गड्ढे युक्त गांव की सड़कों को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश छाया हुआ है, थोड़ी सी बारिश होते ही गांव कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे आए दिन कई मुसीबतो का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से गांव की सड़कें व गलियों में कीचड़ व जलभराव हो जाता है, जिसकी वजह से लोगों को आवागमन में समस्या बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है,कि इस गांव में कई वर्षों से सड़क वा नाली निर्माण कार्य नहीं कराया गया है इसलिए यह समस्या बनी हुई है गांव की गलियां नरक बन चुकी है। वाहनों का निकलना मुश्किल हो रहा है, जिससे ग्रामीण को काफी समस्या बनी हुई है।



ग्राम पंचायत बहेड़ा रसूलपुर मजरा रसूलपुर गांव का गड्ढा व कीचड़युक्त मुख्य मार्ग। अमृत विचार

**बोले ग्रामीण**



गांव निवासी रामनाथ पाल ने बताया हमारा गांव नरक बन चुका है। टूटी सड़कों व टूटी नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने से जल भराव हो जाता है, जिससे होकर गुजरना पड़ रहा है। मच्छरों के पनपने से अनेक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।



सुरेंद्र कुमार पाल का कहना है कि हमारे गांव में कोई विकास कार्य नहीं कराया गया है, जिससे यह स्थिति सुधर सके उच्च अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं ,जिसको लेकर आसपास के ग्रामीण लोग काफी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि अगर जिम्मेदारों द्वारा सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं हुआ तो इसका नतीजा आगामी चुनाव में देखने को मिल सकता हैं, क्योंकि इस रोड से गुजरने वाले राहगीर व वाहन चालक सभी सरकार को कोसते हुए गुजरते हैं।

### प्रा. शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बने अक्षत

हरदोई, अमृत विचार। प्राथमिक शिक्षक संघ की एक बैठक शिक्षक भवन में आयोजित की गई। जिसमें जनपद उपाध्यक्ष अक्षत पांडेय को जिलाध्यक्ष बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अक्षत पांडेय ने कहा कि वह शिक्षकों के मान सम्मान में कोई कमी नहीं आने देंगे, इसके लिए हम हर संघर्ष करने के लिए तैयार हैं। बैठक में तहसील प्रभारी नीरज अवस्थी, राजकुमार मिश्रा, जितेंद्र नारायण अवस्थी, संजीव कुमार, विवेक पटेल दल, संदीप पटेल, देवेंद्र बाजपेयी, विवेक कुमार सिंह राधेश्याम सिंह, आलोक कुमार सहित भारी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। सभी ने अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

नवम सिद्धिदात्री




मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र- ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः।

# स्कूलों में हुए डांडिया उत्सव, बच्चों ने मचाया धमाल

## रंग-बिरंगे परिधानों में बालक-बालिकाओं ने मोहा मन

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के आठवें दिन स्कूलों में डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। नगर के स्ट्रांग रूट्स स्कूल में डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने डांडिया नृत्य कर उत्सव को सफल बनाया। कार्यक्रम में बच्चों ने डांडिया और गरबे की मुद्राओं में ख़ुद को खो दिया, उनके रंग बिरंगे परिधान और उत्साह ने सभी का मन मोहित किया।

स्कूल की डायरेक्टर निकिता श्रीवास्तव ने बताया कि डांडिया उत्सव हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इस तरह के आयोजन से बच्चों को अपनी संस्कृति के बारे में सीखने में मदद मिलती है और बच्चों में एक नई ऊर्जा का संचार होता है, स्कूल के मैनेजर अमित श्रीवास्तव ने बताया कि स्ट्रांग रूट्स स्कूल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ साथ उनका सर्वांगीण विकास करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में राखी त्रिपाठी, सदफ़ ख़ान, शिवांगी त्रिवेदी, ऐमन, इरम, श्वेता सिंह, मोनिका मिश्रा, सना, शिवानी बाजपेयी, सौम्या, प्रिया, निगहत, शिवांगिनी, खलील ख़ान सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।



स्ट्रांग रूट्स स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डांडिया नृत्य करते बच्चे।

### सरकार ने की नवमी की छुट्टी, आज बंद रहेंगे स्कूल

**हरदोई, अमृत विचार।** सरकार ने शुक्रवार को शारदीय नवरात्र की नवमी पर बेसिक शिक्षा परिषद के सारे स्कूलों में छुट्टी घोषित की है। शुक्रवार को परिषदीय और मान्यता प्राप्त स्कूलों में छुट्टी रहेगी। शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रताप सिंह बघेल ने जारी आदेश में प्रदेश के बीएसए को आदेशित किया है कि इसका कड़ाई से पालन किया जाए।



डांडिया स्टिक व सूप सज्जा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। अमृत विचार

### डांडिया स्टिक व सूप सज्जा प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** दशम श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा पर गुरुवार को बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल में विभिन्न विद्यालयों एवं बाल विद्या भवन स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा डांडिया स्टिक सज्जा तथा सूप सज्जा प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। जिसमें छात्रों ने अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया। डांडिया स्टिक सज्जा प्रतियोगिता के अंतर्गत 40 प्रतिभागियों में से प्रथम अपूर्वा पाण्डेय, द्वितीय स्थान अनिका गुप्ता, तृतीय स्थान प्राची भारती, चतुर्थ स्थान परी दीक्षित ने अर्जित किया। जिसके प्रभारी के रूप में रूचि मिश्रा, वंदना पाण्डेय तथा निर्णायक की भूमिका का निर्वहन शशांक गुप्ता व स्वाति कालरा के द्वारा किया गया। सूप सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इशिका श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान नव्या, तृतीय स्थान प्रतिष्ठा पाण्डेय ने प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका में आभा पाठक व अजीत शुक्ल रहे। जिसके इंचार्ज हनी पाण्डेय व अनामिका सिंह रही। प्रतियोगिता के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या कनुप्रिया सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के एकाडमी हेड अश्वनी दीक्षित भी उपस्थिति रहे।



फूलमती मंदिर में पूजन करतीं युवतियां। अमृत विचार

### आठवें दिन महागौरी की हुई पूजा

**हरदोई, अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के आठवें दिन घरों से लेकर मंदिरों तक देवी माता की पूजा-अर्चना की। मंत्र उच्चारण के बीच जयकारे लगाए और महाआरती हुई। साधकों ने कन्या भोज करा कर सुख-समृद्धि की कामना की। गुरुवार को अष्टमी के मौके पर भक्तों ने घरों में स्थापित देवी माता का पूजन किया। देवी दुर्गा की सप्तम स्वरूप देवी माता कालरात्र और अष्टम स्वरूप देवी माता महागौरी की पूजा अर्चना की। आरती का गुणगान किया और माता रानी के श्री चरणों में शीश नवाया। इसके बाद भक्तों ने देवी माता के मंदिरों में जाकर एक बार फिर से पूजा अर्चना की। शुक्रवार को अष्टमी और नवमी दोनों का उपवास रखा जाएगा और इस दिन आहुतियां डालकर विश्व कल्याण की कामना की जाएगी। कन्या भोज करा कर व्रत को परायण दिया जाएगा।

### पंडाल में कालरात्रि की हुई पूजा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** श्री नवदुर्गा पूजन पंडाल में सप्तम दिवस मां कालरात्रि के स्वरूप का पूजन अर्चन पूर्ण विधि विधान से आचार्यों द्वारा किया गया। दुर्गा पूजा के सप्तम दिवस मां कालरात्रि की पूजा का विधान है। अभ्यांश जागरण ग्रुप ने भक्ति गीतों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में सुरेश चंद मिश्रा द्वारा समस्त कलाकारों व दर्शकों का आभार व धन्यवाद प्रकट किया गया। कार्यक्रम में महेंद्र राणा, सुरेंद्र प्रकाश पांडे, रत्नेश मिश्रा, रघुनाथ प्रसाद रस्तोगी, रमाकांत मौर्य, दीपक रस्तोगी अभय गुप्ता दीपू अवस्थी, अमित मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में माता रानी के भक्त उपस्थित रहे।

## एक नजर

### महायज्ञ में शामिल हुए मंत्री

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** बाबा नीम करोली संत सेवा आश्रम ट्रस्ट श्री इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर रानीखेड़ा आश्रम में संत कर्मयोगी बच्चा बाबा द्वारा कराए जा रहे 24 वां शतचंडी महायज्ञ में गुरुवार को स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री होमगार्ड विभाग एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति शामिल हुए। उन्होंने कहा होमगार्ड जवानों के लिए प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। दैनिक भत्ता बढ़ा है। ड्रेस का पैसा सीधे जवानों के खाते में जा रहा है। होमगार्ड के जवानों के खाली पदों के लिए नियमावली बनाई जा रही है। जल्दी ही खाली पद भरे जाएंगे। इस मौके पर क्षेत्रीय भाजपा विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने शतचंडी महायज्ञ में आहुतियां दी तथा बच्चा बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### प्रवचन व संत सम्मेलन का आयोजन 13 से

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** शांती सत्संग मंच श्यामपुर के तत्वावधान में 51 वें वर्ष का प्रवचन एवं संत सम्मेलन का आयोजन 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक संपन्न होगा जिसमें जगतगुरु शंकराचार्य सहित विश्व विख्यात कई संत एवं विद्वान ज्ञान की गंगा बहाएंगे। शांति सत्संग मंच के आयोजक सुरेश चंद्र गुप्त ने बताया कि ब्रह्मलीन माता श्रीमती शान्ती गुप्ता एवं पिता चौधरी रामभरोसे गुप्ता द्वारा संस्थापित इस मंच से 50 वर्षों से सत्संग का आयोजन अनवरत होता आ रहा है।



माधौगंज स्थित एलपीएस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डांडिया नृत्य करतीं बालिकाएं। अमृत विचार

### एलपीएस में बच्चों ने किया डांडिया नृत्य व जलाया रावण का पुतला

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के एलपीएस में स्कूली बच्चों ने कला मंच के जरिए अभिनय कर लोगों को आकर्षित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य ने किया। जिसके बाद बच्चों ने मर्यादा श्रीराम सहित सीता, लक्ष्मण, हनुमान सहित वानर सेना का बेहतरीन मंचन कर रावण का पुतला दहन किया। डांडियां नृत्य, घूमर सहित बाल नृत्य कर बच्चों का अभिनय देखने लायक रहा। छात्र-छात्राओं ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। तीस फिट ऊंचा रावण का पुतला दहन कर जय श्री राम के जयकारे लगाए। बच्चों की कलाकारी देखकर मौजूद अभिभावक व शिक्षक गदगद दिखाई पड़े। प्रधानाचार्य केके शर्मा ने बताया कि छुट्टी से पूर्व छात्र-छात्राओं ने दशहरा पर्व धूमधाम के साथ मनाया है। बच्चों द्वारा बनाई गए छोटे-छोटे रावण के पुतले व देवी देवताओं की प्रतिमाएं ने लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर अभिभावक, स्कूल के शिक्षक व स्टॉफ मौजूद रहा।

# रामलीला व डांडिया नृत्य का हुआ आयोजन

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** जेके पब्लिक स्कूल में आज एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने रामलीला और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। विद्यालय के प्रांगण में हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक और अभिभावक भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। जिसे जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद प्रसाद, अविनाश मिश्रा निदेशक समता अवस्थी अनुराधा मिश्रा और प्रमोद दुबे ध्रुव अवस्थी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं और अभिभावक भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि बालमुकुंद प्रसाद ने कहा ऐसे कार्यक्रम बच्चों में न केवल सांस्कृतिक मूल्य जागृत करते हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को इस आयोजन के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों की प्रतिभा की प्रशंसा की। रामलीला का आयोजन प्रवक्ता प्रीति सिंह के निर्देशन में किया गया, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान राम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को जीवंत किया। बाल राम की भूमिका आयांश सिंह ने निभाई, जबकि युवा अवस्था में राम का किरदार हर्षित अग्रवाल ने किया। राजा राम की भूमिका युवराज सिंह ने निभाई।



जेके पब्लिक स्कूल में रावण के पुतले का दहन करते छात्र। अमृत विचार

### डांडिया के परिधानों में बच्चों ने किया मनमोहक नृत्य

रामलीला के बाद डांडिया कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसका संयोजन शिक्षिका डॉली बाजपेई ने किया। बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें तेजस्वी सिंह, ऋषिता गुप्ता, रिया कश्यप, सनाया गुप्ता और अन्य कई बच्चों ने भाग लिया। नृत्य की लय और ताल पर बच्चों की सामूहिक प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# भरत चित्रकूट गमन, सीता हरण लीला का किया मंचन

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** श्री बाल रामलीला नाट्य कला मंदिर, चौक के तत्वावधान में सुविख्यात श्री राधारानी रामलीला व रासलीला मण्डल बृजधाम महरौली वृंदावन, मथुरा द्वारा रामलीला मंचन के अष्टम दिवस भरत चित्रकूट गमन, सीता हरण लीला का मार्मिक मंचन किया गया, मंचन देखकर दर्शक भावुक हो गये। मंचन का शुभारंभ कमेटी के संस्थापक राजेश बाबू वर्मा, संयोजक ज्ञानेन्द्र अवस्थी (धीरू), उपाध्यक्ष भोले त्रिवेदी, निरीक्षक राजीव गुप्ता, मंच व्यवस्थापक रमेश सैनी, राहुल श्रीवास्तव द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम लखन के पूजन अर्चन आरती के बाद किया गया। लीला में दर्शया गया कि जब रावण माता सीता का हरण कर लंका की ओर जाता है तो रास्ते में रावण का सामना जटायु से होता है, जिससे रावण को युद्ध करना पड़ता है, अखिर में रावण जटायु को लहुलुहान कर नीचे गिरा देता है और माता सीता को लंका लेकर पहुंच जाता है। जब राम और लक्ष्मण दोनो भाई वापस कुटी पहुंचते ही तो देखते ही सीता कुटी में नहीं है और राम व लक्ष्मण सीता की खोज में वन-वन भटकते व विलाप करते है। जिसे देख दर्शक भावविभोर हो जाते हैं।



सीता का हरण करते समय जटायु पर वार करता रावण। अमृत विचार

**आयोजन**

- श्री बाल रामलीला नाट्य कला मंदिर चौक में मथुरा-वृंदावन के कलाकार कर रहे मंचन

### 60 फिट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** करबा स्थित एबीवीएम पब्लिक स्कूल तपनौर में बच्चों और अध्यापिकाओं ने रावण का पुतला जलाया। संवाददाता मल्लावां के अनुसार दशहरा पर्व पर विशाल काय रावण के पुतले का दहन और संस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन समाजसेवी विशाल जायसवाल द्वारा किया जाएगा। कस्बे के जूनियर हाई स्कूल मैदान में मल्लावां महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर शनिवार को रावण के लगभग 60 फिट ऊंचे पुतला का दहन किया जाएगा। इसके साथ ही आतिबाजों की जबरदस्त आतिशबाजी का नजारा भी देखने को मिलेगा। रावण दहन से पूर्व संस्कृतिक कार्यक्रम में भगवान राम और रावण के बीच युद्ध का भी मंचन कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।



### स्कूल में रावण मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**संवाददाता, संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के टीआरएस कान्वेंट स्कूल में असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक रावण दहन का आयोजन किया गया। स्कूल में छात्रों ने रामलीला का मंचन सहित अन्य कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। छात्रों को संबोधित करते हुए स्कूल की डायरेक्टर डॉ विभा सिंह ने कहा कि जीत हमेशा सत्य की होती है। सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। स्कूल के छात्रों द्वारा रावण मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मोनिका पांडे, शिवांगी अस्थाना, शुभम गुप्ता, गजाला सिद्दीकी, शिप्रा, सुनीता, रीता, श्रेया, रोली, कुनाल गुप्ता सहित शिक्षक मौजूद रहे।

### टीबी मरीजों को पोषण युक्त भोजन के लिए धनराशि बढ़ी

**हरदोई, अमृत विचार।** केंद्र सरकार ने टीबी मरीजों को पोषण युक्त भोजन के लिए दी जाने वाली निक्षय पोषण योजना की राशि में वृद्धि कर दी है। वृद्धि के बाद टीबी मरीजों को निक्षय योजना के तहत एक हजार रुपये हर महीने मिलेंगे। पूर्व में इस मद में पांच सौ रुपये ही मिलते थे। एक नबम्बर से टीबी के नए मरीजो यह धनराशि दी जाएगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक वृद्धि का लाभ मरीजों को नवंबर महीने से मिलेगा।

# चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...सुनकर झूमे भक्त

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कांशीराम कालोनी स्थित श्री शिव खाटू श्याम मंदिर पर श्री कृष्ण जन्म सेवा दल द्वारा प्रथम मां दुर्गा जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें कई स्थानीय कलाकारों ने मां माई का गुणगान किया गया। जिसमें माता रानी के प्रमुख भजन चलो बुलावा आया है, शेर पर सवार होकर आजा मेरी मां, मां मुरादें पूरी कर दे हलवा बाटूंगी, मैं बालक तू माता, प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, ऊंचे पहाड़ो पर बैठी मेरी मां, कितना सुंदर नजारा मेरी महामाई के दरबार का आदि पर भजन गायकों ने उपस्थित जनसमुदाय को झूमने पर मजबूर कर दिया।

वहीं बेनीगंज नगर में आयोजित 14वें दुर्गा नवरात्र महोत्सव के सप्तम दिवस सायंकालीन महाआरती के तत्पश्चात महामायी के जगराते का आयोजन किया गया। जिसमें कानपुर नगर से आए कलाकारों ने विभिन्न भजनों व झांकियों द्वारा समां बांधा। बताते चलें कि दुर्गा नवरात्रि महोत्सव के सप्तम दिवस की रात्रिकालीन बेला में महामाया मातारानी के जगराते के आयोजन में कानपुर नगर से पधारे कलाकारों मन्नू पंडित, पुलकित शर्मा, रुचि किंकर ने भजनों के माध्यम से समां बांधा वहीं जागरण में विशेष आकर्षक का केन्द्र अमन तूफानी की बालाजी की झांकी रही, जिन्होंने सबको अपना दीवाना बना दिया। बालाजी के साथ साथ बीर महाबली हनुमान की भी झांकी दिखाई गई, साथ ही साथ बालाजी ने झांकी के माध्यम से राक्षसों का वध किया।

**कार्यक्रम** — जीआईसी में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

# जनपदीय प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शहर के जीआईसी में डीआईओएस बालमुकुंद प्रसाद के दिशा निर्देशन में जनपद में स्थित माध्यमिक विद्यालयों मे कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों की एक जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित हुई। जिसमें जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने अपने अपने मॉडल का प्रदर्शन किया। इन मॉडलों की सहायता से बच्चों ने अपने दिमाग में विज्ञान के नए-नए प्रयोगों से संबंधित अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम का शुभारम्भ डीआईओएस ने दीप प्रज्जवलित एवं फीता काटकर किया। कहा कि निश्चित रूप से विज्ञान ने हमारे जीवन को अत्यंत सरल बना दिया है। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शित विभिन्न मॉडलों का अवलोकन कर उन्होंने जनपद की वैज्ञानिक प्रतिभाओं का उत्साह वर्धन किया।

जूनियर वर्ग में कक्षा 9 व 10 एवं सीनियर वर्ग में कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थी प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। सीनियर वर्ग में जेके इंटर कॉलेज के दिव्यांशु शुक्ला प्रथम, आर आर इंटर कॉलेज के वरदान सिंह द्वितीय और आईआर इंटर कॉलेज के अक्षत यादव तृतीय स्थान पर रहे। वहीं जूनियर वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज पिहानी की चांदनी प्रथम, आरआर इंटर कॉलेज के माइकल द्वितीय और राजकीय इंटर हाई स्कूल बम्हनाखेड़ा के कृष्णा शुक्ला तीसरे स्थान पर रहे। प्रत्येक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को 4000 रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थी को 3000 रुपए तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थी को 2000 रुपए एवं 500 रुपए के 10 सान्तवना पुरस्कार नगद धनराशि के रूप में विद्यार्थियों को प्रदान किए गए। साथ ही विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। निर्णायक मण्डल में डा. अमलेश यादव, डा. रीनू गिल, आशीष कुमार, अनुला प्रवक्ता, डा. दिलप्रीत और डा.जितेंद्र सिंह चौहान उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल द्वारा प्रदर्शनी में प्रदर्शित मॉडलों का अवलोकन कर अपना निर्णय दिया गया। कार्यक्रम में जनपदीय अनुवीक्षण समिति के रूप में श्याम नारायण यादव, डा.निखिलेश शरण, उमेश चंद, पीतांबर चौरसिया, वृंदा पांडे मौजूद रहे।



बाल वैज्ञानिक के मॉडल देखते अधिकारी। अमृत विचार

### शिविर में 179 ने कराया पंजीकरण

**अतरौली, हरदोई।** जनिगांव के पट्टी चौराहे पर शिव मेडिकल्स द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 179 लोगों ने पंजीकरण कराया। डॉ ज्ञानेंद्र शर्मा, प्रदीप सिंह व सुधाकर राजपूत की टीम ने मरीजों की जांच कर दवाएं दी। कैम्प में शुगर, बीपी, थायराइड व हीमोग्लोबिन की जांच भी निशुल्क की गई। शिवनंदन कटियार ने मरीजों को बताया कि इस समय वायरल फीवर तेजी से फैल रहा है। साफ भोजन-पानी ही ग्रहण करें। छुआछूत से तमाम बीमारियां फैलती हैं। मच्छर व मक्खी से बचाव के लिए कीटनाशक का छिड़काव नालियों व झाड़ियों में कराएं। घर में साफ-सफाई रखें व बासी खाना न खाएं।

यूपीसीडा
मेगा
ई-नीलामी
भूखंड पाने का सुनहरा अवसर
औद्योगिक तथा व्यावसायिक भूखंड

| | |
|---|---|
| 11.10.2024 10:00 AM | समस्त प्रपत्र डाउनलोड करने व पंजीकरण की आरंभ तिथि |
| 17.10.2024 06:00 PM | कैटलॉग फीस, प्रोसेसिंग फीस व ई.एम.डी. भुगतान करने की अंतिम तिथि |
| 18.10.2024 06:00 PM | समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि |
| 25.10.2024 10:00 AM to 01:00 PM | ऑनलाइन ई-नीलामी प्रारंभ |

नोट : पंजीकरण और अन्य विवरणों के लिए कृपया नीलामी पोर्टल- https://eauction.etender.sbi/SBI पर जायें।

व्यावसायिक भूखंड जनपद
बरेली (वेयर हाउस) | जालौन (होटल) | बाराबंकी (ग्रुप हाउसिंग)
प्रयागराज (होटल, मल्टीप्लेक्स व हॉस्पिटल) | मुरादाबाद (पेट्रोल पम्प)
ट्रान्स गंगा सिटी उन्नाव (क्लब, कम्यूनिटी सेन्टर, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, हॉस्पिटल, मल्टी पर्पज हॉल (बारात घर/बैन्क्वेट हॉल), वर्किंग वूमेन हॉस्टल, ऑफिस/बीपीओ, पेट्रोल/सीएनजी फिलिंग स्टेशन, सेक्टर शॉपिंग )

औद्योगिक भूखंड जनपद
अमेठी, अमरोहा, बाँदा, हमीरपुर, मैनपुरी, उन्नाव

पंजीकरण एवं ई-नीलामी प्रक्रिया के संबंध में जानकारी के लिए -
हेल्पलाइन नंबर : 022-22811110 पर (सोमवार से शुक्रवार प्रातः 10:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक प्रथम व तृतीय शनिवार सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक) संपर्क करें

UPSIDA Uttar Pradesh State Industrial Development Authority
उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPSIDA)
यूपीसीडा कॉम्प्लेक्स A1/4 लखनपुर, कानपुर-208024 : ईमेल: eauction@upsida.co.in

## एक नजर

### चोरी के सामान के साथ शातिर गिरफ्तार

**सीतापुर :** क्षेत्राधिकारी सदर संजीव त्यागी ने बताया कि थाना हरगांव पुलिस टीम द्वारा नूरपुर मोड़ से ग्राम देना पोस्ट उमरी निवासी सुरेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से तमंचा–कारतूस, बाइक और चोरी के सोने–चांदी के गहने के अलावा 1500 रुपये नकद बरामद हुए हैं। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि 16 सितंबर को उसने अपने साथी के साथ मिलकर बुजुर्ग महिला से एक कान की बाली व एक मंगलसूत्र छीन लिया था।

### सेंट जेवियर्स और पीएसी की 11 वीं बटालियन के बीच हुई वालीबॉल प्रतियोगिता

**सीतापुर :** बिसवां कस्बे के प्रतिष्ठित सेंट जेवियर्स विद्यालय के छात्रों और पीएसी की 11 वीं बटालियन के जवानों के बीच वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आरएमपी इंटर कॉलेज सीतापुर के प्रांगण में हुआ। सेंट जेवियर्स विद्यालय के बच्चों ने वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. मंजू सिंह सिकरवार ने बताया कि वालीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को प्रतिभा सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान उप प्रधानाचार्य प्रखर शुक्ला, खेल प्रशिक्षक आर्यमन सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### लहरपुर में रामलीला का खाका तैयार

**लहरपुर, सीतापुर :** रामलीला मैदान पर रामलीला के भव्य मंचन को लेकर नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों से वार्ता कर बिजली और सफाई व्यवस्था को लेकर पालिका कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्र की प्रसिद्ध सेतु लीला के लिए तीर्थ स्थल से लेकर रामलीला स्थल का भी निरीक्षण किया और रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों से विचार विमर्श पर समस्त कार्यक्रमों को सुचारू रूप संपन्न कराए जाने के लिए रूपरेखा तय की। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद टंडन, महामंत्री अखिलेंद्र यादव, उमेश मेहरोत्रा, रामानंद अवस्थी, कृष्णकांत मिश्रा, निखिल मल्होत्रा, रामसनेही, शिवसागर मिश्रा, नीरज गौड़, उमंग मेहरोत्रा, समीर राइन मौजूद थे।

# ट्रक की टक्कर से पिता की मौत, पुत्र व बहन गंभीर

## नवीन चौक चौराहे के करीब हुआ हादसा, वाहन चालक फरार

संवाददाता, सीतापुर

▸▸ हरगांव थाना क्षेत्र के पंडितपुरवा शेखपुर गांव का रहने वाला था बाइर सवार

**अमृत विचारः** शहरी क्षेत्र के निकट हाईवे पर एक ट्रक की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि उनकी बहन व पुत्र गंभीर रूप से घायल हुआ। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है।

हरगांव थानाक्षेत्र का पंडितपुरवा शेखपुर गांव वासी 55 वर्षीय ताज मोहम्मद अपनी पुत्री को लेकर शहर आया था। बताते हैं कि निजी अस्पताल में ताज मोहम्मद के साथ परिवार के अन्य लोग भी थे। देर रात ताज मोहम्मद अपने 20 वर्षीय पुत्र शादाब को लेकर रामकोट के लक्ष्मणपुर गांव जा रहा था। परिजनों के मुताबिक, मोटर साइकिल पर पिता-पुत्र बाईपास स्थित नवीन चौक चौराहे पर पहुंचे। यहां डिवाइडर के निकट ताज मोहम्मद की बहन मोजिमा (32) मौजूद थी। बहन को मोटर साइकिल पर बिठाकर ताज मोहम्मद जैसे ही लक्ष्मणपुर की ओर बढ़ा, तभी शाहजहांपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। बाइक सवार ताज मोहम्मद की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा देख लोग दौड़ पड़े। भीड़ बढ़ने पर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। उधर, अफरा-तफरी के बीच गंभीर रूप से घायल शादाब और मोजिमा जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। रामकोट थाना प्रभारी घनश्याम सिंह ने बताया कि ट्रक चालक अपना वाहन छोड़कर फरार हो गया है। ट्रक को कब्जे में लेकर केस दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### लापता युवती का गन्ने के खेत में मिला शव

**सीतापुर :** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में कुटेपा गांव के बाहर चार दिनों से लापता एक युवती का शव गन्ने के खेत में मिला। संदिग्ध हालातों में मिले शव की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार के लोगों से पूछताछ की। परिवार के लोगों ने बताया कि युवती घर से निकलकर लापता हो गई थी। काफी तलाश के बावजूद उसका पता नहीं चला। गन्ने के खेत में मिली लाश को लेकर पीड़ित पक्ष ने अनहोनी की आशंका जताई है। लहरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले में छानबीन शुरू की है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर बना कंट्रोल रूम

**सीतापुर, अमृत विचारः** किसानों की समस्या को अमृत विचार ने गुरुवार को धान क्रय केंद्र नहीं खुलने से बढ़ी परेशानी शीर्षक के साथ प्रकाशित किया। खबर को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने संज्ञान लिया। उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत शासनादेश दिनांक-25.09.2024 द्वारा धान क्रय नीति का निर्धारण किया गया है। मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद के प्रभावी अनुश्रवण एवं शिकायतों के निवारण के लिए कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जाती है। जिसका दूरभाष संख्या- 05862-356031 है। नियंत्रण कक्ष सभी कार्यदिवसों में प्रतिदिन प्रातः 9.00 बजे से सायंकाल 6.00 बजे तक नियमित रूप से कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष में संतोष कुमार, कनिष्ठ सहायक की प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक एवं विजय कुमार, कनिष्ठ सहायक की अपरान्ह 2 बजे से सायं 6 बजे तक की ड्यूटी लगाई गई है।

# ठीक काम न करने वाले कर्मियों पर हो कार्रवाई

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर


बैठक करते नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी। अमृत विचार

▸▸ लहरपुर नगर पालिका बोर्ड बैठक का आयोजन, लिए गए कई निर्णय

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बोर्ड बैठक में अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध कुमार पटेल द्वारा पिछली बोर्ड बैठक को पढ़कर सुनाया गया। इसकी सर्वसम्मत से पुष्टि की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि जो सफाई कर्मचारी ठीक से काम न करे उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाए।

बोर्ड बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सफाई कर्मचारी बढ़ाने एवं सभी सफाई उपकरण ठेलिया, ई रिक्शा, इत्यादि मरम्मत करने की मांग उठी। सदस्य संजीत अवस्थी, आफताब अहमद द्वारा बोर्ड को सूचित किया गया कि पालिका में संविदा सफाई कर्मी के रूप में तैनात सफाई कर्मी अगर सफाई व्यवस्था को बेहतर न कर सकें तो उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाए। पेयजल व्यवस्था को लेकर आफताब अहमद सदस्य द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि सार्वजनिक टंकी जो हर समय बगैर टोटी के चला करती हैं, जिससे पानी का दुरुपयोग होता है उसमें या तो टोटी लगा दी जाए या बंद कर दिया जाए। सदस्य अब्दुल मोबिन द्वारा पुनः प्रस्ताव रखा गया कि वरासत पर टैक्स कम लगाया जाए जिसका समर्थन बोर्ड में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा किया गया। त्योहार के समय नगर में प्रकाश व्यवस्था बेहतर हो सके। इसका समर्थन बोर्ड में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा प्रस्ताव सर्वसम्मत से पास किया गया। अध्यक्ष द्वारा वार्डों में आंगणन तैयार करने के लिए अवर अभियंता को निर्देशित किया गया। अंत में बोर्ड में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया।

### नाला निर्माण में लगा अनियमितता का आरोप

**सकरन, सीतापुर :** नाला निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों द्वारा विभागीय अधिकारियों से शिकायत की है। विकास खंड की ग्राम पंचायत सकरन में शीतला माता मंदिर से देवराज वर्मा के घर तक नाले का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य नियमों से इतर कराया जा रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि नाला निर्माण के दौरान लेविलिंग नहीं करायी गई। ऐसे में नाला चोक भी हो सकता है। शिकायतकर्ताओं में रामचन्द्र यादव, फुरकान, प्रेम, भज्जूलाल सहित अन्य शामिल हैं। खण्ड विकास अधिकारी श्रीश गुप्ता ने बताया कि शिकायत मिली है, मामले की जांच करायी जाएगी।

# चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता सीतापुर


कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और बरामद बाइक। अमृत विचार

▸▸ कोतवाली नगर और सकरन इलाके में हुई धरपकड़

**अमृत विचारः** नगर क्षेत्र से चोरी की बाइक सहित शातिर गिरफ्तार किया गया। सकरन इलाके से टॉप टेन अपराधियों में दो आरोपी पकड़े गए हैं। प्रभावी कार्रवाई के तहत सभी को जेल भेजा गया।

क्षेत्राधिकारी सदर संजीव त्यागी ने बताया कि थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान इमलिया सुल्तानपुर के कौशल यादव को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से चोरी की 1 मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में पता चला कि बरामद बाइक एक सप्ताह पूर्व उसने सरकारी अस्पताल इमलिया सुल्तानपुर सीतापुर से चुराई थी। जिसे उसने मोडिफाई करा लिया था। क्षेत्राधिकारी बिसवां सतीश चंद्र शुक्ला ने बताया कि टॉप -10 अपराधियों में से किशोरीलाल और उसके भाई शिवा निवासीगण ग्राम सरजूपुरवा मजरा पुरवा अचार्य (रिहार) थाना सकरन को नत्थापुरवा मोड़ मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है।

## चेकिंग अभियान के दौरान बिजली कर्मियों से मारपीट, जांच शुरू

**रामकोट, सीतापुर, अमृत विचारः** शहर सीमा से सटे मैनासी सरैंया गांव बिजली चेकिंग के दौरान टीम से अभद्रता की गई। आरोप विद्युतकर्मियों से मारपीट किये जाने का है। फिलहाल रामकोट पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

रामकोट थाना क्षेत्र में भवानीपुर उपकेंद्र है। यहां पर कार्यरत टीजीटू दिनेश और शिवाकांत त्रिपाठी के मुताबिक, वे लोग मैनासी सरैय्या में मीटर चेकिंग करने पहुंचे थे। उनके साथ मीटर रीडर राहुल पाल, संविदा कर्मी शुभम, रोहित मौर्य, अनुज और शहजाद भी थे। गांव पहुंचकर मीटर रीडिंग ली गई तो उपभोक्ता के बिल, कनेक्शन आदि में अनियमितता मिली। ऐसे में उन्होंने कनेक्शन काट दिया। आरोप है कि बातचीत बढ़ने पर राजेंद्र शुक्ला आदि द्वारा विद्युत कर्मियों के साथ मारपीट की गई, फोन छीन लिया गया। बढ़ते विवाद के बीच विद्युतकर्मी रामकोट थाने पहुंचे। यहां अवर अभियंता राशिद खान की ओर से तहरीर दी गई। निरीक्षक घनश्याम सिंह का कहना है कि प्रार्थना पत्र मिला है। आरोपों की जांच की जा रही है।

# बसंतापुर गांव में कागजों में हो गए काम, प्रधान के अधिकार सीज

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

▸▸ दो ग्राम पंचायत अधिकारी और एक ग्राम विकास अधिकारी पर कार्रवाई की संस्तुति

**अमृत विचारः** कागजों पर काम पूरा करके सरकारी धनराशि में बड़े खेल कर डाले। पता चलने पर डीपीआरओ ने ग्राम प्रधान के अधिकारी सीज करते हुए दो ग्राम पचांयत अधिकारी और एक ग्राम विकास अधिकारी पर कार्रवाई की संस्तुति की है। मामला विकास खण्ड क्षेत्र बेहटा के बसंतापुर गांव का है।

जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चन्द्र साहू ने बताया कि विकास खण्ड क्षेत्र बेहटा के बसंतापुर निवासी अमितेश कुमार द्वारा इलाके में कराए गए विकास कार्यों पर सवाल खड़े किये थे। शिकायत मिलने पर जिला उद्यान अधिकारी, सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा स्थलीय जांच हुई तो ग्राम प्रधान का दोष पाया गया। खड़ंचा और स्ट्रीट लाइट में सरकारी धनराशि का दुरुपयोग मिला। ग्राम पंचायत भवन निर्माण में भी घालमेल पाया गया। ऐसे में ग्राम प्रधान बसंतापुर आइशा निशां के वित्तीय अधिकार सीज कर दिए गए हैं। ग्राम पंचायत अधिकारी साजिद अली और नीतिश कुमार के अलावा ग्राम विकास अधिकारी पुतान प्रसाद भार्गव के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

**लाखों रुपये का हो गया हेरफेरः** गांव के खड़ंजे में 23 लाख से अधिक के कार्यों में अनियमितता और गबन मिला। एक लाख के करीब खरीदी गईं स्ट्रीट लाइटों में भी हेरफेर देखने को मिला है।

# सेंध लगाकर नकदी व जेवरात पर हाथ साफ


चोरों के द्वारा दीवार में लगाई गई सेंध।


चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

संवाददाता, इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

**वारदात**

▸▸ पीड़ित पक्ष ने चोरी की सूचना पुलिस को दी

▸▸ पांच हजार रुपये और करीब दो लाख रुपये के जेवरात चोरी

**अमृत विचारः** अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर घर में रखे रुपये और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। चोरी की घटना की सूचना पीड़ित पक्ष ने पुलिस को दे दी है।

थाना कोतवाली देहात की कचनार चौकी क्षेत्र के अंगरासी गांव निवासी सहदेव पुत्र जंगली के घर पर देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया और दीवार काटकर नकदी व जेवरात बटोर ले गए। पीड़ित गृहस्वामी ने बताया कि रात में जब वह कमरे के बाहर छप्पर के नीचे सो रहा था, उसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर के पीछे दीवार में सेंध लगा दी और घर में प्रवेश कर गए तथा कमरे के अंदर रखे बक्से से पांच हजार रुपये और करीब दो लाख के जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़ितों को सुबह की चोरी की वारदात का पता चला। जिसकी लिखित सूचना पीड़ित ने कचनार चौकी पुलिस को दे दी है। वहीं थाना पुलिस द्वारा मामले की जांच- पड़ताल की जा रही है।

## पुलिस टीम के साथ अभद्रता, आरोपी को जेल

संवाददाता हरगांव, सीतापुर

**दुस्साहस**

▸▸ हरगांव थाना क्षेत्र के सरैंय्या गांव का मामला

▸▸ नाम पूछने पर हुआ विवाद और हाथापाई

**अमृत विचारः** हरगांव इलाके के सरैंय्या गांव में डायल 112 टीम के साथ अभद्रता किये जाने का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने इस प्रकरण में केस दर्ज करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

हरगांव थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सलारपुर के सरैंया गांव में दो पक्षों के बीच विवाद होने की सूचना पर डायल 112 टीम पहुंची। थाना हरगांव की पीआरवी 1787 इनोवा पर आरक्षी सचिन गंगवार सहित अन्य मौजूद थे। गांव पहुंचकर शिकायतकर्ता सुधीर कुमार पुत्र हरिशंकर वर्मा को बुलाया गया। नाम पूछने पर वह आनाकानी करने लगा और विवाद करने पर आमादा हो गया। आरोप हाथापाई का भी है। हालांकि इस बात को लेकर पुलिस ने इंकार किया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया है कि आरोपी सुधीर कुमार ने सरकारी काम में बाधा डालने के साथ पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता की। जिससे पुलिस के कार्य में बाधा पहुंची है। ऐसे में आरोपी सुधीर कुमार को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

अमृत विचार
## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रंजय कुमार वर्मा पुत्र बेचन प्रसाद वर्मा है। मैं साकिन– अजान, पोस्ट व थाना–लोटन, तहसील– नौगढ़, जनपद– सिद्धार्थनगर का मूल निवासी हूँ। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश रंजन कुमार वर्मा हो गया है। जिसमें मेरा सही नाम रंजय कुमार वर्मा दर्ज किया जाए। **रंजय कुमार वर्मा**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम PREM CHAND SINGH से बदलकर PREM CHANDRA SINGH रख लिया है। भविष्य में मुझे PREM CHANDRA SINGH पुत्र रामभजन सिंह निवासी 633/237, कृष्णविहार कालोनी फैज़ाबाद रोड, लखनऊ से जाना पहचाना जाये।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम जुबेर अंसारी पुत्र पुत्तन अंसारी है। यह नाम आधार कार्ड में भी अंकित है। लेकिन कागज में सिर्फ जुबेर पुत्र पुत्र पुत्तन अंसारी है। जुबेर को अपना पासपोर्ट बनवाना है। जुबेर अंसारी पुत्र पुत्तन अंसारी के नाम से जाना और पहचाना जाए। –**जुबेर अंसारी पुत्र पुत्तन अंसारी, निवासी– कोट बाजार पयागपुर, बहराइच उत्तर प्रदेश**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **आनन्द कुमार पुत्र स्व. भगवती प्रसाद दीक्षित, पूर्व नि0ग्राम व पो0– सिसेडी जिला लखनऊ, वर्तमान पता– जे0 403 इन्द्रलोक कालोनी**, मैं अपने नाम के आगे दीक्षित जोड़ रहा हूँ। अब मुझे आनन्द कुमार दीक्षित पुत्र स्व0 भगवती प्रसाद दीक्षित के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि आधार कार्ड सं0, 578362985852 में त्रुटिवश मेरा नाम नवनीत मणि लिख गया है जो कि गलत है। पैनकार्ड, वोटर आईडी में मेरा नाम नीरज मिश्रा है जो कि सही नाम है। **नीरज मिश्रा पुत्र श्री राधिका प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम–पूरे धन्नी, पोस्ट पूरे बसालत पर0 तह0 व जिला–गोण्डा**

## क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

**जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!**

**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें**

VACHAK **वाचक आयुर्वेद**®

**आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश**

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



**डॉ. ओम प्रकाश वर्मा**
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

**अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें – 7080239313 7570060266**

**आलमबाग**
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

**रविवार सांय अवकाश**

## एक नजर

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

**सीतापुर :** मेजर ध्यान चंद्र स्टेडियम में हो रही 75 वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन की प्रतियोगिताएं प्रथम सत्र के सत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र पांडे प्रधानाचार्य उजागर लाल इंटर कॉलेज व गीता शुक्ला प्रधानाचार्या हिंदू कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज तथा द्वितीय सत्र के सत्राधिकारी माया देवी प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सीतापुर की देखरेख में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल एवं अपर जिला अधिकारी नीतीश कुमार सिंह एवं सदर उप जिलाधिकारी अभिनव यादव उपस्थित होकर विजेता प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किया और उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर रैली आयोजक राजेंद्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक, रैली संयोजक अनिल सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### कर-करेत्तर की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

**सीतापुर :** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यों की समीक्षा के साथ ही मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व संबंधी मामलों की समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अंश निर्धारण में जनपद की सभी तहसीलों में अभी भी बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिला अधिकारियों को शीघ्र ही वस्तु स्थिति का आंकलन कर समस्त मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान जिन विभागों की ग्रेड सी, डी एवं ई पाई गई, ऐसे समस्त विभागों की प्रति सप्ताह समीक्षा कर, प्रगति न पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी जिलाधिकारी द्वारा दी गई। बैठक दौरान अपर जिला अधिकारी नीतीश कुमार सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### डांडिया के सहारे प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**लहरपुर, सीतापुर :** कस्बे के मोहल्ला ठठेरी टोला में भजन संध्या व डांडिया नृत्य का किया गया। किरन मेहरोत्रा के आवास पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग कर मां के भजनों का सरस संगीतमय प्रस्तुतीकरण किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से क्षमा मेहरोत्रा, प्रिया मेहरोत्रा, एकता मेहरोत्रा, रिशू टंडन, गुंजन टंडन, नेहा टंडन, शाल्वि, अनन्या, अंकिता टंडन, रिचा सहित महिलाएं उपस्थित रहीं।

# श्रद्धांजलि सभा में याद किए गए नेताजी

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर


श्रद्धांजलि अर्पित करते पूर्व विधायक नरेंद्र वर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर मुख्यालय से लेकर कस्बों तक विविध आयोजन हुए। जिला अस्पताल सहित स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों के बीच फलों का वितरण भी किया गया।

जिला मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ। इसमें स्व. मुलायम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर व्यक्तित्व को विस्तार दिया। प्रेरणादायक स्रोत भी साझा किये गए। जिला अस्पताल में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा फलों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य केंद्रों पर भी वितरण किया गया। उधर, महमूदाबाद कस्बा स्थित पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा के आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने स्व. मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं सपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने विभिन्न अस्पतालों में पहुंच कर मरीजों और तीमारदारों में फल वितरित किए।

# गन्ने के साथ सहफसली खेती करके पाएं दोहरा लाभ

संवाददाता सांडा, सीतापुर


किसानों को सहफसली खेती की जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

- वैज्ञानिकों ने किसानों को दी बुवाई संबंधित जानकारियां

**अमृत विचार:** सेकसरिया चीनी मिल बिसवां की ओर से सकरन के बेलवा बसैहा गांव में शरद कालीन गन्ना बुवाई कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। चीनी मिल के गन्ना सलाहकार व वैज्ञानिक ने किसानों से कहा कि वह ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई करें और गन्ने के साथ आलू, लहसुन, प्याज, मसूर, धनिया, मटर आदि की सह फसली खेती करके दोहरा लाभ पाएं।

डॉ. रामकुशल सिंह ने गन्ना किसानों से कहा कि वह खेत की मिट्टी को बंजर होने से बचाने के लिए रासायनिक खादों पर निर्भरता कम करें। इसकी जगह देसी गाय के गोबर और मूत्र से बनने वाले जीवामृत और हानिकारक कीटों से फसलों को बचाने के लिए जैव पेस्टिसाइड का खेती में उपयोग करें। इससे खेत की मिट्टी उपजाऊ बनी रहेगी। प्रकृति का हलवाहा कहा जाने वाला केंचुवा खेत की मिट्टी में फिर से वापस लौट आएगा। उन्होंने आयोजित गोष्ठी में किसानों को जीवामृत और जैव पेस्टिसाइड बनाने और खेती में उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित भी किया।

किसान गोष्ठी में क्षेत्र के गन्ना किसान कृपाशंकर वर्मा, रजनेश जायसवाल, सरदार जितेंद्र सिंह, सरदार बांके, रामचंद्र गौड़, प्रेमनाथ मिश्रा, बलभद्र सिंह, सालिगराम मिश्रा, धर्मपाल, सुंदरलाल, गया प्रसाद, जगमोहन प्रसाद, सैदुलहक अंसारी, महेश, आलोक मिश्रा, कपीश कुमार, ओमप्रकाश, दयाराम, सौरभ आदि के साथ बड़ी संख्या में गन्ना किसान मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद सड़कें बदहाल

## हरदोई-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों के लिए परेशानी का बने सबब

संवाददाता मिश्रिख, सीतापुर


राजकिशोर।


दिव्यांश बाजपेई।


जर्जर मिश्रिख मुख्य मार्ग से निकलता वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश की सड़कों को 10 अक्टूबर तक गड्ढा मुक्त कराने के निर्देश दिए जाने के बावजूद सीतापुर जिले में सड़कों की स्थिति अभी भी बदहाल बनी हुई है।

हरदोई-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं, जिसके चलते आए दिन मार्ग दुर्घटनाएं होती रहती हैं। मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद जिम्मेदारों की लापरवाही से सड़कों की मरम्मत नहीं हो पाई है, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि जयपुर गांव में बीते कई महीनों से एक बड़ा गड्ढा राहगीरों के लिए मुसीबत बना हुआ है, जबकि करियाडीह एवं मिश्रित नहर चौराहे के पास बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों के लिए परेशानी बने हुए हैं। मिश्रिख में शुभ नर्सिंग होम के सामने बड़ा गड्ढा होने के चलते आए दिन ई-रिक्शा पलटते हैं। यह मार्ग वीआईपी और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए भी महत्वपूर्ण है, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से सड़कों की मरम्मत नहीं हो पाई है।

**नागरिकों ने बताई अपनी परेशानी:** मिश्रिख निवासी राजकिशोर विश्वकर्मा ने बताया कि सड़कों की बदहाली से आम जनमानस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उन्होंने जिम्मेदारों से सड़कों की मरम्मत की मांग की है। वहीं अरसेहड़ा निवासी दिव्यांश बाजपेयी ने बताया कि सीतापुर से नैमिषारण्य तक बड़े-बड़े गड्ढे होने के चलते राहगीर चोटिल भी होते हैं। मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन अधीनस्थों को करना चाहिए और सड़क की मरम्मत करानी चाहिए।

> हाल ही में जिले की सड़कों के दुरुस्तीकरण को लेकर मुख्यमंत्री के साथ बैठक हो चुकी है। मिश्रिख, नैमिषारण्य और मछरेहटा सहित अन्य स्थानों के लिए सड़क निर्माण और पैचिंग का खाका तैयार हो गया है, जल्द ही कार्य आरंभ हो जाएगा।
>
> -अशोक रावत, सांसद मिश्रिख।

### 11 वीं की छात्रा मानसी बनीं एक दिन की सांकेतिक कोतवाल

**संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** थाना महमूदाबाद में प्रकाश विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज महमूदाबाद की 11 वीं की छात्रा मानसी पोरवाल को एक दिन की सांकेतिक कार्यकारी प्रभारी निरीक्षक थाना महमूदाबाद नियुक्त किया गया। कार्यकारी प्रभारी निरीक्षक मानसी पोरवाल द्वारा एक दिन के लिये प्रभारी निरीक्षक थाना महमूदाबाद के रूप में कार्य करते हुए उनके द्वारा थाना कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान आने वाली जनसामान्य की समस्याओं को क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद दिनेश शुक्ला एवं प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद श्री अनिल सिंह के सहयोग से समझते हुए गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद दिनेश शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद अनिल सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### ऑनलाइन व्यवस्था देगी प्रमाण पत्र में राहत

**सीतापुर:** वरिष्ठ कोषाधिकारी ने कोषागार कार्यालय सीतापुर से पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त पेंशनरों को सूचित किया है कि शासन के आदेश द्वारा कोषागार/ राष्ट्रीयकृत बैंक के माध्यम से जीवित प्रमाण-पत्र दिये जाने की व्यवस्था की गई है। साथ ही शासन एवं निदेशालय कोषागार उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा पेंशनरों को ऑनलाइन (www.jeevanpramaan.gov.in) डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट भी देने की व्यवस्था की गई है।

## सार-संक्षेप

### किन्नरों ने थाने पर काटा हंगामा


कोतवाली देहात में हंगामा करते किन्नर। अमृत विचार

**संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के मोहल्ला हुसैनगंज में एक युवक के लापता होने के बाद किन्नरों पर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए खासा हंगामा काटा। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज करते हुए गुम युवक की तलाश शुरू की है। शहर सीमा से सटे मोहल्ला हुसैनगंज में युवक अमन लापता हो गया। बताते हैं कि युवक किन्नरों के संपर्क में था। ऐसे में उनके द्वारा कोतवाली देहात पुलिस को सूचना दी गई। किन्नरों का आरोप है कि उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी के बाद बड़ी संख्या में किन्नर कोतवाली देहात पहुंच गए और खासा हंगामा काटा। किसी तरह मान-मनौव्वल के बीच मामले को शांत किया गया। सीओ सदर संजय त्यागी का कहना है कि गुमशुदगी दर्ज करके युवक अमन की तलाश की जा रही है।

### शक्तिधाम माता की निकाली पालकी यात्रा


शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**संवाददाता, कुतुबनगर, सीतापुर, अमृत विचार :** चौरासी कोसीय नैमिष परिक्रमा मार्ग पर स्थिति लोहार खेड़ा में मां भवानी शक्तिधाम माता की पालकी यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर के संस्थापक डॉ. जयवीर की उपस्थित में पालकी यात्रा के दौरान नृत्य और गायन भी श्रद्धालुओं ने प्रस्तुत किया। शोभा यात्रा में पुरुष और महिलाओं के साथ बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हुए। डॉ. जयवीर ने बताया कि मंदिर की स्थापना के समय कम लोग यात्रा में शामिल थे। कम समय में ही श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई। आज ये संख्या कई सैकड़ा रही। इस दौरान ओम प्रकाश सिंह, आदित्य सिंह, पंकज सिंह, नीरज, प्रणव चौहान, निशांत चौहान, शैलेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

### विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** बिसवां के एल्पिस ग्लोबल विद्यालय में बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए उन्हें उत्कृष्ट शिक्षा के साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विद्यालय के बच्चों ने कवि सम्मेलन, नाट्य कौशल के साथ अन्य विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। विद्यालय के डायरेक्टर उमंग राजवंशी व अनुज सिंघल ने दीप प्रज्वलित करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपा चंद्रा ने सभी विद्यार्थियों के कला कौशल की प्रशंसा करते हुए उनकी सतत उन्नति की मंगल कामना की और कार्यक्रम में आए बच्चों के अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

### मिशन शक्ति अभियान से महिलाओं को किया जागरूक

**संवाददाता, सांडा, सीतापुर, अमृत विचार :** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिए सकरन थाना क्षेत्र के उपनिरीक्षक रमेश चंद्र, महिला आरक्षी कुसुम निषाद, पूजा शर्मा और आरक्षी मनोज पाल ने सकरन कस्बे की महिलाओं को योगी सरकार के द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि वह किसी भी समस्या का निडरता पूर्वक सामना करें। इसके लिए वह सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबरों से मदद ले सकती हैं। यह नंबर है 1098, 1090, 112, 102, 108, 1076, 181 इन नंबरों पर समस्या बताने पर महिला अधिकारी उनसे बात करेंगी और उनकी निजता को गोपनीय रखते हुए प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस थानों में महिलाओं की समस्या सुनने के लिए अलग सेल बनाए गए हैं। जहां महिला अधिकारियों की तैनाती की गई है।

# पुल न होने से बाराबंकी के छात्र लगा रहे लंबी दौड़


पंकज कुमार।


अनीता।


आशीष कुमार।


पुष्पेंद्र कुमार।


नाव से इस ओर आते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

रामपुर-मथुरा, संवाददाता, सीतापुर

**समस्या**

- रामपुर-मथुरा इलाके में स्थापित कॉलेज में रोजाना नदी पार पढ़ने आते हैं 250 छात्र
- टूटी नाव के सहारे नदी पार करना जोखिम भरा कार्य, दूसरा रास्ता है 11 किमी लंबा

**अमृत विचार:** रामपुर मथुरा में बाराबंकी से पढ़ने आ रहे बच्चों को एक अदद पुल की दरकार है। रोजाना नाव से आने वाले छात्रों का एक किमी का सफर जोखिम भरा है। हालांकि इसको लेकर कॉलेज प्रशासन भी खासे प्रयास कर चुका है।

रामपुर मथुरा विकास खण्ड क्षेत्र का अधिकतर हिस्सा बाराबंकी से सटा हुआ है। रामपुर मथुरा में कस्बे से डेढ़ किमी दूर राजकीय इण्टर कॉलेज बना है। यहां कुछ दूर चौका नदी गुजरी है। इसके दूसरे छोर पर बाराबंकी जनपद की फतेहपुर तहसील क्षेत्र के फतेहपुरवा, किशुनीपुर, सबहेपुर, बेहड़ा, नहरवल, पतौंजा, बहेरा सहित अन्य गांव हैं। यहां से करीब 250 से अधिक बच्चे रोजाना कॉलेज पढ़ने के लिए आते हैं। छात्राओं की संख्या अधिक है। पंकज कुमार का कहना है कि जिस इलाके में वे लोग रहते हैं। वहां हाईस्कूल तक विद्यालय है। पढ़ाई बाधित न हो, इसलिए नदी पार कर रामपुर मथुरा आना पड़ता है। गहरी चौका नदी के लिए खस्ताहाल नाव ही है। अनीता का कहना है कि कॉलेज पहुंचने के लिए नदी पार करने के अलावा एक रास्ता 11 किमी लंबा और जोखिम भरा है। इसलिए नाव ही सहारा है। अगर पुल बन जाए, तो आमजन की आवाजाही आसान हो जाएगी। आशीष कुमार का मानना है कि पढ़ने वाले तो 250 से कुछ बच्चे हैं लेकिन रोजमर्रा काम से जुड़े लोगों की संख्या कई सैकड़ा है, इसलिए पुल बनाया जाना आवश्यक है। पुष्पेंद्र कुमार का कहना है कि नाव वाला पैसा लेता है, लेकिन जिस नाव पर सवार होकर नदी को पार करते हैं। वो खासी खस्ताहाल हो गई हैं।

# नशे में धुत बेटे ने मां पर किया हमला, गंभीर

संवाददाता भदफर, सीतापुर

**अपराध**

- लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के भदफर इलाके का मामला
- स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया भर्ती, हिरासत में आरोपी

**अमृत विचार:** नशे में धुत बेटे ने अपनी ही मां को पीट-पीटकर अधमरा कर डाला। इसके बाद में आरोपी घर से भाग निकला। किसी तरह गांव के लोगों ने पकड़कर आरोपी युवक को पुलिस के हवाले किया। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के भदफर इलाके में हुई वारदात के बाद वृद्धा की हालत गंभीर बताई जा रही है।

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के भदफर इलाके में 65 वर्षीय मूला देवी अपने घर पर थी। ग्रामीणों के मुताबिक, उसका 30 वर्षीय पुत्र संतोष उर्फ दिवाकर शराब पीकर अपने घर पहुंचा। ग्रामीणों का आरोप है कि नशे की हालत में युवक वृद्धा से पैसे मांगने लगा, जिस पर महिला ने असमर्थता जताई, इसी के बाद नशे में धुत संतोष घर में पड़ी लोहे की पटरी उठा लाया। पैसा न मिलने पर गुस्साए संतोष ने अपनी मां को बुरी से उसी पटरी से पीटने लगा, उसने कई वार मां के सिर पर भी कर दिये। उसकी मां की चीख पुकार के बीच आसपास की ग्रामीण इकट्ठा हो गए तो युवक भागने लगा। ऐसे में गांववालों ने किसी तरह उसे दबोचकर पुलिस के हवाले किया गया। वहीं चौकी इंचार्ज लालबहादुर मिश्रा का कहना है कि वृद्धा की हालत गंभीर है। चूंकि इलाका लखीमपुर सीमा से लगा हुआ है। इसलिए परिवार के लोगो ने घायल मूला देवी को खीरी जनपद स्थित नकहा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। फिलहाल आरोपी हिरासत में है।

**आस्था** महाभारत कालीन का इतिहास संजोए है प्राचीन माता शन्नो देवी का मंदिर और शमी वृक्ष, भक्तों ने किया पूजन-अर्चन

# मंदिर परिसर में स्थित शमी के वृक्ष में अर्जुन ने छिपाया था गांडीव

संवाददाता हरगांव, सीतापुर


प्राचीन माता शन्नो देवी के मंदिर पूजन-अर्चन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार:** परसेहरा शरीफपुर गांव में प्राचीन माता शन्नो देवी का मंदिर एवं शमी वृक्ष विद्यमान है। यह प्रसिद्ध मंदिर महाभारत कालीन का इतिहास संजोये हुये है। लोग कहते हैं कि इसी शमी के वृक्ष में अर्जुन ने अज्ञातवास के दौरान अपना गांडीव व पांडव ने अपने शस्त्र छिपाए थे। इसके चलते इस प्राचीन मंदिर से श्रद्धालुओं की अगाध श्रद्धा है। इस कारण श्रद्धालु स्वयं मंदिर की देखरेख करते हैं। इसी गांव के लोगों ने बताया कि प्राचीन काल में इसका नाम पांडवसर था। इसके बाद इसका नाम पड़सर और मौजूदा समय में परसड़ा एवं परसेहरा शरीफपुर कहा जाने लगा। तभी से नवरात्र के दिनों में यहां श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचकर भक्तिभाव से पूजन-अर्चन करती चली आ रही है।

किवदंती के अनुसार, जब जुएं में सब कुछ हारने के बाद पांडवों को 12 वर्ष वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास हुआ था। तब अज्ञातवास का समय पाण्डवों ने इसी क्षेत्र (हरगांव) में बिताया था, जिसको लोग राजा विराट की नगरी कहते हैं। यहीं से डेढ़ किमी की दूरी पर परसेहरा शरीफपुर में प्रसिद्धि मां शन्नोदेवी मंदिर स्थिति है। वहां से कुछ दूरी पर प्राचीन शमी वृक्ष भी है। कहा जाता है कि इसी वृक्ष पर अज्ञातवास के समय अर्जुन ने अपना गांडीव तथा पांडवों ने अपने अस्त्र-शस्त्रों को छुपाया था। इस वृक्ष की विशेषता है कि इसकी छाया एक ही दिशा में रहती है सूर्य चाहे जिस दिशा में हो। वहीं मां शन्नों देवी जिनके सातों दिन अलग- अलग रूप होते हैं लेकिन विशेषतः शनिवार के दिन इनको भक्त शनि को प्रसन्न करने के लिए पूजते हैं।

वहीं मंदिर के पुजारी बाबा रामस्वरूप ने बताया कि पांडव ने अपना अज्ञातवास का कुछ समय यहीं पर गुजारा था और प्रतिदिन शन्नो माता की पूजा करते थे। द्रोपदी भी एक दिन मंदिर से पूजा करके वापस लौट रहीं थी तभी कीचक नामक राक्षस द्रोपदी को देखकर कामांध हो गया और गलत आचरण किया। जिस कारण भीम ने उसका वध करके जमीन में गाड़ दिया था। यह स्थान भी हरगांव में स्थिति है और क्षेत्रीय लोग उसे कीचक टीला के नाम से जानते हैं।

### अवधी भाषा में गाए गीतों पर झूमे श्रद्धालु


नवरात्र पर सजा मातारानी का दरबार। अमृत विचार

**संवाददाता, रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत कनरखी के मजरा धतिंगवा में द्वितीय विशाल मां भगवती नवदुर्गा जागरण समिति द्वारा जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं दि ग्रेट संगीत पार्टी हरिहरपुर नहरवल द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। इसमें सीता स्वयंवर, केवट संवाद, भरत मिलाप, सीता हरण, माता शबरी संवाद आदि प्रसंगों का मंचन व भक्ति गीतों का अवधी भाषा में प्रस्तुतीकरण पर भक्त जमकर झूमे। ऐसे में लोगों द्वारा झांकियों को खूब सराहा गया। महिला, पुरुष व बच्चे काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रवेश कुमार और उपाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि कार्यक्रम तीन दिन लगातार चलेगा। समिति के सदस्यों में श्रीकांत रावत, रजनीश कुमार, राकेश राजपूत, दीपू गौतम, सुधीर कुमार, पराग बीडीसी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रामलीला में सीताहरण व लंका दहन का हुआ मंचन


रामलीला के दौरान प्रस्तुतियां देते कलाकार। अमृत विचार

संवाददाता पिसावां, सीतापुर

**अमृत विचार:** बाबू सिंह इंटर कालेज के समीप चल रही रामलीला के आठवें दिन जय मड़ैया बाबा सेवा समिति के कलाकारों द्वारा सीताहरण, राम सुग्रीव मित्रता, बालि वध, लंका दहन का मंचन किया गया।

मंचन में दिखाया कि सूर्पणखा राम के सौंदर्य से प्रभावित होकर विवाह का प्रस्ताव रखती है। ऐसे में लक्ष्मण उसके नाक-कान काट लेते हैं। इसके बाद भगवान राम खरदूषण तथा त्रिसरा का वध करते हैं। वहीं दिखाया गया कि मारीच सोने का मृग बनकर पंचवटी आते हैं। सीताजी उन पर मुग्ध हो जाती हैं तो भगवान राम मारीच के पीछे जाते हैं और बाण मारते हैं। मारीच की आवाज पर सीताजी लक्ष्मण को भी श्रीराम के पीछे भेजती हैं। तभी रावण योगी का वेष रखकर छल से सीता का हरण कर लेता है। इसी दौरान उनकी मुलाकात हनुमान से हुई, तब उन्होंने राम और सुग्रीव की मित्रता कराई। तभी सुग्रीव की व्यथा सुन प्रभु राम ने बालि का वध करते हैं। इसी क्रम में सीताजी की खोज में लंका पहुंचे हनुमान ने सारी लंका का दहन करते हैं। ऐसे में भक्तों ने राम व हनुमान की जय-जयकार की।

# नहर में मिला तीन दिन से लापता व्यापारी का शव

## पुलिस ने शव बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार:** तीन दिन पहले संदिग्ध हालात में गायब हुए कस्बा त्रिलोकपुर के इलेक्ट्रानिक व्यापारी का शव नहर में उतराता मिला। पहले गायब होने फिर शव मिलने से रहस्य और गहरा गया है। परिजनों में कोहराम है तो मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव नदी से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना मसौली थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर चौकी क्षेत्र के शारदा सहायक डबल नहर की है। यहां पर गुरुवार सुबह कुछ ग्रामीण नहर की तरफ गए तो नहर में एक व्यक्ति की लाश उतराती हुई देखी। शव मिलने से सनसनी फैल गई, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

उधर तीन दिन पूर्व गायब व्यापारी विलास जायसवाल के परिजन उन्हें तलाश ही रहे थे कि शव मिलने की सूचना होने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और शव की पहचान कस्बा त्रिलोकपुर के रहने वाले विलास जायसवाल के रूप में की। बताया गया कि विलास सोमवार की शाम से लापता थे। परिजनों के अनुसार विलास शांत स्वभाव के और मिलनसार थे, जिनकी किसी से कोई विवाद या दुश्मनी नहीं थी। उनकी काफी तलाश भी की गयी थी। शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

### सुल्तानपुर में मिला रहस्यमयी ढंग से लापता किशोर

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा हैदरगढ़ के ठाकुरद्वारा वार्ड में मंगलवार की शाम रहस्यमयी ढंग से लापता हुआ किशोर बुधवार शाम सुल्तानपुर जनपद से बरामद हो गया। इससे पूर्व काफी तलाश के बाद भी पता न चलने पर पिता ने कोतवाली हैदरगढ़ में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस के हवाले किए गए किशोर को मेडिकल परीक्षण के बाद कोर्ट में पेश करने के लिए बाराबंकी ले जाया गया। पिता सुरेंद्र गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनका 17 वर्षीय पुत्र आठ अक्टूबर की शाम लगभग सात बजे साइकिल लेकर घर से निकला था परंतु काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह घर वापस नहीं आया तो पिता सुरेंद्र के अलावा पूरे परिवार ने ढूंढ़ना शुरू किया, कहीं पर पता नहीं लग सका। पिता ने बताया कि नगर पंचायत में कुछ स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ उनका पुत्र कुरैशी मोहल्ले की मस्जिद जावेद खान के ऑफिस के निकट से रायबरेली की तरफ जाता नजर आया। इसके अलावा नहर के पास भी एक लोहा भंडार की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी दिखा कि किशोर रायबरेली की तरफ जा रहा है। पुलिस को बताने के बाद परिजन तलाश में जुटे हुए ही थे कि बुधवार देर शाम सुल्तानपुर जनपद के लंभुआ कस्बे से पिता के नंबर फोन आया कि आपका पुत्र यहां एक होटल पर मौजूद है, जिसके बाद परिजन पुत्र को लाने के लिए रवाना हो गए थे। देर रात परिजन किशोर को लेकर वापस हैदरगढ़ आए।

### अज्ञात महिला की हुई शिनाख्त, हत्या की आशंका

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में नहर की पटरी पर झाड़ियों में मिले महिला के शव की पहचान हो गई है। बुधवार को परिजनों ने शिवगढ़ थाने में हत्या की आशंका जताते हुए रिपोर्ट लिखवाई थी। वहां की पुलिस जांच कर ही रही थी कि बाराबंकी में शव मिल गया। घटना हत्या की ओर इशारा कर रही है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है। बताते चलें कि बुधवार को कस्बा से सटे अंसारी ग्राम पंचायत की सीमा से होकर गुजरी नहर की बाई पटरी पर झाड़ियों के बीच महिला का शव बरामद हुआ। हालात देखते हुए हत्या की आशंका जताई गई। बुधवार शाम को परिजन हैदरगढ़ पुलिस के पास पहुंचे। शव देख मृतका की शिनाख्त कर ली। पता चला कि बहन के घर से निकली महिला छह अक्टूबर से लापता थी। रायबरेली के थाना महाराजगंज अंतर्गत बक्शनपुरवा मजरे मोइन गांव निवासी 30 वर्षीय राजकुमारी थाना शिवगढ़ अंतर्गत एक गांव में ब्याही अपनी बहन सोनी के घर से छह अक्टूबर को निकली थी। इसके बाद से महिला का कोई पता नहीं चला।

## एक नजर

### बस सवार यात्री की तबीयत बिगड़ने से हुई मौत

**रामनगर, अमृत विचार :** बहराइच डिपो की बस से यात्रा कर रहे एक व्यक्ति की तबीयत बिगड़ने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम भुलियापुर निवासी जंग बहादुर अपनी सात वर्षीय पुत्री पल्लवी के साथ बुधवार की रात लखनऊ से बहराइच डिपो की बस से अपने गांव वापस जा रहे थे। थाना रामनगर के रानी बाजार के एक ढाबे पर बस रुकी, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। यह देखतक ड्राइवर ने उसे एंबुलेंस से स्थानीय सीएचसी भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है।

### अमहिया में सर्पदंश से ग्राम प्रधान की हालत गंभीर

**रामसनेहीघाट, अमृत विचार :** तहसील के अमहिया ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान अनीता को सांप ने डंस लिया। परिजन उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। हालत नाजुक बनी हुई है। विखं बनीकोडर क्षेत्र की ग्राम पंचायत अमहिया की प्रधान अनीता देवी पत्नी अजय कुमार को गुरुवार की दोपहर घर में काम करते समय किसी जहरीले सांप ने डंस लिया। हालत बिगड़ते देखकर परिजन उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट पहुंचे। जहां पर डॉक्टर रमेश ने स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ सर्पदंश से पीड़ित महिला का उपचार करना शुरू किया। चिकित्सक के मुताबिक गंभीर हालत में महिला को अस्पताल में लाया गया था। महिला में सर्पदंश के लक्षण नजर आ रहे हैं। इलाज किया जा रहा है।

## रेल पटरी पर मिला महिला का शव

**बाराबंकी, अमृत विचार:** लखनऊ रेलमार्ग पर एक महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। बताया जा रहा कि ट्रेन आती देख महिला उसके आगे कूद गई। मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। बाराबंकी लखनऊ रेलमार्ग पर 50 वर्षीय एक महिला का आधा कटा शव पड़ा हुआ था। उधर से गुजरते लोगों ने सूचना जीआरपी को दी। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि महिला पटरी के किनारे खड़ी थी तभी एक ट्रेन आते देख उसके आगे कूद गई। मौके पर महिला का आधा शव पटरी के बीच व आधा कुछ दूरी पर मिला। पुलिस ने काफी कोशिश की पर महिला की शिनाख्त नहीं की जा सकी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ईओ पर अपमानित करने का आरोप

नाराजगी

- रास्ते की सफाई करने से रोकने पर कर्मियों ने किया प्रदर्शन

रामनगर, बाराबंकी


चेयरमैन को ज्ञापन सौंपते सफाई कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** रामनगर सहादतगंज मार्ग की सफाई किए जाने से अधिशासी अधिकारी द्वारा रोके जाने पर नाराज सफाईकर्मियों ने कार्य बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन किया और कार्रवाई की मांग को लेकर चेयरमैन को ज्ञापन सौंपा।

नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक को दिए गए ज्ञापन में सफाई कर्मचारियों ने कहा कि बुधवार को द्वितीय पाली में तहसील जाने वाले मार्ग की नवरात्र एवं दशमी पर्व के मद्देनजर सफाई की जा रही थी। अधिशासी अधिकारी द्वारा कार्य करने से रोक दिया गया। जिससे हम सभी को सार्वजनिक रूप से अपमानित होना पड़ा। गुरुवार की सुबह काम पर जाने के बजाय नाराज सभी सफाईकर्मी कार्य बहिष्कार कर नगर पंचायत परिसर में धरने पर बैठ गए और प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर चेयरमैन पाठक कार्यालय पहुंचे तो सफाई कर्मचारियों ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों ने बताया कि ईओ द्वारा सफाई करने से रोका गया।

वहीं ईओ अशोक खरवार ने बताया कि उन पर लगे आरोप निराधार हैं। सिर्फ विवादित सड़क पर मलबा हटाने से मना किया था। चेयरमैन रामशरण पाठक ने बताया कि ईओ का बर्ताव ठीक नहीं। शासन को पत्र लिखा गया है।

# नेताजी ने गरीबों के लिए किया संघर्ष

श्रद्धांजलि सभा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** नेताजी मुलायम सिंह यादव जैसा संघर्षील नेता सदियों में एक बार जन्म लेता है। नेताजी ने हर धर्म, संप्रदाय, जाति, छात्र, नौजवान, किसान, मजदूर और महिलाओं के अधिकार को सुरक्षित रखने के साथ ही उनके दुख-दर्द को खत्म करने के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष किया। ये बातें सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में बड़ेल नहर झरना स्थित सपा के नवनिर्मित कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कहीं।


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप। अमृत विचार

उन्होंने कहा नेताजी गरीबों, किसानों, नौजवानों, हिंदुओं और मुसलमानों के सच्चे सेवक थे। नेताजी ने अपने कार्यकाल में सभी को मजबूती प्रदान करने के लिए तमाम योजनाएं लागू की थीं। उसी का परिणाम है कि आज गरीब, कमजोर, किसान, मजदूर, परिवार के बच्चे भी ऊंचे पदों पर अच्छे स्कूलों में जा रहे हैं। हालांकि मौजूदा सरकार की नीतियों व महंगाई से सभी जातियों के लोग परेशान हैं।

गोप ने कहा 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें जीतकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करना होगा। यही हम सबकी नेताजी को दी गई सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर पार्टी के मौजूदा विधायक, वीरेंद्र प्रधान व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दो दिन दलदल में फंसे रहे गोवंश

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** सरयू के दलदल में फंसी गायों को प्रशासन ने दिन भर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बाहर निकाल लिया। बाहर निकालने के बाद हिंसक हो चुकी गायों को गौशाला भेजने में प्रशासनिक अमला नाकाम रहा। सभी गाय नदी की कछार में फिर भाग गईं।

विखं सिरौलीगौसपुर के अलीनगर हुसैनपुर गांव के पास सरयू में 17 गाय दलदल में फंसी थीं। नदी किनारे खेतों पर काम कर रहे ग्रामीणों ने इसकी सूचना डीएम तक पहुंचाई। डीएम के निर्देश पर गायों को बचाने को तहसील प्रशासन सक्रिय हुआ। गुरुवार को एसडीएम प्रीति सिंह अन्य सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया। करीब आठ घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी को बाहर निकाला जा सका। दो दिनों से दलदल मे फंसी गायें भूख के मारे हिंसक हो गई थीं और बाहर निकलते ही लोगों पर हमला करने लगीं। ऐसे में गायों को गौशाला ले जाने का तहसील प्रशासन का प्रयास सफल नहीं हो सका। सभी गाय हिंसक रूप अपनाते हुए नदी की कछार में फिर से भाग गईं।


दलदल से गोवंशों को निकालते कर्मचारी। अमृत विचार

### तत्काल हरकत में आया प्रशासन

दरअसल कुछ दिन पहले हेलीकॉप्टर से बहराइच से लखनऊ जाते समय सीएम ने बाराबंकी क्षेत्र में कुछ गायों को बाढ़ से घिरे देखा था। तभी उन्होंने अफसरों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में गायों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की बात कही थी। गुरुवार को इन गायों के सरयू के दलदल में फंसे होने की ग्रामीणों द्वारा मिली सूचना के बाद जिला प्रशासन तुरंत हरकत में आया और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# किशोरी से समुदाय विशेष के युवक ने किया दुष्कर्म

निंदूरा, बाराबंकी

**अमृत विचार:** कुर्सी थाना क्षेत्र में एक किशोरी को सूनसान इलाके में ले जाकर उसके साथ समुदाय विशेष के युवक ने दुष्कर्म किया। सीसीटीवी कैमरे के सहारे मौके पर पहुंचे परिजनों को खून से लथपथ किशोरी मिली। भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

किशोरी के भाई ने पुलिस को बताया कि उसके पिता विदेश में हैं जबकि मां बीमार रहती है। वह खुद लखनऊ में काम करता है। बुधवार की देर रात उसके गांव के ही दूसरे समुदाय का युवक घर पर अकेली 12 वर्षीय बहन को बहला फुसला लिया और अपनी बाइक पर बैठाकर सूनसान जगह ले गया। वहां किशोरी के साथ जबरन मुंह काला किया। किशोरी शोर मचाती रही लेकिन सूनसान जगह होने के चलते किसी ने उसकी आवाज नहीं सुनी। देर तक किशोरी के न मिलने पर गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की गई तो युवक किशोरी को बाइस से ले जाते नजर आया। कैमरे में साफ नजर आया कि वह किस रास्ते से गए हैं। परिजन भी उसी रास्ते पर गए जहां किशोरी खून से लथपथ मिली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को देर रात ही गिरफ्तार कर लिया। कुर्सी थाना प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं और पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# विसर्जन के दौरान बरतें सावधानी

## डीएम-एसपी ने प्रतिमा विसर्जन को लेकर घाटों का किया निरीक्षण

मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार:** नवरात्र में शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर प्रशासनिक तौर पर घाटों पर इंतजामों पर पैनी नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या हादसा न होने पाए। इसी को लेकर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट काव्या सी सहित अन्य अधिकारियों ने दलबल के साथ क्षेत्र के विभिन्न घाटों का जायजा लिया साथ ही साफ-सफाई को लेकर निर्देश दिये।

कल्याणी नदी के नमो घाट पर होने वाली दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल का जायजा लेने के दौरान डीएम ने निर्देशित किया कि विसर्जन के दौरान सावधानियां बरती जाएं। किसी भी श्रद्धालु को नदी में उतरने और नावों से मूर्ति विसर्जन करने की अनुमति न दी जाए। 12 से 14 अक्टूबर तक दुर्गा प्रतिमा का विर्सजन होना है। ग्राम पंचायतों द्वारा विसर्जन स्थल पर समुचित व्यवस्था के लिए अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। निरीक्षण के दौरन वाटरप्रूफ शामियाना, कुर्सी-टेबल, कैमरा, डस्टबिन, मूर्ति विसर्जन नाव, गोताखोर और मूर्ति विसर्जन के लिए क्रेन और प्रकाश व्यवस्था पहले से ही दुरुस्त रखें। इस मौके पर अजय वर्मा और सचिन वाल्मीकि मौजूद रहे। वहीं सीओ रामनगर सौरभ श्रीवास्तव व प्रभारी निरीक्षक यशकांत सिंह ने कल्याणी नदी पड़रिया घाट का जायजा लेकर तैयारियों को परखा।


अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते डीएम और एसपी। अमृत विचार


बच्चों को जागरूक करते शिक्षक। अमृत विचार

### बंद हो गेट तो पार न करें रेलवे लाइन

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता को लेकर गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय कुसुम्भा के छात्रों द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई। प्रधान प्रतिनिधि संतकुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान बस में हमे कैसे यात्रा करनी चाहिए इस बारे में गतिविधि के माध्यम से बताया गया। वहीं हमे रेलवे लाइन पर बने फाटक को कैसे पार करना चाहिए इसके बारे में भी बताया गया। सीट बेल्ट व हेलमेट की उपयोगिता के बारे में भी जागरूक किया गया। कार में बैठकर बच्चों को सीट बेल्ट लगाते दिखाकर उसके बारे में जानकारी दी गई। अंतिम दिन बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विजय प्रताप सिंह, शशिबाला, मंजू, सिद्धार्थ, मयंक, रितिक, मुस्कान, रितिका, अतुल, श्रद्धा, राज, सौम्या, अंशिका आदि मौजूद रहे।

## बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल

**रामसनेहीघाट, अमृत विचार:** दुल्हादेपुर गांव निवासी रामनरायणपुर दुर्गा प्रसाद अपने रिश्तेदार दरियाबाद के बालपुरवा निवासी बब्लू पुत्र श्रीनारायण के साथ मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे। लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर दुल्हादेपुर मोड़ के पास बाराबंकी की ओर से आ रहे बाइक सवार महताब पुत्र मुजीब निवासी सूजागंज जिला अयोध्या ने टक्कर मार दी। मेहताब की मोटर साइकिल पर महफूज आलम पुत्र रिजवान खान निवासी सुजानगंज भी बैठे थे। हादसे में दोनों मोटर साइकिल सवार चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी को सीएचसी रामसनेहीघाट भेजा जहां उनका इलाज चल रहा है।

# अपनी सोच में दूसरे का सहयोग और सम्मान का भाव अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के मौके पर संगोष्ठी का आयोजन श्रीकृष्ण चंद्र अपर जिला जज की अध्यक्षता में आरसीएच हॉल में किया गया।

इस मौके पर न्यायाधीश ने बताया कि आपके सोचने व आपके व्यवहार को संतुलित करने का तरीका आपके मानसिक स्वास्थ्य से सीधा जुड़ा है। जोर दिया कि अपनी सोच में दूसरे के सहयोग करने का भाव दूसरों के प्रति सम्मान का भाव और थोड़ा आध्यात्मिकता का भाव तथा अपने व्यवहार को संतुलित करके हम नकारात्मक प्रवृत्तियों से बच सकते हैं। सीडीओ श्री सुदन ने बताया कि अपने काम को बोझ न समझें काम को प्रसन्नता पूर्वक एवं सकारात्मक सोच के साथ करें। सीएमओ डॉ. अवधेश यादव ने कहा कि एक उत्तम चरित्र का निर्माण काम के प्रति वफादारी, ईमानदारी तथा अपने काम को उद्देश्यपूर्ण तरीके से करके कार्यस्थल पर होने वाले तनाव से बचा जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. डीके श्रीवास्तव, डॉ. राजीव दीक्षित, डॉ. राजीव सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।


संगोष्ठी में मौजूद अपर जनपद न्यायाधीश। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बालक से अश्लील हरकत करने वाले अधेड़ को दबोचा

**जहांगीराबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक शर्मनाक घटना सामने आई है। यहां आठ बच्चों के पिता ने एक बालिका के साथ अश्लील हरकतें कीं। कुछ ही दूरी खड़े एक शख्स ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में वायरल एक वीडियो में साफ दिख रहा कि एक अधेड़ ने करीब आठ साल की बालिका को सूनसान जगह ले जाकर उसके साथ काफी देर तक अश्लील हरकत की। पास ही एक बाइक खड़ी है और कुछ ही दूरी पर पेड़ की ओट से वीडियो बनाने वाला शख्स भी खड़ा है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी को रात में ही दबोच लिया। क्षेत्राधिकारी नगर सुमित कुमार त्रिपाठी के अनुसार आरोपी को पकड़ लिया गया है।

### शाखा प्रबंधक पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कंपनी से भुगतान हो जाने के बाद भी शाखा प्रबंधक ने जमाकर्ता को रुपया नहीं दिया। इसकी शिकायत पीड़ित ने एसपी से की तो कप्तान के आदेश पर देवा पुलिस ने आरोपी शाखा प्रबंधक पर केस दर्ज किया है। कोतवाली के विशुनपुर निवासी ओमकार तिवारी ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कहा कि उसने एलयूसीसी कंपनी की सद्दीपुर शाखा के मैनेजर गोविंद के माध्यम से तीन हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से तीन साल तक 1,08,000 रुपये जमा किए थे। जिसके एवज में उसे 1,41,600 रुपये मिलने थे। समयावधि पूर्ण होने के समय सद्दीपुर ब्रांच देवा ब्रांच में समाहित हो गई। इसके बाद गोविंद ने देवा शाखा के मैनेजर सुरेश कुमार से भुगतान के बारे में बात की। कुछ दिन बाद इन दोनों के सीनियर राकेश ने फोन करके बताया कि तुम्हारा पैसा आ गया है। ब्रांच आकर अपना पैसा ले जाओ। जब ओमकार पैसा लेने गया तो उसे 70,000 रुपये देकर बाकी राशि कुछ दिन बाद देने की बात कही और फिर राकेश टाल मटोल करने लगे। देवा कोतवाल अनिल कुमार पांडे ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### एसपी ने किया जिले के पहले पिंक बूथ का उद्घाटन


पिंक बूथ का उद्घाटन करते पुलिस अधीक्षक व बालिकाएं। अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर के पटेल चौराहे पर जिले के पिंक बूथ का उद्घाटन एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बालिकाओं के साथ फीता काटकर किया। बूथ के संचालन होने से महिलाएं अपनी बात बेझिझक रख सकेंगी। गुरुवार को एसपी ने कहा बूथ पर महिला अधिकारी व कर्मचारी की नियुक्त होगी जो रोज सुबह 10 बजे से रात आठ बजे तक डयूटी करेंगी। इसमें जो भी पीड़िता इस बूथ पर आयेगी उसकी समस्या को सुनने के साथ ही उसका निराकरण किया जा सकेगा। बताया कि यह जिले का पहला पिंक बूथ है। जल्द अन्य स्थानों पर पिंक बूथों को बनाने का कार्य शुरू होगा। इस मौके पर राजेश विश्वकर्मा, जगतराम कनौजिया, डीके सिंह, इरशाद अहमद, रितेश जैन, हेमंत दास, रवींद्र वर्मा, मकसूद मियां आदि मौजूद रहे।

# उज्ज्वला के तीन लाख उपभोक्ताओं को दिए जाएंगे मुफ्त गैस सिलेंडर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** उज्ज्वला योजना के तीन लाख उपभोक्ताओं को अक्तूबर से मार्च तक दो चरणों में मुफ्त गैस सिलेंडर मिलेगा। सरकार द्वारा घोषणा के बाद विभाग ने इस दिशा में कार्य तेज कर दिया है। योजना का लाभ उज्ज्वला के शत-प्रतिशत लाभार्थियों को मिले इसके निर्देश कंपनियों के प्रतिनिधियों को दिए गए हैं।

जिले में बीपीसीएल के उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं की संख्या एक लाख 625, एचपीसीएल के 60 हजार 201 और आईवोसीएल के एक लाख 45 हजार 283 है। इस प्रकार कुल उपभोक्ताओं की संख्या 3 लाख 6 हजार 109 है। इनमें से योजना के लाभार्थियों को पहले चरण में दीवाली तक एक मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जाएगा। हालांकि पहले चरण की समय सीमा अक्तूबर से दिसंबर माह तक निर्धारित की गई है। वहीं दूसरा मुफ्त गैस सिलेंडर मार्च 2025 तक मिलेगा। दूसरे चरण में मिलने वाले इस मुफ्त सिलेंडर की शुरुआत जनवरी 2025 से होगी। बताया गया है कि होली से पहले दूसरा मुफ्त सिलेंडर मिल सकता है। शासन से मिले निर्देशों के बाद विभाग ने इस दिशा में कार्य शुरू कर दिया है। तीनों कंपनियों के प्रतिनिधियों को भी निर्देश जारी किए गए हैं। योजना के तहत लाभार्थी को पहले सिलेंडर रिफिल के दौरान पैसा देना होगा इसके बाद सरकार डीबीटी के जरिए निर्धारित धनराशि पंजीकृत बैंक खाते में भेजेगी। जिलापूर्ति अधिकारी डॉ. राकेश तिवारी ने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को मुफ्त गैस सिलेंडर का लाभ दिए जाने को लेकर शासन से निर्देश मिले हैं।

## महिला की हत्या के दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ खाली

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार:** असंद्रा थाना क्षेत्र में महिला की हत्या के दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ खाली हैं। गुरुवार को पुलिस की जांच फिर शुरू हुई पर किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी। हालांकि कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

बता दें कि बुधवार रात नसीपुर मजरे मंसारा गांव की गीता रावत 42 गांव के ही बरसाती रावत की पोती के मुंडन संस्कार में शामिल होने गई थी। रात करीब साढ़े दस बजे तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश शुरू की। परिजनों को रात 11 बजे उसका क्षत-विक्षत शव एक खेत में मिला। सूचना पर राज्यमंत्री सतीश शर्मा, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत और एसपी दिनेश कुमार आदि मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से टॉर्च, डिब्बा, चप्पल और खून आदि के नमूने एकत्र किए। पुलिस के मुताबिक मृतका के गले पर धारदार औजार से ताबड़तोड़ वार व पीठ-हाथ पर भी चोट के निशान थे।

# इमरजेंसी बताकर कथित भांजे ने ठग लिए दो लाख

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार:** फेसबुक मैसेंजर एप के जरिए काल कर कथित भांजे ने सऊदी अरब में इमरजेंसी बता मामा को दो लाख का चूना लगा दिया। साइबर क्राइम के तहत बुधवार की रात मुकदमा दर्ज किया गया।

बेलहरा पट्टी निवासी निजामुद्दीन ने तहरीर में बताया कि 21 सितंबर को फेसबुक मैसेंजर में भांजे की प्रोफाइल से मैसेज मिला। लिखा था कि मामा अपने बैंक पासबुक की डिटेल भेज दीजिए उसमें कुछ पैसा लगवा दूं। भरोसा कर निजामुद्दीन ने बैंक पासबुक की डिटले भेज दी। थोड़ी देर बाद एक रसीद आई। जिसमें पांच लाख 55 हजार 280 रुपये ट्रांसफर किया जाना दर्शाया गया। रसीद बैंक में दिखाए जाने पर वहां 24 घंटे में पैसा आने की बात कही गई। कुछ घंटे बाद दोबारा एक मैसेज आया जिसमें कहा गया कि एक लाख रुपये तुरंत भेज दीजिये वह किसी बड़ी मुसीबत में फंसा हुआ है। निजामुद्दीन ने ब्याज पर पैसे लेकर दिए गए एक नंबर पर भेज दिया। उसके बाद फिर मैसेज मिला जिसमें शेष चार लाख साठ हजार रुपये भी अतिशीघ्र भेजे जाने की बात कही गई। निजामुद्दीन ने दूसरे नंबर पर 80 हजार और तीसरे नंबर पर 20 हजार भेज दिए। जब निजामुद्दीन ने जानकारी की तो मामला खुला।

# देवा मेला परिक्षेत्र का डीएम-एससी ने किया भ्रमण

## ऑडिटोरियम में अधिकारियों के साथ की बैठक, कहा-आमंत्रण पत्र वितरण में न हो कोई लापरवाही

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार:** देवा मेला को लेकर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने मेला परिक्षेत्र का निरीक्षण किया और ऑडिटोरियम में अधिकारियों से मेले की तैयारी से संबंधित क्रमवार जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मेले के मार्गों की मरम्मत, पानी व्यवस्था, शौचालय, बिजली और स्वच्छता पर ध्यान देने के साथ साथ स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमंत्रण पत्र वितरण में कोई लापरवाही न होने पाए इसका ध्यान रखा जाए।


मेला क्षेत्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि मेला परिसर में फिक्स डस्टबिन लगाए जाएं। जिनका मेला के बाद भी उपयोग किया जा सके। डीएम ने मेला परिसर के टूटे खड़ंजों की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश बीडीओ को दिये। उन्होंने कहा कि इस बार पशु चिकित्सालय मामापुर में पशुओं के लिए आइसोलेशन वार्ड बनाया जाए। मेला परिसर में बिजली सप्लाई के लिए दो उपकेंद्र से कनेक्शन रखा जाएगा। साथ ही जायरीनों के आवागमन की व्यवस्था के लिए 24 घंटे बस सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश एआरएम को दिए। एआरएम सुधा ने बताया कि मेले के दौरान 17 अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। वीआईपी बाईपास से देवा बाराबंकी मार्ग को जोड़ने वाला मेले परिसर का मुख्य खड़ंजा मार्ग का डामरीकरण किया जाए। इसके आदेश डीएम ने पीडब्लूडी को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार टेंट के ठेकेदार अच्छे टेंट लगाएं। पिछली बार टेंट की गुणवत्ता ठीक नहीं थी। डीएम ने कहा कि मेले के आमंत्रण पत्र वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, प्रत्येक व्यक्ति को यह कार्ड पहुंचे। इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पिछली बार कुछ लोगों ने कार्ड न मिलने की शिकायत की थी। सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी ने बताया कि देवा मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से 1300 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी और करीब 120 जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर मेले की निगरानी की जाएगी। एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों को मेले को लेकर सभी व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर सीडीओ अ. सुदन, एसडीएम सदर आर.जगत साईं और कोतवाल देवा अनिल कुमार पांडेय सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**देवा, अमृत विचार :** एक दिन पूर्व कार की टक्कर से घायल ऑटो सवार युवक की गुरुवार को मौत हो गई। देवा कस्बे से सटे ग्रापं मामापुर के मजरे शाह रोशन तकिया निवासी इस्लामुद्दीन शाह (35) बुधवार को ऑटो से बाराबंकी की ओर जा रहे थे। इसरहना मोड़ पर कार ने टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार दो घायलों को छपरा सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां गुरुवार को इस्लामुद्दीन की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पुलिस ने तमंचा समेत युवक को किया गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने अभियुक्त राहुल वर्मा निवासी दरावपुर थाना कोठी को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा मय एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्त पर थाना कोतवाली नगर पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

### बांसा दरगाह आई महिला की अचानक मौत

**मसौली, अमृत विचार :** ग्राम बांसा स्थित अब्दुल रज्जाक की दरगाह पर आई वृद्ध महिला गश खाकर गिर पड़ी। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। उन्नाव थाना असवन के मोहल्ला दयानंद नगर की कुसुम वर्मा ग्राम बांसा स्थित अब्दुल रज्जाक की दरगाह पर गुरुवार को नौचंदी मेला में आई थी जो अचानक गश खाकर गिर पड़ी। करीब साढ़े 11 बजे मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पास से मिले मोबाइल के जरिए परिजनों को सूचना दी गई। थाना प्रभारी यशकांत सिंह ने बताया कि महिला को ब्लड प्रेशर की बीमारी थी।

# गुरुशरण लोधी अध्यक्ष, अरुण उपाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जिला कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव गुरुवार को संपन्न हो गया। दोनो पदों पर चुनाव निर्विरोध हुआ। भाजपा प्रत्याशी गुरु शरण लोधी को अध्यक्ष एवं अरुण कुमार बैसवार को उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट व चुनाव अधिकारी अनुराग सिंह ने दोनों विजयी प्रत्याशियों को प्रमाणपत्र सौंपे।

इसके पूर्व भाजपा के प्रत्याशियों ने दोनो पदों पर पूर्वाह्न अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, राज्यमंत्री सतीश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, निवर्तमान सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, विधायक दिनेश रावत, राम कुमारी मौर्य, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, रोहित सिंह और रामेश्वरी त्रिवेदी समेत तमाम पार्टी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं जिला कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पद पर गुरु शरण लोधी एवं उपाध्यक्ष पद पर अरुण कुमार बैसवार के निर्वाचित घोषित होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने निर्वाचित दोनों प्रत्याशियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।


नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुरुशरण लोधी को प्रमाणपत्र देते चुनाव अधिकारी। अमृत विचार


दुर्गा जागरण महोत्सव में मौजूद ब्लॉक प्रमुख रामनगर। अमृत विचार

### पापों का हरण करती हैं मां शेरावाली

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** जगत जननी मां शेरावाली पापों का हरण करतीं हैं। मां के वन्दन से पापियों का नाश होता है। उक्त बातें रामनगर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने गजापुरवा गांव में आयोजित दुर्गा जागरण महोत्सव के कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए युवा पीढ़ी को आगे आना होगा। वहीं हनुमानगढ़ी के महन्त बाबा बलराम दास ने गांव से पारिवारिक रिश्ता बताते हुए कहा की गुरु जी से सैकड़ों लोग जुड़े हुए थे वह सभी आज भी मुझे वहीं सम्मान दे रहे हैं। इससे पहले सैकड़ों लोगों ने मोटर साइकिलों एवं बैंड बाजे के साथ दो किलोमीटर दूर से महंत बलराम दास एवं ब्लॉक प्रमुख की अगवानी की। क़स्बा रामनगर के मोहल्ला कादिराबाद दो में बुधवार को रात भव्य जागरण हुआ। जिसमें कलाकारों द्वारा मां दुर्गा बजरंगबली हनुमान सहित ईश्वर के विभिन्न स्वरूपों की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई। जिन्हें देखने के लिए दर्शन पूरी रात जमे रहे। इसी तरह अमोली कला में भी जागरण हुआ।

## सार-संक्षेप

### हफीज को मिली अयोध्या मंडल की अतिरिक्त जिम्मेदारी


हफीज सलमानी को नियुक्ति पत्र देते पदाधिकारी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** ऑल इंडिया सलमानी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष खैरुल बशर सलमानी ने जिलाध्यक्ष हफीज सलमानी को अयोध्या मंडल के अध्यक्ष की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने पर महामंत्री डॉ. सिराज सलमानी व मंजूर आलम, विकार सलमानी, राष्ट्रीय संयोजक इरफान सलमानी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रोशन जॉली, राष्ट्रीय संगठनमंत्री अवैस सलमानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शहाबुद्दीन,तौफीक, राष्ट्रीय प्रवक्ता आदिल, राष्ट्रीय सचिव डॉ. शफीक, नूर आलम, नफीस, डॉ. समीर आदि ने उन्हें मुबारकबाद दी।

### मिशन शक्ति के तहत निकली जागरूकता रैली

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** मिशन शक्ति फेज-5 के दृष्टिगत थाना कोठी सुबेहा पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन के तहत सीओ हैदरगढ़ आलोक कुमार पाठक व पुलिस उपाधीक्षक ट्रेनी गरिमा पंत की उपस्थिति में प्रभारी निरीक्षक कोठी संतोष कुमार सिंह ने हीरा लाल वर्मा इंटर कॉलेज की छात्राओं के साथ रैली निकालकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

### विहिप ने की कन्याओं की पूजा-अर्चना

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विहिप मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा रामनगर प्रखंड के ग्राम सुरवारी में कन्या पूजन के साथ दुर्गा अष्टमी कार्यक्रम मनाया गया। पूजा वर्मा ने दो दर्जन से अधिक शक्ति स्वरूपा कन्याओं के विधि विधान से पैर पखारे व सिर पर माता की चुनरी बांधकर कन्या पूजन किया। कहा बेटियां आदि शक्ति का स्वरूप हैं और बेटियां ही सृष्टि का सृजन करने वाली हैं। प्राचीन काल से ही नारी शक्ति सशक्त रही है। जब भी राष्ट्र धर्म व स्वयं की अस्मिता पर कुठारा घात हुआ है तब-तब चंडी का रूप लेकर दुष्टों का संघार किया है।

### प्रतिदिन स्कूल आने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय करोरा में प्रतिदिन स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रधानाध्यापक द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। माह सितंबर में विद्यालय में कुल नामांकित 83 बच्चों के सापेक्ष 40 प्रतिदिन स्कूल आने वाले बच्चों को विद्यालय परिवार की ओर से पुरुस्कृत किया गया। साथ ही सितंबर में निपुण होने वाले 12 छात्रों को भी पुरुस्कृत किया गया। प्रतिदिन आने वाले बच्चों को लंच बॉक्स, ग्लास, पेन, कॉपी आदि दिया गया। इस मौके पर संगीता, प्रह्लाद कुमार और अखिलेश सिंह मौजूद रहे।

### राम ने तोड़ा शिवधनुष, सीता से डाली जयमाला


धनुष यज्ञ लीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**फतेहपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बे में चल रही रामलीला में बुधवार की रात धनुष यज्ञ लीला का मंचन किया गया। जनकपुर में सिय स्वयंवर में राजागण बैठे हैं। तभी बाणासुर और रावण का प्रवेश होता है। दोनों में वाक युद्ध होता है। बल के मद में मदांध दशानन शिव धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने जैसे ही आगे बढ़ा तभी आकाश वाणी होती है उसकी सुता को कोई हर लिए जा रहा है।रावण वहां से चला जाता है। इसके बाद बंदीजन की घोषणा के बाद स्वयंवर में मौजूद राजागण अपना कौशल दिखलाते है परंतु शिव धनुष को हिला नहीं पाते हैं। तभी गुरु विश्वामित्र का आदेश पाकर राम धनुष पर प्रत्यंचना चढ़ा कर धनुष का खण्डन करते हैं और माता सीता का विवाह भगवान राम से होता है। उसके बाद अति क्रोध में परशुराम वहां आकार धनुष तोड़ने वाले अपराधी को चुनौती देते हैं। तभी परशुराम को पूर्ण विश्वास होता है कि श्री राम अवतारी हैं।

### प्रतिमा विसर्जन को लेकर परखी तैयारियां

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** बड्डूपुर कुर्सी थाना क्षेत्र से निकली शारदा नहर में शनिवार से मूर्ति विसर्जन शुरू होगा। एसडीएम फतेहपुर राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि रीवा-सीवां, बाबा कुटिया कुर्सी थाना क्षेत्र के पोखनी, शारदा नहर के पास विसर्जन होगा। इसे लेकर अफसरों ने विसर्जन स्थल घाट का निरीक्षण किया। घाट पर बैरिकेडिंग, सफाई, पार्किंग, प्रकाश व साउंड सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

### गरबा व डांडिया नृत्य का मना उत्सव

**कार्यालय बाराबंकी, अमृत विचार :** बुधवार की देर रात तक डांडिया नृत्य उत्सव कार्यक्रम सुमन फाउंडेशन के तत्वावधान में धनोखर चौराहे पर स्थित श्री दुर्गाधाम समिति माता के दरबार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बालिकाओं के डांडिया नृत्य से हुई। इसके बाद हरे परिधान में सजीं महिलाओं ने भारी संख्या में गरबा व डांडिया उत्सव मनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को प्रमाण पत्र दिये गये। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष सुमन श्रीवास्तव, मधु श्रीवास्तव, कमलेश शुक्ला, नीरा, मंजू, सोनी, ममता, रश्मि, नीरज, अनिता, प्रज्ञा, साक्षी, विनोद सहित समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाबा लाडी ने विक्की को दी हवाई पटखनी


विरोधी को हवाई पटखनी देते बाबा लाडी। अमृत विचार

- दंगल में महिला पहलवानों ने भी दिखाया दमखम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** शहर की सुप्रसिद्ध रामलीला में आयोजित होने वाला दंगल इस बार महादंगल के रूप में आयोजित किया गया। इस दंगल में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान के पहलवानों ने मल्लयुद्ध किया। जिसे देखने के लिये हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ी। दंगल में 70 कुश्ती कराई गई। जिसमें बाबा लाडी ने एक से बढ़कर दांव पेंच का प्रदर्शन किया और विरोधी को हवाई पटकनी देकर दर्शको का दिल जीत लिया। वही दंगल में महिला पहलवानों की कुश्ती भी आकर्षण का केंद्र रही। महिला पहलवानों की 12 से ज्यादा कुश्तियां कराई गईं। महिला पहलवानों में प्रमुख रूप से निर्मला हरियाणा और मोहन हिमाचल के बीच भी कुश्ती हुई। जिसमें निर्मला ने जीत दर्ज की।

## प्रभु श्रीराम ने किया बालि का वध

**बाराबंकी, अमृत विचार:** नगर की प्राचीन रामलीला में शबरी उद्धार, श्री राम हनुमान मिलन एवं बालि वध का सजीव मंचन किया गया। लीला के प्रारंभ में ऋषि दुर्वासा के श्राप के कारण कबंध राक्षस बन गया। जिसका श्री राम उद्धार करते है, तत्पश्चात शबरी के आश्रम पहुंच प्रभु राम ने शबरी की भक्ति स्वीकार करके नव प्रकार के भक्ति के मार्ग बताकर नवंधा भक्ति का सुंदर उपदेश देकर सीता जी का पता पूछने के लिए भेजा।

इसके बाद हनुमान जी एवं राम का मिलन होता है, जीवात्मा सुग्रीव से परमात्मा राम की मित्रता हनुमान जी करवाते हैं। अगले दृश्य में प्रभु राम के पूछने पर सुग्रीव ने पर्वत पर रहने का कारण बताया कि भाई बालि के द्वारा सुग्रीव का सर्वस्व हरने के बाद अब वह पर्वत पर ही निवासित है, सुग्रीव के द्वारा बतायी गयी बाते सुनते ही श्रीराम बालि से सुग्रीव को युद्ध के लिए कहते है, और मित्रता धर्म निभाते हुए बालि का वध कर देते हैं।

# ज्ञान का पिटारा से बच्चों की शिक्षा में होगा सुधार


वाहन को हरी झंडी दिखाते बीएसए संतोष देव पांडेय। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एजुकेट गर्ल्स संस्था ने जिले में संचालित 'ज्ञान का पिटारा' किट को बीएसए संतोष देव पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

'ज्ञान का पिटारा' उन बच्चों की मदद के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है जो अक्षरों को पहचानने, वाक्यों और पैराग्राफों को पढ़ने में कठिनाई महसूस करते हैं या जिनके लिए बुनियादी गणितीय संचालन को समझना व करना चुनौती पूर्ण है। बच्चों को विभिन्न शैक्षिक व खेल सामग्री के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाएगी जो उनकी शिक्षा को आसान व मजेदार बनाने में सहायक होगी। बीएसए ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों की सीखने की क्षमता को बढ़ाने और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मौके पर संस्था के जोनल ऑपरेशन लीड अर्जुन कुमार, पुनीत, नंदन, शादाब, वरिंदर, अरुण, कलीम, अभिनव, ललित, अलका आदि मौजूद रहीं।

## आधी आबादी को आज मिलेगा पुरस्कार व सम्मान

**बाराबंकी, अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जीआईसी ऑडिटोरियम में विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा होंगे। गुरुवार को डीआरडीए सभागार में सीडीओ अ. सुदन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने बताया कि राज्यमंत्री कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में 11 बालिकाओं को अन्नप्राशन, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा 21 बालिकाओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सम्मानित किया जाएगा। कन्या पूजन के लिये 51 कन्याओं को बुलाया गया है। नवरात्र में जन्म लेने वाली 25 बालिकाओं, शिशु एवं उनकी माताओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 10 होनहार छात्राएं जिन्होंने हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की 2024 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रर्दशन किया है, उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं ट्रॉफी दी जाएगी।

# बोआई के लिए प्रचुर मात्रा में खाद उपलब्ध

**बाराबंकी, अमृत विचार:** रबी की बोआई के लिए जिले में सहकारी, गन्ना, औद्यानिक, इफको उर्वरक बिक्री केंद्रों तथा निजी बिक्री केंद्रों पर वर्तमान में यूरिया, डीएपी, एमओपी, एनपीके व एसएसपी उपलब्ध है जो वर्तमान स्थिति में पर्याप्त है। किसानों से अपील है कि वह रबी फसलों की बोआई के लिए केवल डीएपी उर्वरक पर ही निर्भर न रहें। इसके स्थान पर एसएसपी, एमओपी तथा यूरिया का मिक्सचर बनाकर प्रयोग करें। इसमें सभी तत्व जो रबी फसलों के लिए जरूरी होते हैं, वह सुगमता से मिलेंगे। डीएपी में नाइट्रोजन व फास्फोरस पोषक तत्व प्राप्त होते हैं तथा एनपीके में नाइट्रोजन व फास्फोरस तथा पोटाश तीनों तत्व एक ही खाद में प्राप्त हो जाते हैं। डीएपी प्रयोग करने वाले किसानों को पोटाश की पूर्ति के लिए अलग से एमओपी क्रय करना पड़ता है। एसएसपी में 16% फास्फेट 12%सल्फर एवं 19% कैल्शियम पाया जाता है।

# नाबालिग से विवाह प्रकरण में समझौता कराने वाले दरोगा को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** घुंघटेर थाना क्षेत्र में नाबालिग से वयस्क का विवाह कराने का मामला सामने आया है। नानी की मर्जी से हो रही शादी पर पिता का विरोध भारी पड़ गया। शिकायत पुलिस तक पहुंची तो जांच करने गये दरोगा कार्रवाई की बजाय समझौता कराने लगे। बात आगे बढ़ी तो सही बात सामने आई। दरोगा पर लगे आरोप सही पाए गए। देर शाम आरोपी दरोगा को निलंबित कर दिया गया।

ग्राम पचासा के विजय यादव के 22 वर्षीय पुत्र बब्लू यादव का विवाह रोशनाबाद के एक व्यक्ति की 16 वर्षीय पुत्री से तय करा दी गई। सब कुछ किशोरी की नानी की मर्जी से ननिहाल में हुआ। इसकी भनक किशोरी के पिता को लगी तो उसने विरोध किया। पिता ने थाने में तहरीर दी और मामले से पुलिस को अवगत कराया। जांच दरोगा सुभाष दुबे को सौंपी गई। दरोगा मामले की जांच करने गए तो वहां किसी की कार्रवाई की बजाए वह दोनों पक्षों में समझौता कराने लगे। बात यहीं दब गई लेकिन पिता की पहल पर इसमें कार्रवाई का सवाल उठा तो समझौते की बात उभर आई। प्रकरण में दरोगा की भूमिका गलत पाते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया। एएसपी उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया जांच में गए दरोगा को विधिक कार्रवाई करनी चाहिए न कि समझौते की पहल। इसलिए उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

# जयकारों के बीच हुई महागौरी की पूजा

**बाराबंकी, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद में चल रही दुर्गा पूजा महोत्सव में नव पत्रिका पूजन ,मां का महास्नान, महाष्टमी की पूजा पुरोहित कंचन सान्याल द्वारा संपन्न कराई गई। सांस्कृतिक पंडाल में कई स्कूलों के बच्चों द्वारा शरदराज सिंह के निर्देशक में भक्तिमय कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मीडिया प्रभारी दिलीप श्रीवास्तव ने बताया की मां के दरबार में शुक्रवार को नवमी की सुबह 6:23 बजे महासंधि पूजा होगी जो पूजा महोत्सव को खास महत्व देती है। वहीं गुरूवार की रात 7:00 बजे पूजा तमाम प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण किए जाएंगे। गुरूवार रात 8:00 बजे मां के नौ स्वरूपों की महाआरती की गई।

### अष्टमी पर निकाली गई ज्योति यात्रा

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** बड़ागांव स्थित मां दुर्गा मंदिर मढ़ी टोला से अष्टमी पर परंपरागत रूप से ज्योति यात्रा निकाली गई जो हनुमान मंदिर, पूरब मोहल्ला मंझपटिया, काली मंदिर, नाली पार, शिव मंदिर, आईमाहार गांव होते हुए निर्धारित मार्गों से देर शाम दुर्गा मंदिर जाकर समाप्त हुई। ज्योति यात्रा के दौरान कमेटी अध्यक्ष किशन रस्तोगी, कल्लू यादव, राजेन्द्र प्रसाद, सूरज, रामू, रितेश, संजय, दुर्गेश आदि मौजूद रहे।


















देवो रुष्टे गुरुस्त्राता गुरो रुष्टे न कश्चन:।
गुरुस्त्राता गुरुस्त्राता गुरुस्त्राता न संशय:॥

भाग्य रूठ जाए तो गुरु रक्षा करता है। गुरु रूठ जाए तो कोई नहीं होता। गुरु ही रक्षक है, गुरु ही शिक्षक है, इसमें कोई संदेह नहीं।

## संपादकीय

# शास्त्रीय भाषाओं का संवर्द्धन

सांस्कृतिक विविधता एवं समृद्धि की दृष्टि से भारत विश्व में अतुलनीय स्थान रखता है। 'कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर बानी' की विशिष्टता वाले हमारे देश में अनेक प्राचीन भाषाएं हैं, जो अभी भी प्रचलन में हैं। यह सच है कि कुछ भाषाएं अध्ययन एवं अनुसंधान समेत कुछ विशेष कार्यों के लिए प्रयुक्त होती हैं, पर वे विलुप्त नहीं हुई हैं। शास्त्रीय भाषाएं भारत की गहन और प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की संरक्षक के रूप में काम करती हैं, जो प्रत्येक समुदाय के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मील के पत्थर का सार है। हाल ही में भारत सरकार ने पांच नई भाषाओं को 'शास्त्रीय' (क्लासिकल) भाषाओं की श्रेणी में शामिल किया है। ये भाषाएं मराठी, पाली, प्राकृत, असमी एवं बांग्ला हैं। संस्कृत, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और उड़िया पहले से ही इस सूची में हैं। इस प्रकार अब देश में मान्यता प्राप्त शास्त्रीय भाषाओं की संख्या 11 हो गई है।

गौरतलब है कि 12 अक्टूबर 2004 को तमिल भाषा के साथ इस सूची का प्रारंभ किया गया था। उसी वर्ष नवंबर में संस्कृत और बाद के वर्षों में अन्य भाषाओं को शास्त्रीय दर्जा दिया गया। अब इन पांच भाषाओं को शामिल करने का निर्णय किया गया है। ये निर्णय विशेषज्ञ समिति एवं साहित्य अकादमी द्वारा तैयार मानदंडों के आधार पर लिए जाते हैं। हालांकि इस वर्ष सुझावों के आधार पर मानदंडों में कुछ संशोधन भी किए गए हैं। संविधान की आठवीं अनुसूची के अंतर्गत भारतीय भाषाओं का एक वर्गीकरण होता है। जनगणना के दौरान लोगों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर भाषियों की गिनती की जाती है। केंद्र और राज्यों के स्तर पर विभिन्न भाषाओं को संरक्षित करने, उपलब्ध साहित्य का अनुवाद एवं प्रकाशन कराने तथा विकसित करने के कई कार्यक्रम चलते रहते हैं। पांडुलिपियों के संग्रहण और संरक्षण पर भी बहुत ध्यान दिया जाता है। ऐसे में शास्त्रीय भाषाओं की सूची का विस्तार एक उत्साहजनक व स्वागतयोग्य निर्णय है। इससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भाषाओं के सांस्कृतिक एवं अकादमिक महत्व को बढ़ाने में मदद मिलेगी। साल 2008 में शास्त्रीय तमिल के लिए एक केंद्रीय संस्थान की स्थापना की गई, जिसमें प्राचीन तमिल ग्रंथों के अनुवाद के साथ-साथ तमिल भाषा सिखाने के पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं। कन्नड़, तेलुगू, मलयालम और उड़िया भाषाओं के लिए भी विशिष्ट केंद्र खोले गए हैं। वर्ष 2020 में संस्कृत के लिए तीन विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में भारतीय भाषाओं के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उम्मीद की जा सकती है कि जिन भाषाओं को शास्त्रीय श्रेणी में शामिल किया गया है, उनके विकास के लिए भी अकादमिक प्रयास होंगे। साथ ही संस्थाओं और नागरिकों को भी इस दिशा में योगदान करना चाहिए।

# क्या ईश्वर के स्थान पर बैठ गया है इंसान



आर्य सागर खारी
नोएडा

प्रोटीन पर कार्य करने के लिए यह नोबेल पुरस्कार मिला है तो सबसे पहले प्रोटीन को हमें समझना होगा प्रोटीन क्या है? प्रोटीन मनुष्य सहित समस्त जीवधारियों व पेड़-पौधों के शरीरों का आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक है।

वर्ष 2024 का रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार किन वैज्ञानिकों को रसायन शास्त्र में किस काम के लिए मिला है, यह जानने समझने से पहले हमें यह जानना होगा कि 21 वीं सदी का रसायन शास्त्र बीकर, परखनली जैसे आधारभूत उपकरणों पर आश्रित न होकर कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे टूल पर निर्भर हो गया है। वर्ष 2024 का रसायन शास्त्र का नोबेल दो अमेरिकी व एक ब्रिटिश वैज्ञानिक को मिला है। अचरज की बात यह है कि इन तीन वैज्ञानिकों में कोई भी विशुद्ध तौर पर रसायन शास्त्री (केमिस्ट) नहीं है। पुरस्कार पाने वाले वैज्ञानिकों में दो कंप्यूटर वैज्ञानिक एआई विशेषज्ञ हैं तो तीसरे वैज्ञानिक कंप्यूटेशनल बायोलॉजिस्ट हैं। यह विज्ञान की आधुनिक शाखा है, जो कंप्यूटर साइंस, बायोलॉजी के मिश्रण से मिलकर बनी है।

प्रोटीन पर कार्य करने के लिए यह नोबेल पुरस्कार मिला है तो सबसे पहले प्रोटीन को हमें समझना होगा कि प्रोटीन क्या है? प्रोटीन मनुष्य सहित समस्त जीवधारियों व पेड़-पौधों के शरीरों का आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक है। हमारे बाल, नाखून, मसल्स जानवरों के सींग-पक्षियों के पंख हड्डियों को जोड़ने वाली कॉलेजन सभी प्रोटीन हैं। हमारे रक्त में पाए जाने वाला हीमोग्लोबिन शरीर में ग्लूकोज को नियंत्रित करने वाली इंसुलिन शरीर में पाए जाने वाले सभी हार्मोन यहां तक की एंजाइम सभी प्रोटीन हैं। प्रोटीन को यदि मानव शरीर से निकाल दे तो मानव शरीर पानी और हवा का एक बुलबुला मात्र रह जाएगा। शरीर की एक कोशिका दूसरी कोशिका से संपर्क जिन केमिकलों के माध्यम से करती है, वह केमिकल भी प्रोटीन है। शरीर संक्रमित होने पर अपनी रक्षा के लिए जिन एंटीबॉडी रसायनों का निर्माण करता है वह भी प्रोटीन ही है।

यह प्रोटीन प्रकृति में कुल 25 व हमारे शरीर में पाए जाने वाले 20 अमीनो एसिड से मिलकर बने होते हैं। आज दो करोड़ के लगभग प्रोटीन को आइडेंटिफाई किया जा चुका है। अमीनो एसिड क्या है? कार्बन आधारित जैविक अणु हैं, जो दहाई से लेकर हजारों की संख्या में जुड़कर एक खास सीक्वेंस में विभिन्न सरल से लेकर जटिल तीन आयामी प्रोटीन का निर्माण करते हैं। 1970 तक

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इस दुनिया को बदलने वाला है। दशकों में नहीं सालों में यह सब कुछ बदलने की क्षमता रखता है। क्या जीवन के रहस्य को सुलझा लिया जाएगा? क्या जीवन दाता ईश्वर को एक तरफ उपेक्षित बैठा दिया जाएगा, क्योंकि कुछ लोग ऐसी रिसर्च के आधार पर ही यह तर्क गढ़ते हैं।

वैज्ञानिक एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी की सहायता से कुछ हजार प्रोटीनों की संरचना के विषय में जान पाए थे, जो समय साध्य प्रक्रिया थी। वैज्ञानिक यह तो जान गए थे कि किसी प्रोटीन विशेष में कुल कितने अमीन एसिड का प्रयोग हुआ है, लेकिन प्रोटीन की संरचना बेहद जटिल होती है। आप इसे ऐसे समझ सकते हैं, प्रोटीन एक ऐसी गाय-भैंस को बांधने वाली धातु की बेल है, जिसके प्रत्येक के कुंदे को तो आप जानते हैं। एक कुंदे से दूसरा कुंदा किस क्रम में जुड़ा हुआ है, आप बेल की संरचना को आसानी से समझ सकते हैं। सरल प्रोटीन के मामले में तो आप इस उदाहरण को लागू कर सकते हैं, लेकिन वही कुंदे मिलकर किसी जटिल बेल रूपी प्रोटीन संरचना का निर्माण करते हैं, जिसकी ओर छोर का हमें पता नहीं है। अब वह बेल मानो ऐसे उलझ गई है कि हम चाहकर भी उसे सुलझा नहीं सकते। जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी के कारण आतंकित होकर घरों में सिमटी हुई थी तब ऐसी जटिल प्रोटीन संरचना के विषय में वर्ष 2020 तक दुनिया को कुछ पता नहीं था कि कैसे मिनटों में उसकी संरचना ज्ञात करें।

प्रोटीन की संरचना को लेकर 50 वर्षों से अबूझ बनी हुई इस पहेली को सुलझाने में एंट्री होती है, जॉन जंपर व डेमिक हस्साबिक नामक दो कंप्यूटर वैज्ञानिकों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विशेषज्ञ की, जिनमें एक अमेरिकी तो दूसरे ब्रिटिश हैं। दोनों डीप एआई नामक कंपनी के संस्थापक हैं, जिसका अधिग्रहण अब गूगल ने कर लिया है। इन दोनों वैज्ञानिकों ने अल्फा फोल्ड टू नामक एआई टूल विकसित किया, जिसके माध्यम से चार चरणों में अमीनो एसिड के प्रथम सीक्वेंस का पता लगाकर फिर किसी भी प्रोटीन की संरचना का पूर्व अनुमान लगा सकते हैं। भले ही उस प्रोटीन की संरचना कितनी ही जटिल हो, पूर्व अनुमान एकदम सटीक निकलता है। इनके द्वारा विकसित इस टूल का 190 देशों के 20 लाख मॉलेक्युलर बायोलॉजिस्ट इस फील्ड से जुड़े हुए विशेषज्ञ प्रयोग कर रहे हैं।

स्वीडिश नोबेल पुरस्कार कमेटी ने इन दोनों वैज्ञानिकों के काम की सहराना करते हुए नोबेल पुरस्कार की आधी राशि इन दोनों को देने की घोषणा की है। इन दोनों वैज्ञानिकों की खोज के आधार पर ऐसे एंजाइम जो प्रोटीन ही होते बनाए जा रहे हैं, जो पर्यावरण की शत्रु प्लास्टिक को अपघटित करेंगे। साथ ही एंटीबायोटिक दवाइयों से बैक्टीरिया में होने वाले रेजिस्टेंस की समस्या का समाधान भी इनकी खोज से संभव हो रहा है।

अब बात करते हैं तीसरे वैज्ञानिक डेविड बेकर की, जिन्हें पुरस्कार की आधी धनराशि मिली है। उन्होंने ऐसे प्रोटीन के निर्माण में महारत हासिल की, जो प्रकृति मानव शरीर या अन्य किसी जीव के शरीर में नहीं पाए जाते। इन्होंने रोसेटा नाम का कंप्यूटर प्रोग्राम खुद विकसित किया, जिसके माध्यम से 93 अमीनो एसिड को लेकर इन्होंने टॉप 7 नामक प्रोटीन बनाई जो नेचर में उपलब्ध नहीं है। इन्होंने अपनी बुद्धि को अनूठे तरीके से लगाया। इन्होंने अपने प्रोग्राम में प्रोटीन के घटक अमीनो एसिड के सीक्वेंस को न डालकर अपनी मनोवांछित प्रोटीन के डिजाइन को डाला, जिससे इन्हें अमीनो एसिड का सीक्वेंस मिल गया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इस दुनिया को बदलने वाला है। दशकों में नहीं सालों में यह सब कुछ बदलने की क्षमता रखता है। क्या जीवन के रहस्य को सुलझा लिया जाएगा? क्या जीवन दाता ईश्वर को एक तरफ उपेक्षित बैठा दिया जाएगा, क्योंकि कुछ लोग ऐसी रिसर्च के आधार पर ही यह तर्क गढ़ते हैं। यहां तक की जिनमें अधिकांश वैज्ञानिक नहीं होते वह कहते हैं जब वैज्ञानिक ऐसी प्रोटीन का निर्माण कर सकते हैं, जो ईश्वर की बनाई इस दुनिया में उपलब्ध नहीं हैं तो क्या यह संभव नहीं है? मनुष्य ईश्वर के स्थान पर आ गया है। इन सभी तर्कों का एक ही निराकरण है कि वैज्ञानिक जो भी कुछ करते हैं। भले ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी पॉवरफुल टूल उन्हें मिल गई है। वह सृष्टि रचना के नियमों का ही सहारा लेकर कुछ रचकर पाते हैं। वैज्ञानिकों के पास सृष्टि रचना सृष्टि में काम कर रहे विविध भौतिक रासायनिक जैविक नियमों से भिन्न कोई भी व्यवस्था नहीं है। अमीनो एसिड के बगैर कोई भी वैज्ञानिक कोई प्रोटीन नहीं बना सकता। अमीनो एसिड कार्बन नाइट्रोजन हाइड्रोजन जैसे तत्वों से मिलकर बने होते हैं। इन तत्वों के एक परमाणु को भी कोई वैज्ञानिक नहीं बना सकता।

यदि कोई प्रोटीन 100 अमीनो एसिड के सीक्वेंस से मिलकर बनी है तो उससे रैंडमली 10 की पावर 47 डिफरेंट संरचना बन सकती है। यह आंकड़ा इतना विशाल है कि आप इसकी गणना नहीं कर सकते अर्थात 10 के आगे 47 शून्य। अब इतनी विशाल संख्या में बनने वाली संरचनाओं की संभावना में से जो जीवन के लिए आवश्यक प्रोटीन हैं, वह यदि बने तो उसके लिए इतना समय चाहिए जितना समय सृष्टि की उत्पत्ति से लेकर आज पर्यंत हो चुका है अर्थात अरबों वर्ष। हमारे शरीर में तो हमारी कोशिकाएं अंग कुछ मिली सेकंड में ही हीमोग्लोबिन एल्बुमिन जैसी प्रोटीन बनाती हैं, जो रक्त का निर्माण करती है। वैज्ञानिकों ने अपनी गणनाओं से निष्कर्ष निकला कि यह पूर्व निर्धारित होता है। प्रत्येक अमीनो एसिड में यह जानकारी होती है, उन्हें किस उपयोगी प्रोटीन का निर्माण करना है, जिससे समय की बचत हो। अव्यवस्था का शरीर की कोशिका में कोई स्थान नहीं है। सब कुछ व्यवस्थित तरीके से होता है।

इस व्यवस्था की ही, जो व्यवस्थापक शक्ति है वही तो ईश्वर है। वेदों में जिसे प्रचेता अर्थात उत्कृष्ट ज्ञान देने वाला कहा गया है। आम आदमी जो शरीर की संरचना से अनभिज्ञ हैं। जीवन व्यवहार का उपयोगी ज्ञान ईश्वर उसको भी देता है और हमारे 2024 के रसायन शास्त्र के पुरस्कार विजेताओं को भी वही ज्ञान देता है। अंतर केवल इतना है कि आस्तिक व्यक्ति इसे शुद्ध अंतःकरण से स्वीकार करता है। इन वैज्ञानिकों ने अपने परिश्रम से एक सुखद रोगों से रहित दुनिया बनाने की दिशा में अपना सार्थक योगदान दिया है। मूल में ईश्वर के साथ-साथ हम इन वैज्ञानिकों के भी आभारी रहेंगे।

## प्रसंगवश

# क्या शोभा की वस्तु हैं गनर और पुलिस

यों तो पुलिस का नाम ही है आरक्षी और रक्षा करना उनका पावन कर्तव्य है। थानों में गीता के एक श्लोक की पहली पंक्ति दीवार पर मोटे अक्षरों में अंकित रहती है, "परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्:"। यानी वे सज्जनों की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए हैं।

इसके अलावा तमाम विशिष्ट लोगों को शासन अलग से रक्षक प्रदान करता है, जो शैडो, गनर, पीएसओ आदि पद नामों से पुकारे जाते हैं। इतना होते हुए भी कानून व्यवस्था को धज्जियां उड़ती रहती हैं और ये 'रक्षक' 'तटस्थ' बने रहते हैं। बात करते हैं उत्तर प्रदेश के लखीमपुर की, जहां 'अर्बन कोऑपरेटिव बैंक' के प्रतिनिधियों के चुनाव के समय स्थानीय भाजपा विधायक योगेंद्र वर्मा की पिटाई हुई। यह तब हुआ जब वहां पुलिस और एसडीएम मौजूद थे। यही नहीं, उन्हें व्यक्तिगत रक्षक गनर भी मिला हुआ था। यह घटना कारित करने वाला कोई साधारण व्यक्ति न होकर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह व उनके समर्थक थे, जिनकी पत्नी पुष्पा सिंह इस चुनाव में प्रत्याशी थीं। वे अध्यक्षा रह भी चुकी हैं। यह उदाहरण उद्धृत करने योग्य इसलिए भी है कि इस कानून भंजक घटना के पात्रों में एक कानून बनाने वाला है तो दूसरा न्याय पीठों को सही निर्णय तक पहुंचने में कानून बताकर मदद करने वाला नामचीन आधिवक्ता है। चूंकि मजिस्ट्रेट, पुलिस और गनर मूक दर्शक बने रहे और अपराध कारित होता रहा, तो इतना तो स्पष्ट हो ही गया कि प्रदेश में पुलिस, गनर आदि शोभा की ही वस्तु हैं। दोनों पक्ष भारतीय जनता पार्टी के हैं। अतः कम ही उम्मीद है कि कोई मुकदमा दर्ज होकर कार्यवाही होगी।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

एक और उदाहरण याद आ रहा है। अमेरिका की एक यूनिवर्सिटी में सभी छात्र 'श्वेत' थे। संयोग से एक 'अश्वैत' ने भी एडमीशन ले लिया। उसे श्वेत सताने लगे। यूनिवर्सिटी जाना दूभर हो गया। शासन ने पुलिस लगाई। विद्यार्थियों की संख्या बहुत थी। अश्वेत की रक्षा बेहद कठिन थी। अंततः उस एक विद्यार्थी के नागरिक अधिकारों की रक्षार्थ कई हजार पुलिस लगाई गई और वह बच्चा सकुशल वहां पढ़ता रहा। यूपी के इस प्रकरण में यदि लीपापोती हुई, तो कानून व्यवस्था पर से लोगों का विश्वास बहुत शिथिल हो सकता है।

# बिच्छू का मंत्र न जाने, पर सांप के बिल में हाथ डाले

इन दिनों हिंदुओं को हिंसक बताने का चलन सा हो गया है। कहा जाता है कि हिंदू धर्म हिंसक है! इसकी पुष्टि में प्रायः एक उद्धरण प्रस्तुत कर दिया जाता है, "वैदिक हिंसा हिंसा न भवति।" एक मित्र के पटल पर इस आशय का विमर्श दिखा था। उसे देखकर मेरे मन में जो भाव उठे, वे निवेदित हैं। हमारी चिंतन प्रणाली इतने निचले दर्जे पर कभी न रही। कहने के लिए हम विज्ञान के प्रवर्तक हैं, किंतु वैज्ञानिक बुद्धि का हममें लेश भी नहीं। अधकचरे ज्ञान से हम लबालब हैं, पर इससे काम चलने वाला नहीं है। यह धोखा देगा।

सवाल है कि हिंदुओं को अपमानित करने के लिए अपनी समझ को धूल धूसरित करने से क्या फायदा? सोचे-समझे वगैर दिए गए उद्धरणों से ज्ञान के संस्कार आपके गिरेंगे। भावी पीढ़ियां और आपके प्रपौत्र आप पर हंसेंगे और तब कोई पुरुषोत्तम आप की रक्षा करने के लिए न होगा। पहले तो यह समझें कि 'वैदिक हिंसा हिंसा न भवति,' यह वेद और उपनिषद का वाक्य नहीं है। यह भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित नाटक सत्य हरिश्चन्द्र का अंश है। उसका प्रसंग अलग और सीमित है। यह कोई विश्वजनीन सूक्ति नहीं है। ध्यान रहे किसी भी उक्ति की अर्थवत्ता प्रसंग पर निर्भर होती है। प्रसंग बदलते ही अर्थ बदल जाता है। कभी-कभी अर्थ का अनर्थ भी हो जाता है। सवाल है कि हम यह सब कब समझेंगे? कब समझेंगे कि नाटक दर्शन नहीं है। वह साहित्य का अंग है और एक कलात्मक विधा है। अन्य कलाओं की तरह इसका अलग महत्व है। रस एवं ग्राह्य मनः स्थिति उत्पन्न करना इसका साध्य है। भावोद्वेलन इसका जरिया है। अब रही बात जैन धर्म की! तो निःसंदेह जैन धर्म में जिस रूप में अहिंसा का प्रतिपादन है, वैसा अन्यत्र नहीं। वहां अहिंसा की पराकाष्ठा है, किंतु इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि जैनियों के समाज में हिंसा के दृष्टांत नहीं मिलते। क्या जैन राजा युद्ध में हिंसा नहीं करते थे? क्या अपराधियों को दंड का प्रावधान जैन समाज में नहीं है? क्या हिंसा का दृष्टांत भर मिल जाने से हम जैन धर्म को हिंसक बता देंगे? इन सवालों पर विचार करना चाहिए।



रामचंद्र ओझा
रांची, झारखंड

पहले तो यह समझें कि 'वैदिक हिंसा हिंसा न भवति,' यह वेद और उपनिषद का वाक्य नहीं है। यह भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित नाटक सत्य हरिश्चन्द्र का अंश है।

बौद्धों ने रोहिंग्या में मुसलमानों के साथ जो किया, वह सभी जानते हैं, किंतु इस आधार पर बौद्ध धर्म को कोई हिंसक धर्म नहीं मानता। बौद्धों ने 'जय बुद्ध' का नारा लगा तलवार नहीं खींची थी। गौर करें तो हर समाज में हर चीजों के दृष्टांत मिलेंगे, किंतु धर्म के मूल्यांकन का आधार उसका दर्शन है। कुरान के अनुसार काफिरों को मार देने की बात कही गई है तो क्या मुसलमान सभी हिंदुओं की हत्या करते चलते हैं? प्रेम और दोस्ती का भी तो प्रमाण मिलता है। दृष्टांत से कसौटी नहीं बदलती। इसलिए टॉर्च लेकर दृष्टांत न खोजें। क्या हम समझते हैं जैन और बौद्ध धर्म आसमान से टपके हैं या भारतीय धार्मिकता के अंग रहे हैं? हमें जानना चाहिए कि जैन धर्म में बताया गया सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह वस्तुतः उपनिषदों में भी है। एक नहीं कई उपनिषदों में ये प्रबलता से मौजूद हैं। छांदोग्य उपनिषद में सत्य, आर्जवम (ईमानदारी), दान, तप और अहिंसा, पांच आवश्यक गुण अपरिहार्य बताए गए हैं। शांडिल्य उपनिषद में दस संयमों की सूची दी गई है, जिसमें अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, दया, आर्जव, क्षमा, धृति, मिथ्याहार और शौच प्रमुख हैं।

सनातन, बौध और जैन में अंतर इन गुणों को लेकर नहीं है, बल्कि कुछ दार्शनिक बिंदुओं में भेद के कारण है। सत्य की अवधारणा और उस तक पहुंच के मार्ग को लेकर है। कुछ अंतर देश-काल के कारण है। किंतु अहिंसा भारतीय सभी धर्मों के मूल में है। परंतु वह अकारण नहीं है बल्कि उसकी एक दार्शनिक पृष्ठभूमि है। सवाल है कि इस अहिंसा का निहितार्थ क्या है। इसका अभिप्राय जानना जरूरी है।

इसका अभिप्राय केवल इतना है कि किसी की हत्या हमें इस कारण नहीं करनी चाहिए कि वह दूसरे धर्म और दूसरे देवता का उपासक है। मतभिन्नता के कारण किसी को शत्रु समझना वर्जित है। मत भिन्नता को उनका धर्म ग्रंथ शत्रु मानता हैं। इस पाग में मार्क्सवाद भी पगा हुआ है। अतः सांप के बिल में हाथ देने के पहले बिच्छू का मंत्र अवश्य जान लेना चाहिए और यह भी जान लेना चाहिए कि सनातन, जैन और बौद्ध अहिंसा का प्रतिपादन करते हैं, पर वहां भी आत्म रक्षा में हिंसा कहीं वर्जित नहीं है।

## सोशल फोरम

# प्रेम प्रकृति का वरदान

खान सर की जानकारी और उनके शिक्षण कौशल का मैं प्रशंसक हूं, लेकिन बच्चों को प्रेम करने से हड़काने का जो काम वे करते हैं, वह घातक है। लाखों विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की आग में झोंककर भी वे सफलता तो उतने को ही दिला पाएंगे न जितनी सीटें हैं? कुछ सौ या हजार विद्यार्थी मन को मारकर अगर सफल भी होते हैं तो उन लाखों असफल के लिए वे क्या सोचते हैं, जो न इधर के रहे, उन उधर के रहे। जो प्रेम और नौकरी दोनों से हाथ धो बैठे उनके प्रति उनका कोई दायित्व नहीं?

प्रेम प्रकृति का महान वरदान है। वह सहज-सुलभ नैसर्गिक आनंद है। उसमें बाधा डालने से मनुष्य सुखी नहीं हो पाएगा। सुयोग्य शिक्षक तो वह है, जो उस प्रेम की रक्षा करते हुए अध्ययन के प्रति प्रेम पैदा कर सके। सही शिक्षक वह है, जो प्रेमकला सिखाए न कि प्रेम से डराए। प्रेम अमृत है, नौकरी तो जीविका का साधन मात्र है। प्रेमरहित जीवन नीरस है, चाहे व्यक्ति कितनी ही बड़ी नौकरी क्यों न हासिल कर ले। समाज में प्रेमकला सिखाने वालों का घोर अभाव है। इसकी वजह से बच्चों का जीवन यौवन ऊर्जा की अग्नि में झुलस रहा है। अगर बच्चों में प्रेम का भाव नहीं पैदा किया तो गुरु या शिक्षक होने का हक नहीं है। शिक्षक को सदैव प्रेम को सकारात्मक ऊर्जा के रूप में छात्रों के समक्ष रखना चाहिए।

प्रेम प्रकृति का महान वरदान है। वह सहज-सुलभ नैसर्गिक आनंद है। उसमें बाधा डालने से मनुष्य सुखी नहीं हो पाएगा। सुयोग्य शिक्षक तो वह है, जो उस प्रेम की रक्षा करते हुए अध्ययन के प्रति प्रेम पैदा कर सके। सही शिक्षक वह है, जो प्रेमकला सिखाए न कि प्रेम से डराए।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

खान सर भी रूढ़िवादियों की तरह प्रेम के प्रति दृष्टि रखेंगे तो वे जितना उपकार नहीं कर पाएंगे, उससे ज्यादा अपकार कर बैठेंगे। इसलिए आग्रह है कि वे अपनी प्रेम विरोधी दृष्टि पर पुनर्विचार करें।

-फेसबुक वॉल से

# समाज के लिए आघात हैं तलाक के बढ़ते मामले

मान्यता है कि वैवाहिक जोड़े ईश्वर स्वर्ग में बनाता है, लेकिन हमेशा इन जोड़ों की आपस में नहीं बनती और ये बीच सफर में ही अलग होने का फैसला कर लेते हैं। सात जन्म का यह रिश्ता सही तरीके से एक जन्म भी नहीं चल पाता है और बात तलाक या विवाह विच्छेद तक पहुंच जाती है। पहले भारत में तलाक के किस्से आम नहीं थे, क्योंकि हमारे यहां विवाह एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार के रूप में माना जाता था, जिसमें दंपति तमाम वैवाहिक और पारिवारिक समस्याओं के बावजूद इसे जीवनपर्यंत निभाने की कोशिश करते थे। अनेक ऐसे परिवार हैं, जिनमें पति-पत्नी में कभी नहीं बन पाई, परंतु उन्होंने समाज और परिवार को ध्यान में रखकर अलग होने की बात कभी नहीं सोची, परंतु अब बदलते समय के साथ लोग इस दिशा में मुड़ने लगे हैं।

भारत में तलाक के मामले पिछले कुछ दशकों में बहुत तेजी से बढ़े हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार 2019-21 में तलाक की दर 0.8 प्रतिशत से बढ़कर 1.2 प्रतिशत हो गई, जिसमें शहरी क्षेत्रों में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। पिछले दो दशकों में तलाकों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है। आज दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों में तलाक की दर वैवाहिक जोड़ों में 30 प्रतिशत से भी ज्यादा है। दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता और लखनऊ जैसे बड़े शहरों में तलाक के मामलों में तीन गुना वृद्धि हुई है। हालांकि पितृसत्तात्मक समाज प्रधानता वाले राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारतीय समाज में विवाह भले ही एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार माना जाता रहा हो, परंतु एक पक्ष हमेशा से इसे पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंग के रूप में देखता रहा है, जो पति द्वारा पत्नी के शोषण पर आधारित था।

और राजस्थान आदि जैसे में तलाक और अलगाव की दर अपेक्षाकृत कम है। पूर्वोत्तर क्षेत्रों में तलाक की दर बहुत अधिक है। चिंताजनक बात यह है कि भारत में छोटे शहरों व गांवों में भी तलाक की दर में वृद्धि देखी जा रही है। दिल्ली में तलाक के प्रतिवर्ष लगभग 9 हजार मामले दर्ज किए जाते हैं, जो नब्बे के दशक में दर्ज होने वाले औसतन एक हजार मामलों से बहुत अधिक हैं। कोलकाता और चेन्नई में भी तलाक की दर में 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। केरल में तलाकों में 350 प्रतिशत की तो पंजाब और हरियाणा में तलाक के मामलों में 150 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। एक आंकड़े के अनुसार 2021 में देश भर की पारिवारिक न्यायालयों में विवाह विच्छेद के मामले करीब पांच लाख थे, वहीं वर्ष 2023 में बढ़कर आठ लाख से अधिक हो गए। महिलाओं की अपेक्षा तलाक की मांग करने वाले पुरुषों की संख्या बढ़ रही है। भारतीय समाज में विवाह भले ही एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार माना जाता रहा हो, परंतु एक पक्ष हमेशा से इसे पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंग के रूप में देखता रहा है, जो पति द्वारा पत्नी के शोषण पर आधारित था। पाश्चात्य संस्कृति से उपजी सोच ने तलाक को स्त्री स्वतंत्रता से जोड़कर देखना शुरु कर दिया है, जिसने परंपरागत वैवाहिक मूल्यों को कमजोर कर दिया है। भारत में शादी दो लोगों के बीच नहीं, बल्कि दो परिवारों के बीच होती है। हमारे देश में प्यार, नफरत, विवाह और दूसरी शादी जैसी समस्या को सामाजिक स्तर पर सुलझा लिया जाता रहा है। सर्वप्रथम वर्ष 1955 में संसद में हिंदू कोड बिल पारित किया, जिसमें महिलाओं को संपत्ति का अधिकार दिया गया। बहु विवाह पर रोक लगाई और तलाक मांगने का अधिकार भी मिला। वर्ष 1976 में इस में संशोधन किया गया तथा इसमें पति-पत्नी के बीच सहमति से तलाक लेने की अनुमति दी गई। पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव में समय के साथ ही परंपरागत संयुक्त परिवार टूटने लगा और स्त्री घरेलू से कामकाजी होते हुए आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने लगी। हालांकि पति भी अब पहले जैसे पुरुषवादी सोच के नहीं रहे हैं। तलाक के अधिकतर मामलों में यह मुख्य कारण उभर आता है कि दंपति द्वारा शादी के पहले के वादे पूरे न करना। इसके अतिरिक्त अपनी नौकरी की वजह से पत्नी को कम समय देना, नौकरी के कारण अलग-अलग शहरों में रहना। पत्नी की जिम्मेदारी न उठाना, विवाहेतर संबंध इत्यादि आम कारण रहा है। कई लोग घर वालों के दबाव में शादी कर लेते हैं, लेकिन बाद में यह रिश्ता कड़वाहट के साथ टूट जाता है। तलाक के निरंतर बढ़ते मामले एक बड़े सामाजिक बदलाव की ओर संकेत कर रहे हैं। हालांकि अभी भी भारत में तलाक की दर दुनियाभर में सबसे कम है, परंतु जिस तीव्र गति से इनमें वृद्धि हो रही है, उससे क्या यह आशंका नहीं कि भविष्य में हम पश्चिमी देशों के बराबर खड़े हो जाएंगे? यदि ऐसा हुआ तो इसका बुरा असर समाज के साथ-साथ देश पर भी पड़ेगा। सामान्यत संबंध विच्छेद की सबसे अधिक पीड़ा बच्चों के हिस्से में आती है। एकल परिवार में पले लड़कों में निष्क्रिय रहने की प्रवृत्ति होती है और लड़कियों में अवसाद एवं भटकाव की आशंका काफी अधिक बढ़ जाती है।

लंदन की किंगस्टन यूनिवर्सिटी में हुए एक रिसर्च के अनुसार तलाक लेने के पांच साल बाद पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा खुश रहती हैं, क्योंकि तलाक के बाद उन्हें खुलकर जीने का मौका मिला था। इसका सबसे बुरा असर यह पड़ रहा है कि जोड़े अब विवाह के बजाय लीव इन रिलेशनशिप में रहना ज्यादा पसंद करने लगे हैं, जिसमें कोई आपसी उत्तरदायित्व नहीं है और जब चाहें अलग हो जाएं, कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं और कोई पारिवारिक दायित्व नहीं। परंतु इससे विवाह नाम की संस्था की समाप्ति का डर है और परिवार का तो अंत ही हो जाएगा। यह भारतीय समाज के लिए बहुत बड़ा आघात होगा।

# शालीनता के प्रतीक रतन टाटा

हम सबके बीच रतन टाटा नहीं रहे। खबर सुनकर उनसे जुड़ी ढेर सारे किस्से कहानियां और घटनाएं, जहन में एक-एक कर उभरने लगी थी। इनमें कुछ घटनाएं ऐसी भी हैं, जिन्हें जानने-सुनने के बाद उनके गंभीर और शालीन व्यक्तित्व का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

वर्ष 2014 की बात है। देश में अभी सत्ता का परिवर्तन नहीं हुआ था। उन्हीं दिनों रतन टाटा ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने साथ घटित, एक ऐसे वाकये का जिक्र किया था, जिसे सुनकर सारा देश चौंक गया। चौंकना स्वाभाविक भी था, यदि प्रधानमंत्री के कार्यालय में कोई अधिकारी स्वयं रतन टाटा से किसी काम के एवज में पैसे की डिमांड करता है। देश के गिने-चुने शीर्ष उद्योगपतियों में से एक, रतन टाटा एक दिन स्वयं प्रधानमंत्री से मिलने उनके कार्यालय गए हुए थे। उन्हें 2जी स्पेक्ट्रम के संदर्भ में बातें करनी थीं। प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति के चलते उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री से नहीं हो पाती। लौटने से पूर्व, कुछ सोचकर वो वहां के एक अधिकारी के पास अपनी समस्या के निदान हेतु पहुंच गए। रतन टाटा आवाक रह गए, जब उस अधिकारी ने काम के एवज में पैसे की डिमांड रख दी। वो अपने चेहरे पर निर्विकार भाव लिए, वगैर कुछ कहे, वहां से वापस लौट आए। अपने इंटरव्यू में इस पूरे वाकये पर उन्होंने एक लाइन की टिप्पणी की थी "जब एक अदना सा अधिकारी रतन टाटा से रिश्वत की मांग कर सकता है, फिर तो सहज ही देश की हालात और सर्वत्र व्याप्त भ्रष्टाचार की कल्पना की जा सकती है"। धीर गंभीर दिखने वाले रतन टाटा का व्यक्तित्व ही कुछ ऐसा था कि उनकी प्रेम कहानियों की कोई खास चर्चाएं कभी भी गासिप कालम तक नहीं पहुंची, जबकि उनकी अंतिम दोस्ती तो फिल्म इंडस्ट्रीज की बहुचर्चित अभिनेत्री सिम्मी गरेवाल के साथ भी चली थी, जो पूरे सात सालों तक मंजिल की तलाश में भटकती रही।



विजय सिंह
रुद्रपुर, उत्तराखंड

## एक नजर

### मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण व प्रोत्साहन योजना को 15 अरब का ऋण

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण व प्रोत्साहन योजना के तहत शासन ने यूपीसीडा के माध्यम से उप्र एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को 1500 करोड़ रुपये ब्याजमुक्त ऋण की स्वीकृति दी है। इस वित्तीय वर्ष में 5000 करोड़ के सापेक्ष अभी 1000 करोड़ रुपये मिलना शेष है। स्वीकृत राशि मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीसीडा की ओर तय शर्तों एवं प्रतिबंधों के तहत निर्गत की जाएगी।

### केंद्र से कर हस्तांतरण में यूपी को मिले 31962 करोड़

**अमृत विचार , लखनऊ :** केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यों को 1,78,173 करोड़ रुपये का कर हस्तांतरण (टैक्स डिवाल्यूशन) दिया है। इसमें सर्वाधिक राशि 31,962 करोड़ उत्तर प्रदेश को जारी की गई है। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि यह अग्रिम धनराशि त्योहारों के मौसम की तैयारियों को काफी बढ़ावा और राज्य भर में विकास व कल्याण की पहल को गति देगी।

### स्वामीनारायण मंदिर छपिया का सौन्दर्यीकरण होगा

**अमृत विचार ,लखनऊ :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि गोण्डा स्थित स्वामीनारायण मंदिर छपिया को पर्यटन विभाग द्वारा 22.19 करोड़ रूपये से सौन्दर्यीकरण व विकास किया जाएगा। इसके लिए पहली किस्त आठ करोड़ रूपये की जारी कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत बजट में बस शेल्टर का विकास, मुख्य गेट व अन्य कई गेट का विकास, फसाड लाइटिंग के अलावा अन्य पर्यटक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

### 11 नव प्रोन्नत अधिशासी 144 नवनियुक्त अवर अभियंताओं को मिली तैनाती

**अमृत विचार , लखनऊ :** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां तेलीबाग स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के परिकल्प भवन सभागार में अवर अभियंताओं का पदस्थापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के 11 नव प्रोन्नत अधिशासी अभियंताओं (यांत्रिक) और 144 नवनियुक्त अवर अभियंताओं (सिविल) को उनके द्वारा मांगे गये विकल्प के अनुरूप पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत पदस्थापन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जलसंसाधन अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष अखिलेश सचान, प्रमुख अभियंता परियोजना संदीप कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ज्ञान, विज्ञान और तकनीक भारत के डीएनए में : मुख्यमंत्री

## एमपीआईटी प्रथम बैच के विद्यार्थियों से योगी ने किया संवाद, कहा- संघर्षों से राह बनाएं युवा तो सफलता कदम चूमेगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीक भारत के डीएनए में है। अपार संभावनाओं से परिपूर्ण युवाओं की तरफ पूरी दुनिया नई उम्मीद से देख रही है। निश्चित ही आने वाला समय भारत है। युवा संघर्षों से अपनी राह बनाएं, सफलता कदम चूमेगी।

वे गुरुवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) के प्रथम बैच के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में ज्ञान, विज्ञान और श्रम की त्रिवेणी अनवरत प्रवाहित है। परंपरा, परिश्रम और प्रगति हमारी प्रवृत्ति का हिस्सा है। यही प्रवृत्ति हमें दुनिया में सबसे विशिष्ट बनाती है।



गोरखनाथ मंदिर में महानिशा की पूजा और हवन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### मुख्यमंत्री ने दी बधाई, शुरू की महानिशा पूजा

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोरखनाथ की तपस्थली गोरक्षपीठ में शारदीय नवरात्र में अनवरत तीन दिन अनुष्ठान की शुरूआत अष्टमी की शाम गोरक्षपीठ के पारंपरिक निशा पूजा और हवन से की। इसके पहले महाअष्टमी एवं महानवमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके पहले गुरुवार पूर्वाह्न देवीपाटन शक्तिपीठ से गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधिस्थल पर जाकर शीश नवाया। देर शाम वह महानिशा पूजा में सम्मिलित हुए। शुक्रवार पूर्वाह्न नवमी तिथि के मान में कन्या पूजन तथा शनिवार को दशमी तिथि पर श्रीनाथ जी के विशिष्ट पूजन और गोरक्षपीठ से निकलने वाले परंपरागत विजयादशमी शोभायात्रा तक सीएम योगी गोरक्षभूमि पर शक्ति की भक्ति में रत रहेंगे।

उन्होंने कहा कि ऐसी तकनीकी पर ध्यान देना चाहिए जो जीवन को सरल और सहज बनाए, समस्याओं का समाधान करे। ऐसी तकनीकी पर फोकस करने की आवश्यकता है जो प्रकृति के साथ समन्वय बनाकर विकास को नई ऊंचाई पर ले जाए।

# पहले दे दी रामनवमी की छुट्टी, फिर किया सुधार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह की सोशल मीडिया टीम का कारनामा**

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह की सोशल मीडिया टीम का कारनामा शिक्षकों के बीच रामनवमी और महानवमी को लेकर छाया रहा।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शुक्रवार दोपहर 3:20 मिनट पर पोस्ट डालकर सभी परिषदीय स्कूलों में रामनवमी का अवकाश घोषित कर दिया। साथ ही रामनवमी की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी गईं। थोड़ी ही देर बाद शिक्षकों के वाट्सएप ग्रुपों पर चर्चा होने लगी कि रामनवमी तो चैत्र नवरात्र की नवमी को पड़ती है जो कि सात अप्रैल वर्ष 2025 को पड़ेगी। फिलहाल मंत्री के इंटरनेट मीडिया को संभालने वाली टीम को इस गलती का जैसे ही आभास हुआ उन्होंने इसे डिलीट कर एक्स पर दोपहर 3:46 मिनट पर नया पोस्ट कर उस पर महानवमी के अवकाश की सूचना और बधाई दी गई।

# उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा स्मार्ट प्रीपेड मीटर का कोई खर्च

## तीन किलोवाट के कनेक्शन पर ही मिलेगी थ्री-फेज कनेक्शन की सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर का खर्च उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा। इसके साथ ही, ऊर्जा निगमों के कर्मियों पर शत-शत मीटर लगाने का निर्देश दिया गया है।

आयोग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि थ्री फेस कनेक्शन के लिए अब उपभोक्ताओं को पांच किलोवाट का कनेक्शन नहीं लेना पड़ेगा, बल्कि तीन किलोवाट के कनेक्शन पर ही यह सुविधा दी जाएगी। इस वर्ष बिजली दरों का निर्धारण 10.67 प्रतिशत लाइन हानियों के आधार पर किया गया है। नई दरों के प्रस्ताव में बिजली कंपनियों ने लगभग 11,203 करोड़ का 'गैप' दिखाया था, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया है। बिजली कंपनियों की ओर से दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता प्रस्ताव में लगभग एक लाख 1784 करोड़ दिखाया गया था, इसमें भारी कटौती की गई है। कंपनियों पर इस साल भी उपभोक्ताओं का 1944 करोड़ रुपये 'सरप्लस' निकला है।

### मौजूदा कनेक्शन से चार्ज हो सकेंगे इलेक्ट्रिक वाहन

आयोग के फैसले के तहत अब किसी भी श्रेणी के उपभोक्ता अपने मौजूदा कनेक्शन से ही इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्ज कर सकेंगे। आयोग ने सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की ईवी टैरिफ दरें राज्य सड़क परिवहन ईवी चार्जिंग स्टेशनों पर भी लागू करने की अनुमति दे दी है। पर मल्टी-स्टोरी इमारतों और कॉलोनियों में सिंगल पॉइंट कनेक्शन धारकों के जरिये ओवरचार्जिंग पर सख्ती कर दी गई है। शिकायतों को ध्यान में रखते हुए आयोग ने बिलिंग जानकारी के खुलासे के लिए नए प्रक्रियात्मक प्रावधान बनाए हैं। निर्देशों का पालन न करने पर सिंगल पॉइंट फ्रेंचाइजी पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### उपभोक्ताओं को बिल वितरण ईमेल व व्हाट्सएप पर

आयोग ने बिजली कंपनियों की ओर से उपभोक्ताओं को बिल वितरण ई-मेल, व्हाट्सअप व अन्य डिजिटल माध्यम से भेज सकेंगे। आयोग के निर्देश के तहत उपभोक्ताओं को पूरी बिलिंग जानकारी देने व बिल को अधिकृत प्रतिनिधि से हस्ताक्षरित किया गया होना चाहिए।

### ज्यादा भार पाए जाने पर अगले वर्ष बढ़ाया जाएगा भार

बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर ज्यादा बिजली भार पाए जाने पर अगले वित्तीय वर्ष विभाग की ओर से भार बढ़ाया जाएगा। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने नई बिजली दरों में यह प्रावधान किया है। नए प्रावधान के तहत बिजली की अधिकतम मांग में वृद्धि के मामले में जहां रिकार्ड की गई अधिकतम मांग एक वित्तीय वर्ष के दौरान कम से कम तीन बार स्वीकृत भार सीमा से अधिक हो गई हो, उनमें से सबसे कम मांग पर उपभोक्ता को आधार बताते हुए अगले वित्तीय वर्ष से बिजली भार बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। आयोग के फैसले के तहत सिंगल प्वाइंट कनेक्शन पर स्थानीय निवासियों के बिजली उपभोग करने व निवासियों के जरिये बिलिंग का खुलासा न करने पर दंडित किया जाएगा। आयोग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पांचों वितरण निगमों में 1,47,901.52 मिलियन यूनिट की बिजली खरीद व 1,01,783.45 करोड़ की समेकित वार्षिक राजस्व आवश्यकता के दावे के समकक्ष आयोग ने 1,47,904.69 मिलियन यूनिट व 96,225.02 करोड़ अनुमोदित किए हैं।

### हरित ऊर्जा दर में की गई कमी

नियामक आयोग ने हरित ऊर्जा (ग्रीन टैरिफ) को घटाते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के 0.44 रुपए प्रति यूनिट से घटाकर 0.36 रुपए प्रति यूनिट कर दिया है। इससे हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।यह उपभोक्ताओं के लिए सस्ती साबित होगी। आईटी व आईटीईएस उद्योगों के लिए औद्योगिक श्रेणी के प्रयोग के संबंध में राज्य सरकार को नीतिगत निर्णय लेने का प्रावधान किया गया है। यानी आईटी क्षेत्र को उद्योग का दर्जा मिल जाने से इन्हें औद्योगिक दर पर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

**ट्रांसमिशन की दरों में 12 प्रतिशत की कमी :** आयोग ने पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन की दरों में 12 प्रतिशत की कमी करते हुए इन्हें 26 पैसे से घटाकर 23 पैसे कर दिया गया है। ग्रिड का संचालन करने वाली बिजली कंपनी यूपीएसएलडीसी का पहली बार 536 प्रति मेगावाट प्रति माह का वार्षिक राजस्व आवश्यता प्रस्ताव अनुमोदित किया गया है।

## टैक्स चोरी करने वाले डॉक्टर की संपत्ति की जांच हो : देवेन्द्र प्रताप

**अमृत विचार,लखनऊ :** उप्र. विधान परिषद सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह ने गोरखपुर में निजी अस्पताल चलाने वाले चिकित्सक डॉ.अनुज सरकारी और उनके परिवार सदस्यों की आय से अधिक संपत्ति की जांच कराने की मांग प्रर्वतन निदेशालय, नई दिल्ली से की है। इसके लिए उन्होंने गुरुवार को प्रर्वतन निदेशालय के निदेशक को पत्र भी लिखा है।

# राज्य के तीन सरकारी अस्पताल देश में अव्वल

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ **एनक्वास जांच में बाराबंकी व सीतापुर के जिला अस्पताल और हरदोई का स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्धारित मानक पर खरे उतरे**

**अमृत विचार :** आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मामले में बाराबंकी जिला अस्पताल, सीतापुर में जिला महिला अस्पताल और हरदोई के सब हेल्थ सेंटर ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह जानकारी नेशनल हेल्थ सिस्टम रिर्सोस सेंटर, भारत सरकार ने मिशन निदेशक उप्र. पिंकी जोवल को पत्र के जरिए दी है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से जारी पत्र के अनुसार नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) सर्टिफिकेट में बाराबंकी में जिला अस्पताल (पुरुष) को 97.19 प्रतिशत अंको के साथ मानक पूर्ण माना गया है। गर्भवती महिलाएं, नवजात शिशु और सामान्य चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में जिला महिला अस्पताल सीतापुर ने 90.56 प्रतिशत अंक और हरदोई के सब हेल्थ सेंटर सोम ने 82.22 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। मालूम हो कि बेहतर व्यवस्थाओं के लिए मानकों की जांच कर सरकार द्वारा एनक्यूएएस अवार्ड दिया जाता है। इसके लिए अस्पताल में जलापूर्ति, फायर सेफ्टी, चिकित्सा सेवाओं के लिए सभी जरूरी उपकरण, मरीजों की संतुष्टि, सामुदायिक शौचालय, हर्बल गार्डन, कचरे का निस्तारण आदि मानकों की जांच की जाती है और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर अंक प्रदान किए जाते हैं।

# लखनऊ कुंभ समिट को मिला 25.11 लाख का बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **18 मंडल मुख्यालयों पर होना है आयोजन, प्रत्येक में खर्च होंगे करीब 45 लाख रुपये**

**अमृत विचार :** महाकुंभ 2025 की तैयारी को लेकर सरकार माहौल बनाने में जुटी हुई है। शासन से प्रत्येक समिट का खर्च करीब 45 लाख रुपये प्रस्तावित है। हालांकि सरकार ने लखनऊ में संपन्न हुए पहले समिट के लिए शासन ने 25.11 लाख रुपये का बजट स्वीकृत कर दिया है।

इस राशि से कलाकारों का मानदेय, मार्ग व्यय, मंच निर्माण, लाइट एवं साउंड व्यवस्था, साज-सज्जाव प्रचार-प्रसार के लिए भुगतान किया जाएगा। प्रस्तावित 44.96 लाख से शेष धनराशि वित्त नियंत्रक के परीक्षणोपरांत कलाकारों के आवास एवं भोजन, स्थानीय यातायात, कुंभ अभिनंदन रथ, गायत्री परिवार के प्रतिभागियों के लिए जलपान, अंगवस्त्र, मोमेंटो, वीडियोग्राफी, लाइफ स्ट्रीमिंग, बहुरूपिया क्राफ्ट, बैक स्टेज, अभिलेखीकरण के लिए बाद में दी जाएगी।

### आज से झांसी में समिट, 14 दिसंबर को प्रयागराज में समापन

11-12 अक्टूबर को झांसी, 14-15 अक्टूबर को वाराणसी, 17-18 अक्टूबर को चित्रकूट में कुंभ समिट के बाद कानपुर, अयोध्या, मेरठ, अलीगढ़, आगरा, गोरखपुर, आजमगढ़, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, मीरजापुर, देवीपाटन, बस्ती मंडल में भी समिट का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत रोड-शो, बाल-युवा कुंभ, शक्ति कुंभ, कला-संस्कृति कुंभ, कवि कुंभ, तथा भक्ति कुंभ जैसे कार्यक्रम होने हैं। इसके लिए संस्कृति विभाग ने 12,600 लोक कलाकारों का पंजीकरण किया है।

## महानिदेशक प्रशिक्षण बनी डॉ.सुषमा सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल को स्थायी रूप से महानिदेशक परिवार कल्याण बना दिया गया है। अभी तक उनके पास इसका अतिरिक्त कार्यभार था। उनके स्थान पर निदेशक सीएचसी डॉ.सुषमा सिंह को महानिदेशक प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल इसी माह अक्टूबर 2024 में सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

## रायबरेली समेत चार जिलों के सीएमओ बदले

**अमृत विचार,लखनऊ :** राज्य के चार जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बदल गए हैं। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार द्वारा जारी आदेश में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में बतौर रेडियोलॉजी कार्यरत डॉ.नवीन चंद्रा को रायबरेली का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा गाजीपुर में मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.सुनील पाण्डेय और कन्नौज में डॉ.स्वदेश गुप्ता, महाराजगंज में डॉ.श्रीकांत शुक्ल को सीएमओ नियुक्त किया गया है।

## वर्ग पहेली-218

**बाएं से दाएं**

1.1. किसी का विनाश करने वाली, विनाशिनी 2. मार डालने वाली, नष्ट करने वाली।

5. अंगारों पर दग्ध किया हुआ, भूना हुआ, जलाया हुआ।

7. हठधर्मी, दुराग्रही, अड़ियल।

8.1. धांधली करने वाला, घोटालेबाज़ 2. भ्रष्टाचारी, बेईमान 3. धूर्त।

**ऊपर से नीचे**

2. तीन रंगों वाला।

3.1. (संगीत) एक रागिनी जिसे प्रात:काल गाते हैं 2. (संगीत) चार मात्राओं का एक ताल।

4. भौतिकवादी, पदार्थवादी।

6.1. धोखा देने वाला, जालसाज़ी या कपटपूर्ण व्यवहार करने वाला, ठग, विश्वासघाती 2. छली, कपटी, बेईमान, दगाबाज़, धूर्त, कुटिल।




### वर्ग पहेली -217 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज | ■ | 2 के | ■ | 3 सिं | ■ |
| तु | ■ | जु | ■ | गा | ■ |
| क | ■ | अ | ■ | रि | ■ |
| ■ | 4 ढो | ल | 5 कि | या | ■ |
| 6 पू | ■ | ■ | लो | ■ | 7 झाँ |
| ज | ■ | 8 पी | ल | पाँ | व |
| न | ■ | ■ | ■ | ■ | ली |

## सुडोकू -131

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | 9 | | | | 4 | |
| | 7 | | | 1 | 6 | | | |
| | | | | | | 5 | 3 | |
| 6 | | 4 | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 8 | | 7 | | | 9 |
| | | | | 5 | | 2 | | |
| | | 5 | | | | | | 8 |
| | | | 3 | 2 | | | | |
| | 9 | | | | 1 | 7 | | |

### सुडोकू - 130 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 7 | 2 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 1 | 6 | 2 | 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 1 | 3 |

# ट्रांजिट बीमा में फंसा गाय खरीद का अनुदान, बाध्यता खत्म

## मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना : 1250 लाभार्थियों का हुआ था चयन, 1013 के आवेदन लंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **अब लाभार्थियों को चयन प्रमाण पत्र मिलते ही खरीदनी होगी गाय**

**अमृत विचार :** पशुपालन के साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए 2023 में मंडलीय जिलों में शुरू हुई नंद बाबा मिशन के तहत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना साकार नहीं हो पाई है। बाहरी राज्य से गाय खरीदने पर वहीं से ट्रांजिट बीमा कराने की बाध्यता और अन्य कठिन कागजी प्रक्रिया के कारण योजना में चयनित कुल 1250 लाभार्थियों में 1013 को अनुदान नहीं मिला है और आवेदन लंबित हैं।

जबकि योजना के ज्यादातर लाभार्थी हरियाणा, राजस्थान समेत अन्य राज्यों से साहीवाल, गिर, थारपाकर व गंगातीरी दुधारू गाय खरीदकर इकाई संचालित कर रहे हैं। ट्रांजिट बीमा यानी बाहरी राज्य से गाय लाने पर जोखिम को देखते हुए कुछ दिन के लिए कराया जाता है। इसमें आ रही समस्या के कारण सरकार ने बीमा की बाध्यता हटा दी है। साथ ही अब लाभार्थियों को चयन प्रमाण पत्र मिलते ही जल्द गाय खरीदनी होगी और अनुदान जल्द मिलेगा। इससे पहले गाय खरीदने के लिए दो माह का समय निर्धारित था। दुग्धशाला अधिकारी संजय सिन्हा ने बताया कि बीमा स्वैच्छिक हो गया है। साथ ही सभी जिलों में योजना संचालित की जाएगी।

### मंडलीय जिलों में इतने आवेदन लंबित

लखनऊ 72, बरेली व सहारनपुर 61-61, मुरादाबाद 60, आगरा 43 आवेदन, अलीगढ़ 45, मिर्जापुर, बांदा व झांसी 59-59, कानपुर नगर 67, आजमगढ़ 37, गोरखपुर 33, गोंडा 45, बस्ती 52, अयोध्या व वाराणसी 70-70, प्रयागराज 56, मेरठ 64

### दो गाय पर 80 हजार रुपये अनुदान

यह दो गाय की दो लाख रुपये से इकाई लगाने की दुग्ध विकास विभाग की योजना है। इसका नोडल पशुपालन विभाग है। चयनित लाभार्थी को बाहरी राज्यों से साहीवाल, गिर, थारपाकर व गंगातीरी में कोई दो गाय खरीदने के साथ उनका तीन साल का बीमा, टीनशेड, चारा मशीन समेत अन्य संसाधन खुद से पहले करने हैं। इसके बाद कुल 80 हजार रुपये अनुदान मिलता है। वहीं, मिशन निदेशक राकेश कुमार मिश्र ने समीक्षा में खराब प्रगति मिलने पर दो माह के अंदर गाय खरीदकर 100 फीसद अनुदान भुगतान करने के निर्देश दिए हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 12.06 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** - आज परिजनों की इच्छाओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। व्यापार में आय बढ़ने से आप विस्तार का विचार कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन बेहद खुशहाल रहेगा। अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें।

**वृष** - आज परोपकार के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी को आभूषण उपहार में दे सकते हैं। अधीनस्थ सहकर्मियों से तालमेल में कमी देखने को मिलेगी। मित्रों से मिलने के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन** - आज विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकालेंगे। अत: सोच-समझकर ही आप अपनी प्रतिक्रिया दें। युवा प्रेम विवाह के लिए परिजनों से चर्चा कर सकते हैं। धर्म-ग्रंथों के अध्ययन के प्रति आकर्षित होंगे।

**कर्क** - आज मन में निराशाजनक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। गले में दर्द और बुखार की समस्या हो सकती है। आप कुछ चिंतित रहेंगे। व्यापार में नया प्रयोग न करें। विरोधियों के सामने आप कमजोर दिखाई देंगे।

**सिंह** - आज व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। चारों ओर का वातावरण बहुत शुभ रहेगा। घर में अतिथियों का आगमन होने की संभावना बन रही है। आपकी रचनात्मक क्षमताओं का विकास होगा।

**कन्या** - आज दोपहर के बाद धन को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। परिवार के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है।

**तुला** - आज पुराना कर्जा उतार सकते हैं। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकता है। मित्र आपको उत्तम सलाह देंगे,जिसका आपको भी लाभ मिलेगा। करियर में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। सुबह-सुबह आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज अपने लक्ष्य को लेकर लापरवाह न रहें। संतान को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। आपके स्वभाव की लोग आलोचना कर सकते हैं। इसीलिए व्यवहार में संतुलन बनाए रखें। महिलाओं को कुछ स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

**धनु** - आज उधार दिया हुआ धन आपको वापस प्राप्त होगा। घर में अतिथियों का आगमन होगा। नए संपर्क से आपको धन लाभ हो सकता है। आपके व्यवहार में ताजगी बनी रहेगी। युवाओं को अच्छी नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**मकर** - आज मेडिकल छात्रों को कुछ नया सीखने को मिलेगा। काम की अधिकता की वजह से ओवरटाइम करना पड़ सकता है। विदेश में नौकरी ढूंढ रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। प्रशासन से जुड़े लोगों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

**कुंभ** - आज उच्च अधिकारी आपके काम में बाधा डाल सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। कार्य की अधिकता के कारण परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। अपने साथियों से प्रतिस्पर्धात्मक व्यवहार न करें।

**मीन** - आज लोग आपके विचारों का विरोध कर सकते हैं। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। परिजनों के व्यवहार से थोड़े क्षुब्ध होंगे। अपने आसपास के लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। अपने काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन। ताराबल-भरणी, कृतिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 12 अक्टूबर 05.25 तक तत्पश्चात श्रवण।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- सत्ते पे सत्ता — सुबह : 11.04
- फूल और कांटे — शाम : 04.05

**&pictures**
- होगी प्यार की जीत — सुबह : 11.02
- दबंग — रात : 07.30

**Sony Pix**
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 11.27
- जॉन विक — रात : 09.00

**Zee Cinema**
- शूरवीर — सुबह : 11.22
- भीमा — रात : 08.00

**Zee Action**
- जिगर — सुबह : 10.46
- सूर्या 3 — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मुन्ना- मम्मी मैं कल से स्कूल नहीं जाऊंगा।
मम्मी- क्यों बेटा, क्या बात हो गई?
मुन्ना- मम्मी आज स्कूल में हम सभी बच्चों का वजन किया गया था।
मम्मी- तो क्या हुआ?
मुन्ना- मुझे डर है कि अगर रेट अच्छा मिल गया तो ये स्कूल वाले हमें बेच ही न दें।

पति (किताब पढ़ते हुए) - एक लेखक ने लिखा है कि पतियों को भी बोलने की आजादी होनी चाहिए।
पत्नी (हंसते हुए)-देखो वो भी बेचारा लिख ही पाया, बोल नहीं पाया।

# रानीखेड़ा में आकर्षण का केंद्र बना देवी मां का दरबार

## दो दशक से मां दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ. विनीस राय के नेतृत्व में हर साल श्रद्धालुओं के सहयोग से मां भगवती का भव्य दरबार सज रहा

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार:** शारदीय नवरात्र पर क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाइवे पर स्थित रानीखेड़ा में मइया का दरबार आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। दो दशक से क्षेत्र के रानीखेड़ा में मां दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ. विनीस राय के नेतृत्व में हर वर्ष शारदीय नवरात्र में श्रद्धालुओं के समन्वित सहयोग से मां भगवती का भव्य दरबार सजाया जाता है। मां के दरबार में नवों देवियों की मूर्तियों की स्थापना करके विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की जाती है। सुबह-शाम संगीतमय आरती में भाव विभोर श्रद्धालुओं ने जमकर जयकारे लगाते हैं।



रानीखेड़ा में सजा भव्य नवदुर्गा पूजा पंडाल। अमृत विचार

### क्या कहते हैं श्रद्धालु



डॉ. विनीस राय।

मां दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ. विनीस राय ने बताया कि इस बार माता रानी का 23वां पांडाल सजाया गया है। मातारानी की कृपा से हर बिगड़े काम बन जाते हैं।



विकास कुमार।

ग्राम प्रधान विकास यादव ने बताया कि मइया के दरबार में श्रद्धालुओं में एकता एवं भाईचारा दिखाई देता है। सभी लोग मातारानी की पूजा अर्चना करते हैं।



अखिलेश पटेल।

भाजपा किसान मोर्चा के जिलामंत्री एवं बछरावां व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अखिलेश पटेल ने बताया कि पांडाल में मातारानी के नवों स्वरुपों के साथ ही भैरवनाथ की पूजा की जाती है।



दुर्गेश सिंह।



अरविंद सिंह।

दुर्गेश सिंह, अरबिन्द सिंह ने बताया कि मां भगवती के जागरण में श्रद्धालुओं की श्रद्धा भक्ति देखते बनती है। बड़ी ही शिद्दत के साथ श्रद्धालु मातारानी की पूजा में शामिल होकर मैया की पूजा, अर्चना एवं अराधना करते हैं।

# विद्या मंदिर में आयोजित किया गया कन्या भोज

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार:** विद्या भारती द्वारा संचालित बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नवरात्रि के सप्तमी तिथि पर कन्या भोज का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय में उपस्थित समस्त बालिकाओं को कन्या भोज कराया गया। विद्या मंदिर के अध्यक्ष अनंत अनूप पांडेय ने बताया कि नवरात्र के अवसर पर विद्यालय में कन्या भोज का कार्यक्रम हुआ है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में कन्या पूजन व भोज कराना हमारी सनातन संस्कृति की परंपरा है। विद्यालय की आचार्या संध्या भारती ने कहा कि मातृशक्ति की आराधना हमारे देश की संस्कृति है। विद्यालय के स्काउट प्रमुख आचार्य सूर्यकांत मिश्र ने कहा कि बेटी सचमुच में देवियां हैं, बेटी है तभी सृष्टि है, इसलिए परंपरा से बेटियों को देवी का दर्जा दिया गया है।

कार्यक्रम का समापन विद्यालय के आचार्य आलोक कुमार मिश्र ने कराया। इस अवसर पर आचार्य सूर्यकांत मिश्र, आचार्या बहन संध्या भारती और आचार्य आलोक मिश्र उपस्थित रहे।

# राधा-कृष्ण की झांकियां देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार:** शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में क्षेत्र के बेड़ारु कस्बा स्थित माता रानी के मन्दिर में मां भगवती का जागरण सम्पन्न हुआ। राधा-कृष्णा प्रेमी झांकी ग्रुप भवानीगढ़ के मशहूर कलाकारों ने कृष्णा प्रेमी के नेतृत्व में मां भगवती, विध्न विनाशक गणेश, भोलेनाथ-मां पार्वती, राधा कृष्ण, सुदामा चरित्र, मथुरा वृंदावन की फूलों की होली, श्रीकृष्ण रासलीला सहित मनमोहक अद्भुत झांकियों की अनुपम प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।



माता रानी के मन्दिर में जागरण कार्यक्रम में झांकियां प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

जागरण में कृष्णा प्रेमी ने राधा, मां पार्वती, सोनू छलिया ने भोलेनाथ, श्रीकृष्ण, सौरभ मिश्रा ने विध्न विनाशक गणेश व सुदामा का जीवान्त अभिनय कर सभी का मन मोह लिया। जागरण का आयोजन जगन्नाथ चौधरी, रमेश शुक्ला, दिलीप कैराती, सुरेन्द्र सिंह, सरोज कुमार आदि ग्रामीणों के समन्वित सहयोग से किया। जागरण में अद्भुत झांकियां देख श्रद्धालु टस से मस नही हुए जो रातभर झूमते गाते हुए करतल ध्वनि से झांकी कलाकारों का उत्साह वर्धन करते नजर आए, माटी के लाल कृष्णा प्रेमी का अपनी मातृभूमि पर जीवान्त अद्भुत अभिनय देख ग्रामीणों ने उन्हे सम्मानित करते हुए उनकी जमकर सराहना की।

# लक्ष्मण ने काटी सूर्पणखा की नाक, सीता को हर ले गया रावण

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार:** रामलीला मंचन में सूर्पणखा की नाक लक्ष्मण काट देते है। सूर्पणखा की बातें सुनकर लंकापति रावण क्रोधित हो उठता है। वह प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण से युद्ध करने के लिए खर-दूषण को भेजता है। अयोध्या के दोनों भाई राक्षसों का वध कर देते हैं। इसके बाद रावण माता सीता के हरण की साजिश रचता है और इसमें सफल भी हो जाता है।

रामलीला के 8वे दिन सीता हरण, जटायु मोक्ष लीला का मंचन किया गया। प्रभु श्रीराम के पंचवटी निवास के दौरान वहां रावण की बहन सूर्पणखा प्रभु की सुंदरता पर मोहित हो जाती है। जिस पर वह प्रभु श्रीराम के सामने शादी का प्रस्ताव रखती है। प्रभु श्रीराम अस्वीकार कर देते हैं। इसके बाद वह सूर्पणखा लक्ष्मण के पास जाती है और शादी का प्रस्ताव रखती है। मगर लक्ष्मण भी उसके प्रस्ताव को अस्वीकार कर देते हैं और उसकी नाक काट देते हैं। इस पर सूर्पणखा रोते हुए अपने भ्राता रावण के पास जाती है और बेइज्जती करने की बात कहती है। इस बात पर रावण क्रोध में आ जाता है और मारीच को हिरन का वेष धारण कर वन में भेजता है। मृग को पकड़ने के लिए माता सीता श्रीराम से अनुरोध करती है। सीता को अकेले ना छोड़ने का आदेश लक्ष्मण को देकर राम हिरण पकड़ने चले गए। राम की आवाज सुन सीता ने लक्ष्मण को राम की मदद के लिए जाने का आदेश दिया। सीता की आज्ञा सुन, लक्ष्मण ने, सीता को लक्ष्मण रेखा में सुरक्षित किया और राम की मदद को चल दिए, तभी साधु का रूप धर, रावण, भोजन लेने सीता माता की कुटिया के पास आ पहुंचा और सीता से लक्ष्मण रेखा से बाहर आकर भोजन देने को कहा। जैसे ही माता सीता भोजन देने लक्ष्मण रेखा से बाहर आईं, रावण ने सीता का अपहरण कर लिया। जब रावण अपने विमान से लंका जा रहा होता है तो जटायु रावण के बीच युद्ध छिड़ जाता है।



रामलीला में रावण व राक्षसों की भूमिका अदा करते कलाकार। अमृत विचार

इस पर रावण जटायु को घायल कर देता है। इसी दौरान प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण वन से वापस आते है तो माता सीता को पंचवटी में न देखकर व्याकुल हो जाते हैं और वन में सीता की तलाश शुरू कर देते हैं। रास्ते में जटायु को घायल देखकर प्रभु श्रीराम उसका उद्धार करते हैं।

# मां दुर्गा के भजनों पर झूमे भक्त



सलोन नगर के दुर्गा पूजा पंडाल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** सावन किं ऋतु है आजा मां हम झूला तुझे झुलायेंगे... भक्ति भजनों पर रातभर देवी भक्त झूमते रहे। जागरण पार्टी के कलाकारों ने सलोन नगर के दुर्गा पूजा पंडाल के सामने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। श्रीराम लीला दुर्गा पूजा कमेटी के कार्यकर्ताओं ने देवी पंडाल में पूजा स्थल पर दीप प्रज्ज्वलित कर जगराते की शुरुआत की। बुधवार रात्रि सलोन नगर के दुर्गा पूजा पंडाल के समीप जगराते का आयोजन किया। जिसमें कलाकारों ने पूरी रात माता रानी के भजनों से भक्तों को डुबाए रखा। भजन गायिका डॉ. एकता रस्तोगी ने मां मुरादे पूरी करदे हलवा बांटूंगी, आ गया मैं खाटू वाले, हारा हूं बाबा पर तुझ पे भरोसा है जैसे सुंदर भजन पर भक्तों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। माता रानी के जयघोष से पंडाल गूंजता रहा। भजन गायक बब्बी शुक्ला ने खाटू श्याम तेरे दर पर आये है और मां की हर बात निराली है के भजनों की जमकर गंगा बहाई, जिसमें भक्त पूरी गोता लगाते रहे।

इस दौरान ने भी मां के भजनों को बेहतर ढंग के प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान माता रानी की झांकी भी बड़े सुंदर ढंग से सजाई गई। मां के जगराते में कसबे के अलावा आसपास के गांवों के भक्त भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सुबह आरती और प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हो गया। सन्देश अग्रहरि, अंजनी साहू, राजीव साहू, विजय बाबू साहू आदि लोग मौजूद रहे।

## महाविद्यालय की दीवार में दरार, डीएम से शिकायत

**डलमऊ, अमृत विचार:** नगर क्षेत्र के अंतर्गत छोटा मठ के पास दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन को लेकर संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। साथ ही महाविद्यालय के दीवारों को क्षति ना पहुंचे इसके लिए दूसरी जगह गड्ढा खोदवाने की मांग की है। स्थानीय तहसील प्रशासन व नगर पंचायत के द्वारा छोटा मठ में संचालित संस्कृत महाविद्यालय की दीवाल के बगल में विगत कई वर्षों से दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के लिए गड्ढा खुदवाया जाता है, जिससे महाविद्यालय की दीवार लगातार क्षतिग्रस्त होती जा रही है। इस समस्या को लेकर एसडीएम डलमऊ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से शिकायत की गई, लेकिन मामले को नजर अंदाज कर दिया गया।

# ठेकेदार सहित दस पर प्राथमिकी दर्ज

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** जिले में खाकी का इकबाल खत्म होता नजर आ रहा है। आए दिन जनपद में पुलिसकर्मियों के धमकाने व अभद्रता करने के मामलों में इजाफा हो रहा है। नए पुलिस अधीक्षक के आने के बाद अब तक पुलिसकर्मियों में कोई बदलाव नजर नहीं आया। लकड़ी ठेकेदार द्वारा पीआरवी 112 में तैनात पुलिसकर्मी को धमकाने का वीडियो सोशल मीडिया में खूब सुर्खियां बटोर रहा है।

दरअसल मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र चकसुंडा पुलिया के पास का है। इसमें दबंग लकड़ी ठेकेदार रात्रि में गश्त कर रहे डायल 112 के सिपाही मनोज कुमार को धमका और गालियां दे रहा। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्थानीय पुलिस की खूब किरकिरी हो रही है। पहले पुलिस मामले को दबाने में जुटी रही लेकिन मामले ने तूल पकड़ लिया तो पुलिसकर्मी की तहरीर पर दोषी ठेकेदार सहित 10 अज्ञात लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया मामला संज्ञान में आया है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी।



पुलिस कर्मियों को धमकाता लकड़ी ठेकेदार।

**दो थानों का हिट्रीशीटर है लकड़ी ठेकेदार :** पुलिकर्मियों से अभद्रता करने वाला दबंग लकड़ी ठेकेदार दो थानों का हिस्ट्रीशीटर भी है। हरचंदपुर थानाध्यक्ष बबिता पटेल ने बताया राजकुमार के ऊपर हरचंदपुर थाने में मारपीट गाली-गलौज की धाराओं सहित 10 मुकदमे पंजीकृत है। वहीं ठेकेदार राजकुमार पर गुरबक्शगंज थाने में अपने भांजे की हत्या करने का भी मुकदमा दर्ज किया गया था। ऐसे हिस्ट्रीशीटर पर पुलिस शुरूआती लचीला रवैया कहीं ना कहीं आपसी सांठगांठ की ओर इशारा कर रहा है।

# रायन वाईकर्स ने किया ट्रॉफी पर कब्जा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** रायन इंटरनेशनल स्कूल में रायन प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच रायन वाइकर्स बनाम रायन सुपरस्टार के मध्य खेला गया। इसमें रायन वाईकर्स ने जीत हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया।



रायन प्रीमियर लीग की ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते रायन वाईकर्स के खिलाड़ी।

इससे पहले फाइनल मैच का उद्घाटन अजय प्रताप यादव एवं प्रधानाचार्या सदफ खान ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रायन वाइकर्स की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में पांच विकेट खोकर 113 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायन सुपरस्टार की टीम ने शुरुआत में तो अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन बाद में शौर्य शुक्ला की तूफानी गेंदबाजी के आगे उनके बल्लेबाज ज्यादा देर तक क्रीज पर न टिक सके। जल्दी-जल्दी आउट हो गए। शौर्य शुक्ला ने 10 रन देकर 5 विकेट प्राप्त किया। रायन सुपरस्टार टीम की ओर से सर्वाधिक रन शशांक विक्रम सिंह ने 13 गेंद में 34 रन बनाएं, जिसमें चार छक्के और दो चौके शामिल हैं। इसके बावजूद उनकी मेहनत काम नहीं आयी। रायन सुपरस्टार को एक बॉल पर छह रन की आवश्यकता थी, लेकिन वह पांच रन ही बना सकी।

प्रतियोगिता में बेस्ट बैट्समैन का खिताब प्रशांत यादव, प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब शौर्य शुक्ला और बेस्ट बॉलर का खिताब विजय विक्रम सिंह को दिया गया।

सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्या द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र तथा ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा वंशिका सिंह एवं अन्यय वीर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर धनंजय सिंह, अजय प्रताप सिंह, आशुतोष, गिरीश त्रिवेदी, विवेक त्रिवेदी, दीनानाथ सिंह, यतीद्र सिंह, अभिषेक द्विवेदी, रीना मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### संविलियन विद्यालय के बच्चों ने कई पात्रों का किया चरित्र चित्रण



मोन गांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल बच्चे। अमृत विचार

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** संविलियन विद्यालय मोन में गुरुवार को बच्चों द्वारा सनातन संस्कृति और आस्था के प्रतीक रामायण के विभिन्न पात्रों का चरित्र चित्रण किया गया। उसके बाद विद्यालय की बच्चियों द्वारा भजनों के माध्यम से पूजा अर्चना की गई। इसके बाद रावण दहन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। नन्हे-मुन्ने किरदारों को देख आस-पास के ग्रामीणों ने भी दशानन दहन का दृश्य देख बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए। जय श्रीराम का उद्घोष किया। इस मौके दर्जनों ग्रामीणों सहित अध्यापक व बच्चों की उपस्थिति रही।

### पीडब्ल्यूडी ने शुरू कराया सड़क निर्माण का कार्य

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** यूपी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिलाध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री मृत्युंजय बाजपेई, महामंत्री शिवम गुप्ता ने तहसील दिवस में सड़कों को जल्द ठीक करने की मांग की थी। बुधवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने लालगंज की सड़कों को ठीक कराना शुरू कर दिया है। गोविंदपुर वलौली से लेकर पानी की टंकी तिराहे तक के गड्ढो को भर दिया गया है। करुणा बाजार चौराहे के गड्ढो पर भी डामरीकरण हो गया है, लेकिन अभी भी बाईपास रोड, अटल चौक गांधी चौराहा और कोतवाली रोड सेमरपहा के गड्ढे नहीं भरे गए हैं। व्यापार मंडल ने लालगंज नगर के आसपास की सभी सड़कों के गड्ढो को जल्द से जल्द भरे जाने की मांग की है।

### कांग्रेस के प्रदेश सचिव ने चौपाल में सुनीं समस्याएं

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव ने जगतपुर के दर्जनों गांव में चौपाल लगाकर लोगों की समस्या सुनकर निस्तारण का भरोसा दिलाया। गुरुवार को जगतपुर विकास क्षेत्र के अंतर्गत जगत सिंह का पूर्व सिंगापुर भटौली कल्याणपुर सुरजई सिकंदरपुर सहित आदि दर्जनों गांव में कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतुल सिंह ने चौपाल लगाकर लोगों की जन समस्याएं सुनी। इस मौके पर रामदत्त पांडेय, विनय सिंह, रामराज लोधी, अभिमन्यु यादव, सोनू गुप्ता, अनिल तिवारी, प्रेम नारायण, वासुदेव, इंद्रसेन सविता, सदाशिव लोधी, प्रेम शंकर, शिवराम पटेल, गंगा प्रसाद मौर्य, शारदा मा बिरजू राकेश आदि लोग मौजूद रहे।

### गोकशी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के उबरनी में गोकशी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप मच गया। मामले में पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गुरुवार को जगतपुर थाना क्षेत्र के उबरनी गांव में गोकशी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें एक स्थान पर धारदार सामग्री के साथ गाय बंधी दिखाई दे रही थी। सोशल मीडिया वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस के हाथपैर फूल गए। क्षेत्राधिकार डलमऊ ने बताया कि वायरल वीडियो के आधारा पर गोवध निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इसमें शामिल लोगों को चिन्हित करके कार्रवाई की जा रही है।

### बड़े भाई ने छोटे बहन-भाई को पीटा, वीडियो वायरल

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बड़े भाई द्वारा छोटे भाई-बहन को पीटने का वीडियो वायरल हो रहा है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### महिला ने युवकों पर अभद्रता करने का लगाया आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली।** क्षेत्र की एक महिला ने तीन युवकों पर अमानवीय कृत्य करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मारपीट में मामले को दर्ज किया है। वहीं पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। मामला दो दिन पुराना है। रोहनिया विकास खंड की रहने वाली एक दलित महिला ने अपने घर में दुर्गा मां की चौकी स्थापित कर रखी है। वह नौ दिन व्रत थी। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता ने कहा है कि उसके पड़ोस के रहने वाले एक व्यक्ति की सुअर उसके घर में घुस गई थी। जिस पर दोनों पक्षों में मामूली विवाद हुआ था। वहीं, दूसरे दिन सुबह वह शौच के लिए गांव से बाहर नहर पर गई थी, तभी वहां घात लगाए बैठे तीन युवकों ने उसे पकड़कर अमानवीय कृत्य किया। मामले की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस ने पूरी घटना को सामान्य मारपीट में दर्ज कर लिया। गुरुवार को एसपी के पास पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है। उधर, कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट की घटना की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे तदनुसार कार्रवाई होगी।

# संघ का विरोध प्रदर्शन 14 को

**रायबरेली, अमृत विचार:** मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ की ओर से 14 अक्टूबर को काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान शासन द्वारा एएनएम की अटेंडेंट ऑनलाइन लागू कर दिये जाने का विरोध किया जाएगा। यह जानकारी संघ की अध्यक्ष रामा यादव ने दी है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सीएमओ समेत अन्य अधिकारियों को पत्र भेजा गया है।

**कार्यालय : खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड-शुकुल बाजार जनपद-अमेठी**

पत्रांक : विज्ञप्ति/245-52/2024-2025 दिनांक :- 10-10-2024

**पुनर्विज्ञप्ति/निविदा सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पत्रांक : एस0एस0ए0/ निर्माण/925/ 2024-25 दिनाँक 16.08.2024 के क्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड शुकुल बाजार के अंतर्गत परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में अवस्थित निम्नलिखित जर्जर भवनों की नीलामी/ध्वस्तीकरण हेतु मूल्यांकन समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य/सर्वोच्च बोली गयी धनराशि पर जर्जर भवनों की नीलामी की जानी है। जिनकी विद्यालयवार न्यूनतम धनराशि निम्नवत है:-

| क्र0सं0 | विद्यालय का नाम | न्यूनतम मूल्याकंन धनराशि (रू.) |
|---|---|---|
| 1 | स्वयबर शुक्ल | 31436.00 |
| 2 | दक्खिनगांव क्यार- I | 31692.00 |
| 3 | दक्खिनगांव क्यार- II | 32999.00 |
| 4 | पूरे शुक्लन | 56102.00 |
| 5 | रसूलपुर | 56169.00 |

नीलामी में प्रतिभाग के इच्छुक व्यक्ति विद्यालयों को नीलामी तिथि से पूर्व भौतिक रूप से स्थलीय निरीक्षण कर ले तथा विद्यालय की न्यूनतम मूल्याकिंत धनराशि की 10 प्रतिशत धनराशि डी.डी. प्रतिभूत के रूप में सम्बन्धित विद्यालय की विद्यालय प्रबन्ध समिति के नाम से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर आवेदन पत्र नियम शर्तो सहित प्राप्त कर सकते है। नीलामी हेतु आवेदन पत्र दिनांक 24.10.2024 को सांय 05:00 बजे तक स्वीकार किये जायेगें। नीलामी हेतु न्यूनतम 03 आवेदनकर्ता प्रति विद्यालय अनिवार्य है। नीलामी दिनांक 25.10.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पादित की जायेगी।

खण्ड शिक्षा अधिकारी,
वि0क्षे0-शुकुल बाजार, अमेठी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिए ''खुली'' ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है :-

**निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण : 19-2024-कालोनी, कार्य का नाम** - गोरखपुर-उप मुख्य विद्युत अभियंता/कालोनी क्षेत्राधिकार में विभिन्न सबस्टेशनों के जीर्ण, क्षतिग्रस्त, पुराने और अधिक पुराने एल.टी./एच.टी. पैनलों और संबद्ध उपकरणों को प्रतिस्थापित करके विद्युत आपूर्ति क्षमता में वृद्धि, **अनुमानित लागत :** ₹ 2,38,26,502.00, **बयाने की राशि :** ₹2,69,100.00, **ई-निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य, **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से :** 09 माह।

• ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 30.10.2024 समय 15:00 बजे तक। • इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी/
मुजाधि/विद्युत-146 पू.उ.रे./गोरखपुर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**एसीवोल्ट कर्षण को चालू करना 25000 सड़क उपयोगकर्ताओ को चेतावनी**

जन साधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि लखनऊ मण्डल, पूर्वोत्तर रेलवे के **इलेक्ट्रिक लोको ट्रिप शेड, गोरखपुर** पर 25000 केवी एसी वोल्ट विद्युत कर्षण आरम्भ करने के लिए सभी समपारो पर सड़क सतह से अधिकतम 4.78 मीटर उचाई की गेजे लगाई गई है ताकि बहुत अधिक उचाई वाली लोडेड सड़क वाहन को विद्युतमय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकता या संपर्क मे आने से रोका जा सके ।

जन साधारण को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सड़क वाहनो के लदान के प्रयोजन मे लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊँचाई गेजों का अतिक्रमण न करें।

अत्यधिक ऊँचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है ।

1. ऊँचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरुप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा। 2. वाहन पर ले जाये जा रहे सामाग्रियों या उपकरण को खतरा। 3. चालको की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क के कारण आग लगने का खतरा और जीवन की हानि का खतरा ।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/
मुजाधि/विद्युत-148 निर्माण, गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## एक नजर

### जमीन को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** भदोखर थाना क्षेत्र के पूरे हेम मजरे सूरजकुंडा गांव में जमीन विवाद में जमकर लाठी डंडे चटके। पुलिस ने घायल को इलाज हेतु बेलाभेला भेजा। राधेश्याम और रामचरन के मध्य पिछले कुछ दिनों से जमीनी विवाद चल रहा है जिसके चलते दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी तभी राधेश्याम और विनोद ने दूसरे पक्ष की पिटाई कर दी। उप निरीक्षक अनिल यादव ने बताया कि जमीनी विवाद में मारपीट हुई है। मामला दर्ज कर चोटिल रामचरन को इलाज के लिए बेलाभेला सीएचसी भेजा गया है।

### पशुपालकों को किया गया जागरूक

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** पशुपालन विभाग पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर नित नए कार्यक्रम आयोजित कर पशुपालकों को जागरूक कर रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संजय सिंह, पशुधन प्रसार अधिकारी प्रशांत सिंह, अखिलेश कुमार, कल्लू प्रसाद, सुबीर की टीम ने प्रधान विमलेश कुमार की अगुवाई में पूरे सबल, पूरे गोपाल सिंह और पूरे हन्नू मजरे बेलागुसीसी में पशुपालकों को पशु संचारी रोग के संबंध में उन्हें जानकारी दी तथा रोग नियंत्रण करने के संबंध में उन्हें सचेत किया गया। ग्राम विकास अधिकारी विजय प्रताप भारती व रोजगार सेवक मयंक यादव की टीम ने गांव में साफ सफाई कराई। पशुधन प्रसार अधिकारी प्रशांत सिंह ने तीन दर्जन से अधिक पशुओं के स्वास्थ्य की जांच कर पशुपालकों को निशुल्क दवाइयां वितरित की। इस मौके पर ग्रामीणों की भीड़ मौजूद रही।

### बालिका से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली आठ वर्षीय बालिका गांव में माचिस लेने गई थी, तभी गांव निवासी एक युवक ने उसे कमरे में घसीट कर मुंह बंद कर छेड़खानी कर रहा था। शोर सराबा पर परिजन पहुंचे तब तक आरोपी मौके से फरार हो गया। वहीं पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर गांव निवासी सचिन को नामजद किया है। अरुण कुमार नौहवार ने बताया कि बालिका से छेड़खानी व अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को जेल भेजा गया है।

### दो पक्षों में चटकीं लाठियां चार लोग घायल

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के कोरिहर गांव में गुरुवार की दोपहर जमीनी विवाद में जमकर खूनी संघर्ष हुआ। मामला कोरिहर गांव निवासी विनोद शर्मा और देवीशंकर का जमीनी विवाद चल रहा है। गुरुवार सुबह देवीशंकर के पुत्र पंकज, राहुल, नीरज और विकास ने विवादित जमीन पर लकड़ियां डाल दी। जब विनोद शर्मा और उसके परिवारजनों ने लकडियां डालने से मना किया तो दोनों पक्षों में जमकर लाठियां चटकीं। इस मारपीट में ग्रामीण और परिवारजनों ने सभी घायलों को सीएचसी जतुआ टप्पा पहुंचाया, जहां विवेक की हालत गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कार्यवाहक थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। मुकदमा पंजीकृत करके अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव नुनैरा निवासी एक व्यक्ति के हांथ कुछ लोगों ने कूटरचित अभिलेखों के जरिए धोखाधड़ी करके बैनामा किया। नुनैरा निवासी राजकिशोर ने इस संबंध में पुलिस से शिकायत की है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला किशोरी का शव

## मां का आरोप, अज्ञात युवक बेटी को फोन पर कर रहा था तंग, पुलिस मामले की जांच में जुटी

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग किशोरी का शव घर के अंदर कमरे में पंखे से लटकता पाया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पीएम के लिए भेज दिया है। घटना के दौरान मृतका की मां और छोटी बेटी राशन की दुकान पर गई थी। पुलिस ने मृतका की मां के फोन को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सलोन कोतवाली अंतर्गत पूरे जोधी मजरे मटका गांव निवासी रुकसाना बानो (16) पुत्री कय्यूम का शव गुरुवार सुबह उसी के घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका पाया गया। घटना की जानकारी मृतका की मां को तब हुई जब वह छोटी बेटी के साथ राशन की दुकान से घर लौटी थी। मृतका की मां रेहाना बानो ने बताया कि उसका पति मुम्बई में नौकरी करता है। घर पर दो बेटियों के साथ रहती थी। गुरुवार की सुबह आठ बजे केवाईसी लगाने राशन की दुकान पर बेटी के साथ गई थी। लगभग दस बजे के बीच जब घर लौटी तो घर का गेट अंदर से बंद था। छोटी बेटी दीवार फांद कर घर के अंदर गई तो बड़ी बेटी रुकसाना का शव दुपट्टे के सहारे पंखे से लटक रहा था। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतका की मां के मुताबिक उसकी पुत्री को अज्ञात युवक तंग करता था। उसने बताया कि चार दिन पूर्व अज्ञात नम्बर से फोन पर उसकी बहसबाजी भी हुई थी। इस संबंध में सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।


पूरे जोधी मजरे मटका गांव में किशोरी की मौत के बाद जांच पड़ताल करती पुलिस।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भंवरेश्वर मंदिर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से साइकिल युवक की मौत हो गई। बछरावां कोतवाली क्षेत्र के सरौरा गांव का रहने वाला दीपक (22) पुत्र भागीरथ अपनी साइकिल से किसी गांव में रिश्तेदारी गया था। बृहस्पतिवार को वापस लौटते समय भंवरेश्वर और सुदौली गांव के बीच अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब तक ग्रामीणों की मदद से उसे अस्पताल लाया जाता तब तक उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। कोतवाल ओपी तिवारी का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के श्रीराज नगर रेलवे स्टेशन के करीब बुधवार को एक युवक की बनारस-लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर मौत हो गई। चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि बुधवार की दोपहर को बनारस-लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में शिवकुमार गौतम (43) निवासी खुदीखेड़ा मजरे पुरहिया थाना निगोहा अचानक चपेट में आ गया, जिससे उसकी कटकर मौत हो गई। मृतक के घर वालों ने मौके पर पहुंचकर युवक की पहचान की। घटनास्थल पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सरकार की योजनाएं जरूरतमंदों तक पहुंचाना पहली प्राथमिकता : बीडीओ

संवाददाता,डलमऊ, रायबरेली


ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में अतिथि को सम्मानित करते आयोजक।

▸▸ उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्रधान और प्रधानाध्यापक हुए सम्मानित

**अमृत विचार:** ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में विकासखंड के परिषदीय विद्यालय में तैनात उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाध्यापक व उनका सहयोग करने वाले ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। खंड विकास अधिकारी डलमऊ सत्यदेव यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रत्येक योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होती है।

एआरपी सुशील कुमार ने ड्रॉप आउट बच्चों के विषय में बताया कि शिक्षक व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विद्यालय से ड्रॉप आउट करने वाले बच्चों को रोका जा सकता है उनके अभिभावकों में जागरूकता पैदा करके शिक्षा का माहौल बनाया जा सकता है। एआरपी विनोद कुमार व अनुराग सिंह राठौर एवं एआरपी मधु सिंह ने बताया कि सरकार की मंशा है कि कॉन्वेंट व केंद्रीय विद्यालय जैसी सुविधाएं परिषदीय विद्यालयों में मिले जिससे बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले। शिक्षण संकुल प्रभारी शिव प्रकाश ने बताया कि सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को अनेक सुविधाएं मुहैया करा रही है। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने बालिका शिक्षा पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। वहीं पर डलमऊ पूर्व माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने बड़ा नीक लागे अपना देशवा की माटी, गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पहले खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक ने विद्यालय के शिक्षा व्यवस्था के साथ स्वच्छ वातावरण स्थापित करने में अहम योगदान देने वाले प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार बाजपेई, शिक्षक सत्येश सिंह प्राथमिक विद्यालय कटघर व कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापिका पूजा रानी को सम्मानित किया। इसके अलावां ग्राम प्रधान ऐहार राजेश यादव व गुलाब यादव को विद्यालय कायाकल्प में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर अनीता मौर्या, शैलेश यादव, यादवेंद्र प्रताप सिंह, सियाराम सोनकर, प्रकाश चंद्र यादव, अंजू यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# जल्द पूरी करें कार्तिक पूर्णिमा मेले की व्यवस्थाएं : डीएम

## बैठक में अधिकारियों को दिया निर्देश, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

संवाददाता, रायबरेली


बचत भवन सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर डलमऊ में आयोजित होने वाले मेले की समस्त व्यवस्थाओं को शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि मेले की ओर जाने वाले समस्त सड़कों की आवश्यकतानुसार मरम्मत सुनिश्चित करा ली जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। साथ ही प्लास्टिक मुक्त बनाने का संदेश भी दिया।

जिलाधिकारी ने बचत भवन सभागार में बैठक में अध्यक्षता करते हुए मेले में लगने वाले पशु मेला की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखने को कहा। उन्होंने कहा कि निर्धारित पशुओं के अतिरिक्त किसी अन्य पशु को मेले में व्यापार के लिए ना लाया जाए। पशु चिकित्सक हर समय उपलब्ध रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में आने के लिए प्रतिबंधित वाहनों का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा आवागमन के लिए जिन वाहनों की अनुमति प्रदान की गई है उन्हीं का प्रयोग किया जाए। मेले में अग्निशमन की गाड़ियां हर समय तैनात कराई जाए। उन्होंने मेला परिसर में साफ-सफाई एवं आकस्मिक सेवाओं की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक मुक्त मेला पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। साथ ही निराश्रित पशुओं तथा जीव जंतुओं से स्नानार्थियों की सुरक्षा के विशेष प्रबंध किये जायें।

जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं के लिए बने चेंज रूम के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाए। आकस्मिक सेवाओं तथा अन्य आवश्यक सेवाओं का समय रहते मॉक ड्रिल भी कर लिया जाए। मेले में आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से मेले में आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था चाक चौबद रहे, अनावश्यक भीड़ न होने पाये। बैरिकेटिंग, पानी, बिजली की व्यवस्था को दुरूस्त रखने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ आदि मौजूद रहे।

# युवती ने शादी से मना किया तो दी जान से मारने की धमकी

संवाददाता,खीरों, रायबरेली

▸▸ युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से बनाए थे शारीरिक संबंध

**अमृत विचार:** खीरों थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से एक युवक ने फोन पर सम्पर्क किया। फिर शादी की बात करने के बहाने रेस्टोरेंट में शारीरिक संबंध बनाए। एक साल तक संबंध स्थापित करने के बाद सच्चाई उजागर हुई तो युवती ने शादी करने से मना कर दिया, जिससे नाराज होकर आरोपी युवक युवती के घर पहुंचकर कर जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता का आरोप है कि लगभग तीन साल पहले एक अज्ञात नम्बर से उसके पास फोन आया। धीरे-धीरे युवक लगातार दो साल तक उससे बात करता रहा। युवक ने खुद का नाम नीरज और निवासी गोविन्द माधवपुर बताया। एक साल पहले आरोपी युवक शादी की बात करने के बहाने एक रेस्टोरेंट में ले गया और शारीरिक संबंध बनाए। तबसे लगातार शादी का झांसा देकर उससे संबंध बनाता रहा। एक बार फोन पर आरोपी युवक की मां ने बताया कि आरोपी जेल में है। जेल से बाहर आने पर युवक ने बताया कि उसके कई लड़कियों के साथ अवैध संबंध हैं इसी मामले में वह कई बार जेल जा चुका है, जिससे युवती ने शादी करने से मना कर दिया। इससे नाराज होकर नीरज उसके दरवाजे पहुंचा और शादी न करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# शोषितों, वंचितों की आवाज थे नेता जी

संवाददाता, रायबरेली


मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते जिलाध्यक्ष इं . वीरेंद्र यादव, विधायक राहुल लोधी।

▸▸ सपा कार्यालय परिसर में मनायी गयी पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि

**अमृत विचार:** देश के पूर्व रक्षामंत्री और उत्तर प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि सपा कार्यालय सुपर मार्केट में मनाई गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी में लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। वहीं उनके चित्र पर कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि नेता जी ने आजीवन किसानों, मज़दूरों एवं उपेक्षित वर्गों की भलाई के लिए कार्य किया। किसानों के कल्याण हेतु नहरों, सरकारी नलकूपों की सिंचाई मुफ्त, किसान बीमा दुर्घटना,सरकारी अस्पतालों में मरीजों का इलाज निःशुल्क कराया, बेरोजगारों को भत्ता एवं छात्रों की स्वतंत्रता के लिए छात्र संघ के चुनाव कराने के निर्णय कराये। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उन्होनें समाज के सभी वर्गों के सम्मान, विकास के लिए अनवरत प्रयत्न किया। विधायक श्याम सुन्दर भारती ने कहा कि राजनीति में स्वतंत्रता, शुचिता एवं भागीदारी का अवसर मुलायम सिंह ने दिया।

हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी ने नेता जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि समता मूलक समाज की स्थापना के लिए डा. राम मनोहर लोहिया, जय प्रकाश नारायण की नीतियों, सिद्धांतों को आगे बढ़ाकर समाजवाद की अलख देश दुनिया में जगायी। वरिष्ठ अधिवक्ता डीपी पाल ने कहा नेता जी अमर हैं उनके विचार समाजवादियों को अन्याय अत्याचार के विरूद्ध संघर्ष करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर सुपर मार्केट में भंडारे का आयोजन कर सैकड़ों ग़रीबों को भोजन वितरण कराया गया। इस मौके पर प्रदीप तिवारी, बुधेन्द्र सिंह, मिश्री लाल चौधरी, मुशीर अहमद, राजेश मौर्या, शिव दुलारी यादव, सलीम खान, रज्जू खान, विनायक सोनकर, संदीप शुक्ला, राम किशोर पुजारी, राजेन्द्र यादव, दिनेश यादव, बब्लू लोधी, शिवनारायण सोनकर, देशराज यादव सहित आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### परिषदीय स्कूल के बच्चों को बांटी स्पोर्ट्स यूनिफार्म


प्राथमिक विद्यालय दाऊदपुर गड़ई में बच्चों को बांटी गई स्पोर्ट्स यूनिफार्म।

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र दीनशाह गौरा के प्राथमिक विद्यालय दाऊदपुर गड़ई में बच्चों को स्पोर्ट्स यूनिफार्म वितरित की गई। यूनिफॉर्म मिलते ही बच्चे खुशी से झूम उठे। लंदन में रिटेल सेक्टर में कार्यरत समाजसेवी नूपुर श्रीवास्तव ने बच्चों के लिए स्पोर्ट्स किट व यूनिफॉर्म उपलब्ध करवाई। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, शिक्षिका दीपिका सिंह, एआरपी नितिश कुमार एवं पूर्णेंद त्रिवेदी, नोडल शिक्षक संकुल राकेश मिश्र, ग्राम प्रधान गुड़िया मौर्या, प्रभारी जनक प्रताप, श्रीतिका शुक्ला, राजेंद्र बहादुर, पुष्पा सिंह, निपुण साथी फातिमा, रामेश्वर समेत तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रमन सिंह ने किया।

### व्यापारियों ने उद्योगपति रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि


व्यापार मंडल कार्यालय में रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते व्यापारी नेता। अमृत विचार

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** दिग्गज उद्योगपति और टाटा संस के चेयरमैन रतन टाटा का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज के अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिलाध्यक्ष रोहित सोनी, महेश सोनी, कौशलेंद्र कंचन, अमित गुप्ता, शीलू त्रिवेदी, विनोद गुप्ता, पुष्कर गुप्ता, नीरज गुप्ता, पीयूष गुप्ता, अंकुर गुप्ता, विनय गुप्ता, अनिल सोनी, कैलाश चंद्र केसरवानी, वीरू तिवारी, शिवम गुप्ता, मृत्युंजय बाजपेई आदि व्यापारियों ने रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी है।

### पुलिस ने चोरी के माल समेत तीन शातिरों को दबोचा

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** बुधवार की रात को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिरों को सिहोलेश्वर मोड़ पर चोरी के माल के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। कोतवाल शिव शंकर सिंह ने बताया कि बीती रात करीब पुलिस टीम सिहोलेश्वर मोड़ पर पहुंची तो तीन युवक पुलिस को देखकर भागने लगे, तभी पुलिस ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार आदित्य द्विवेदी ग्राम बेहटा सातनपुर थाना खीरों, दीपक सिंह उर्फ सुजीत सिंह, उमेश उर्फ गोलू निवासी ग्राम पुरे खलार पश्चिम गांव थाना बछरावां का रहने वाला बताया है। आरोपियों के पास तीन अदद सोलर पैनल महाराजगंज के मंदिर से चुराया चांदी का छत्र यही के एक घर से चोरी का माल गुरुबक्श गंज के एक घर से चोरी का माल बरामद कर तीनों को जेल भेज दिया है।

### एनएचएआई ने तोड़ा शौचालय, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** तहसील मुख्यालय के सामने स्थित सामुदायिक शौचालय को एनएचएआई ने तोड़ डाला, अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर एनएचएआई द्वारा दूसरे स्थान पर सामुदायिक शौचालय बनवाए जाने की मांग की है। गुरुवार को तहसील बार एसोसिएशन ने एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी को एक ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि एनएचएआई द्वारा दूसरे स्थान पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाया जाए। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अध्यक्ष राकेश उपाध्याय, चंद्र मणि त्रिपाठी, अशोक कुमार सिंह, रज्जन मिश्र आदि मौजूद थे।

### घर-घर चलाया गया भाजपा का सदस्यता अभियान


लालगंज क्षेत्र में आयोजित सदस्यता अभियान में शामिल लोग। अमृत विचार

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** भाजपा सदस्यता अभियान में गुरुवार को जिला कार्य समिति सदस्य राजा जितेंद्र सिंह ने नवरात्र में मातृशक्ति के साथ सदस्यता अभियान को गति दी। उन्होंने गांव में घर-घर जाकर भाजपा की योजनाओं के बारे में बताया तथा पार्टी से जुड़ने का अनुरोध किया। इस मौके पर निशा तिवारी, केश कुमारी, रानी पासी, कृष्णावती विश्वकर्मा, किशन चन्द, नीरज, रमेश, जगत पाल मौर्या, राकेश मौर्या, शैलेंद्र चौरासिया, महेन्द्र कुमार चौरसिया, राज कुमार, अभय, समीर, पंकज आदि लोग मौजूद रहे।

**बैठक** | प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर दिए निर्देश, निराश्रित गोआश्रय स्थलों का निरीक्षण करते रहे अधिकारी

# पाइप लाइन बिछाने में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की जल्द कराएं मरम्मत

संवाददाता, रायबरेली


बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रभारी मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की।

उन्होंने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास व कृषि सम्मान निधि सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओ की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तर पर पात्र लाभार्थियों का रजिस्टर तैयार करें, जो भी लाभार्थी छूट गए हैं, उन्हें योजना से शीघ्र जोड़े। लाभार्थियों के खाते में राशि स्थानांतरण समय से पूरा करें। गौशालाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा की अधिकारी समय-समय पर निराश्रित गोआश्रय स्थलों का निरीक्षण करते रहे। हरे चारे की व्यवस्था करने के लिए चारागाहों का चिन्हांकन शीघ्र कराये। प्रभारी मंत्री ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आवेदन की कार्यवाही शीघ्र पूरी कराई जाए। जल विभाग को निर्देश दिए कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य जल्दी पूरा हो जिससे कि आवागमन में असुविधा ना हो। निर्देश दिया की पाइपलाइन बिछाते समय जो भी सड़के क्षतिग्रस्त हो गई हैं उनके निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा कराये। ग्राम पंचायत स्तर पर सड़क निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखे। खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को राशन कार्ड जारी करने से संबंधित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करें और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाये। आयुष्मान कार्ड अधिक से अधिक जारी करें जिससे स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सके। अपराधों को रोकने के लिए समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। आपसी विवाद और राजस्व से जुड़े मामलों में स्थानीय स्तर पर ही समाधान करें। इस मौके पर सदर विधायक अदिति सिंह, ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज पांडेय, सलोन विधायक अशोक कोरी, डीएम हर्षिता माथुर, एसपी डॉ यशवीर सिंह,सीडीओ अर्पित उपाध्याय, डीएफओ आशुतोष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ अलग से महत्वपूर्ण बैठक पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाऊस की। इसमें सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। इस दौरान, उन्होंने निर्देश दिया कि जिला प्रशासन से समन्वय कर सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं जाए। भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल, पूर्व विधायक रामलाल अकेला आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पुण्यतिथि पर मुलायम सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि



मुलायम सिंह यादव के चित्र पर फूलमाला चढ़ाते पार्टी नेता व मौजूद कार्यकर्ता।

**शुकुल बाजार, अमेठी, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि गुरुवार को क्षेत्र के मवैया चौराहा पर मनाई गई। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा वरिष्ठ नेता रामहेत यादव की अगुवाई में मुलायम सिंह यादव के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर एवं उनके संघर्षों विचारों पर चर्चा की गई और उनके बताए रास्तों पर चलने व समाजवादी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में पार्टी की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विमलेश सरोज, एडवोकेट वरिष्ठ नेता कुलदीप शुक्ला, गौरी प्रसाद मौर्या, भवानी साहू, राम सुन्दर यादव, भवानी पाल, राज करन यादव, इजरत, राम गोपाल यादव, सपा ब्लाक अध्यक्ष रवि पाल, राम बहादुर यादव, अनुज यादव, संजय यादव, समरजीत मौर्या, पवन समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सपा विधायक ने पुण्यतिथि पर मुलायम को किया याद



मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देतीं सपा विधायक महराजी देवी। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी की विधायक महराजी देवी ने समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि उनके संघर्ष, समर्पण और समाजवादी विचारधारा ने हमें हमेशा प्रेरित किया है। उनके सानिध्य में बिताए पल और उनके सिखाए आदर्श हमारे लिए हमेशा अनुकरणीय रहेंगे। उनकी अनुपस्थिति में भी उनकी स्मृतियां और उनके दिखाए मार्ग हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहेंगे। समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए उनके योगदान को हम कभी नहीं भूल सकते। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनिल प्रजापति, सतीश यादव, अखिलेश यादव, अनुराग यादव व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन



शिविर में लोगों को जानकारी देते चिकित्सक। अमृत विचार

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार।** गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुसाफिरखाना में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मानसिक स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुसाफिरखाना भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्र द्वारा किया गया। शिविर में डॉ. आलोक मिश्रा ने मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री रामगोपाल कौशल, एचइओ अभय प्रताप सिंह, वीसीपीएम राजीव पांडेय, वीपीएम हिना खान, एचएस रत्नेश श्रीवास्तव, ईसी राजीव तिवारी, एआरओ अशोक कुमार सहित सभी एएनएम व सीएचओ उपस्थित रहे।

### रतन टाटा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार।** राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय में रतन टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। रतन टाटा को पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए एक शोक सभा आयोजित हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भृगुनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा, रतन टाटा केवल उद्योग के दिग्गज नहीं थे, वे एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिनके आदर्श व्यवसाय से परे थे। उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# पूर्व प्रधान की हत्या के 9 आरोपी गिरफ्तार, 1 फरार

## हत्या में इस्तेमाल किए गए 5 डंडे व कुल्हाड़ी बरामद

संवाददाता, शुकुल बाज़ार, अमेठी

**अमृत विचार।** पूर्व प्रधान की पीट-पीट कर हत्या के 10 आरोपियों में 9 आरोपियों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हालांकि मामले का मुख्य आरोपी अभी भी फरार है।

गौरतलब है कि मंगलवार को भाजपा मंडल उपाध्यक्ष के भाई व पूर्व प्रधान शिवनारायण सिंह सुबह खेत जा रहे थे, इस दौरान आरोप है कि गांव के ही दबंगों ने मिलकर लाठी डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें गंभीर चोट होने के कारण इलाज के दौरान पूर्व प्रधान शिवनारायण सिंह की मौत हो गई। जिसके बाद मृतक के पुत्र बृजेन्द्र सिंह की तहरीर पर 10 नामजद एक अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित आधा दर्जन से अधिक पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी। अमृत विचार

**13 वर्ष पहले भी हुआ था जानलेवा हमला :** मृतक के भाई शिवानायक सिंह ने बताया कि वर्ष 2011 में पूर्व प्रधान पर गोली मारकर जानलेवा हमला हुआ था। उस दौरान पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मंगलवार को हुए जानलेवा हमले में भी गोली कांड के अभियुक्त शामिल बताए जा रहे हैं।

**बोले जिम्मेदार :** एएसपी हरेंद्र सिंह ने बताया कि जिन 9 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो गई है। दसवां आरोपी साजिशकर्ता है। जांच व साक्ष्य के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**10 आरोपियों में नौ आरोपी की गिरफ्तारी :** रवि यादव शानू, रजनीश, मनीष, जितेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू, गुलाब सिंह, शिव मूरत सिंह, अंकुर सिंह, राजकुमार सिंह सभी निवासी ग्राम देवगिरी मजरे संसारपुर थाना बाजार शुकुल को सड़क तिराहा शाहपुर से गिरफ्तार किया गया और अभियुक्तों की निशानदेही पर कत्ल में इस्तेमाल किये गये 5 डंडे व एक कुल्हाड़ी रक्त रंजित अंकुर सिंह से बरामद की गई। वहीं बुधवार को मृतक का शव गांव पहुंचा, जहां पर परिजनों द्वारा सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर शव को रखकर प्रदर्शन किया गया था।

# मां के जयकारों से गूंज रहे पंडाल

संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्रि में मां का अद्भुत रूप देखने को मिल रहा है । जगह जगह पंडाल सजे हुए हैं। वहीं मां भगवती संग्रामपुर स्थित कालिकन धाम में विराजमान हैं। कालिकन धाम में सुबह 3 बजे से मां भगवती की आरती शुरू हो जाती है, उसमें शामिल होने के लिए भक्त 2 बजे रात से ही यहां आने के लिए निकल पड़ते हैं। वहीं मंदिर के मुख्य पुजारी श्री महराज जी ने कहा कि मां भगवती यहां स्वयं विराजमान हैं। यहां पर आने वाले की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उसका जीता जागता प्रमाण यहां पर टंगे ये घंटे हैं।

वहीं संग्रामपुर क्षेत्र में जगह-जगह मां भगवती की सुंदर छटा मनमोह रही है। भक्त खुद को माथा टेकने से रोक नहीं पाते हैं। ग्राम सभा जरौटा में बना मां का पंडाल अद्भुत छटा बिखेर रहा है। यहां नव दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष कैलाश मिश्र ने बताया कि ग्रामीणों क्षेत्र वासियों के सहयोग से इस तरह का कार्यक्रम आयोजित होता आ रहा है, इसमें पूरे गांव के लोगों का सहयोग मिलता है और पूरा गांव इसमें रोज सुबह शाम की आरती में शामिल होते हैं। पूजा पाठ भी ग्रामीणों के द्वारा अलग-अलग दिन किया जाता है। इसमें लगभग 500 से ज्यादा लोग शाम को मां की आरती में शामिल होते हैं। ग्राम प्रधान मंशा राम मिश्र का योगदान अतुलनीय है, उनके द्वारा नव दुर्गा पूजा समिति को 9 हजार रुपए और एक प्रोजेक्टर लाकर दिया गया है जिसमें आरती के बाद लोगों को धार्मिक प्रोग्राम दिखाया जाता है। मंशा राम मिश्र का कहना है कि प्रोजेक्टर दिखाने का आशय यह है कि हमारे छोटे बच्चों को अपने देवी-देवताओं के बारे में जानकारी प्रदान करना और वही पतापुर ग्राम पंचायत में भी मां का पंडाल सजा हुआ है, जिसका दृश्य मनोरम है। यहां पर भी मां का सुबह शाम आरती पूजन होता है भक्तो की भारी भीड़ होती है।



पूजा पंडाल में मां दुर्गा की आरती करते भक्त। अमृत विचार

### पूजा पंडालों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कस्बा व आसपास के दुर्गा पूजा पंडालों व रामलीला मंच का निरीक्षण कर सुरक्षा के निर्देश दिये। सुरक्षा के मद्देनजर समिति के अध्यक्षों को आग व अन्य अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा व अग्निशमन का रखरखाव सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं पुलिस प्रशासन को अराजक तत्वों की धरपकड़ तेज करने के निर्देश दिए। इस दौरान केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष मुन्ना त्रिवेदी, राम लीला अध्यक्ष पीके सिंह, गौरव सिंह, सतीश कौशल आदि मौजूद रहे।

# एडीजी ने थानेदारों को दिए निर्देश

संवाददाता, गौरीगंज अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद में दुर्गापूजा समेत अन्य त्योहारों और कानून व्यवस्था की समीक्षा करने प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन गुरुवार को अमेठी पहुंचे। उन्होंने एसपी आफिस सभागार में एसपी समेत जिले के सभी थानेदारों के साथ बैठक की। बैठक में आईजी अयोध्या मंडल प्रवीण कुमार भी शामिल हुए।

बैठक में एडीजी ने त्योहारों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले में हुए आपराधिक घटनाओं की समीक्षा भी किया। एडीजी ने आईजी, एसपी और एएसपी के साथ जिले के सभी थानेदारों के साथ त्योहारों को लेकर समीक्षा बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान एडीजी ने जिले में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं की भी समीक्षा किया। करीब तीन घंटे तक चली मैराथन समीक्षा बैठक के बाद एडीजी लखनऊ के लिए रवाना हो गए।



थानेदारों के साथ बैठक करते अपर पुलिस महानिदेशक। अमृत विचार

# नेताजी के विचारों पर चलने का लिया संकल्प

## मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर स्थानीय कस्बा स्थित निजी लॉन में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों पर चलने व समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाध्यक्ष प्रियंक हरि विजय त्रिपाठी धीरू ने संबोधित किया।



श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार

गुरुवार को वरिष्ठ नेता पूर्व जिला महासचिव सत्य नारायण यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाध्यक्ष प्रियंक हरि विजय त्रिपाठी धीरू व विशिष्ट अतिथि सपा के प्रदेश सचिव छोटेलाल यादव शामिल हुए।

### विसर्जन स्थल पर गहराई बढ़ाने के दिए निर्देश

**अयोध्या।** गुप्तारघाट के निर्मलीकुंड पर होने वाले मूर्ति विसर्जन से पूर्व गुरुवार को जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने मूर्ति विसर्जन व सरयू नदी में निर्धारित जलस्तर के अनुसार व्यवस्था कराने, प्लेटफार्म और बैरिकेडिंग आदि का कार्य समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। विसर्जन स्थल पर समुचित प्रकाश व्यवस्था, टैंकरों से पेयजल की व्यवस्था, आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# सपा-भाजपा कार्यकर्ताओं में भिड़ंत, कई के मोबाइल टूटे

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **गन्ना समिति के चुनाव में निदेशक पद के पर्चे के लिए बवाल, सदर और मसौधा समिति पर हुई मारपीट**

**अमृत विचार :** जिला गन्ना समिति के पदों पर कब्जेदारी को लेकर गुरुवार को भाजपा और सपा कार्यकर्ता आमने-सामने हो गए। डायरेक्टर पद के चुनाव के लिए फ़ैजाबाद और मसौधा गन्ना समिति पर मारपीट और बवाल हुआ। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी गई है। नामांकन के लिए पर्चा न खरीद पाने वालों की श्रेणी में विपक्षी दल सपा के साथ किसान यूनियन और सत्ताधारी दल भाजपा सरकार में शामिल रालोद भी रहा।

डेलीगेट पदों का चुनाव संपन्न होने के बाद दूसरे चरण में गुरुवार को डायरेक्टर पद पर चुनाव के लिए गन्ना समितियों पर नामांकन पत्र की बिक्री होनी थी। समितियों पर कोई नामाकंन पत्र न खरीदने पाए इसको लेकर लोगों को पहले ही मुश्तैद कर दिया गया था। आरोप है कि लोग नामांकन पत्र खरीदने पहुंचे तो पहले से मुश्तैद लोगों ने चुनाव कार्यालय में घुसने से रोक दिया। दोनों पक्षों में विवाद हुआ। पुलिस की मौजूदगी में हंगामा चला। भगदड़ के हालात बन गए और कई के मोबाइल तोड़ दिए गए। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह का कहना है कि नियावां स्थित समिति पर मोबाइल से वीडियो रिकार्डिंग को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग-अलग करवा दिया। शिकायतों की जांच कराई जा रही है।

### समय से पूरी कराएं उप निर्वाचन की तैयारियां

**अयोध्या, अमृत विचार:** मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि तैयारियां समय से पूरी करें।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने मतदेय स्थलों पर प्रकाश, पेयजल, साफ-सफाई सहित अन्य एएमएफ की सुविधा दुरुस्त कराने के लिए कहा, जिससे मतदान के दौरान आने वाले मतदाताओं और ड्यूटी पर लगे कार्मिकों को असुविधा न हों। प्रभारी अधिकारी आयोग से जारी निर्देशों का अध्ययन कर लें। सभी मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था कराएं। मतदान/मतगणना कार्मिक व्यवस्था के लिए मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

# भदरसा मामले में दोनों आरोपियों पर आरोप तय

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **मामले में गवाही के लिए पीड़िता और उसकी मां को अगली पेशी पर किया तलब**

**अमृत विचार:** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के चर्चित सामूहिक दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने आरोपी मोईद खान और राजू खान पर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने समेत अन्य धाराओं में आरोप तय कर दिए हैं। मामले में गवाही के लिए अब पीड़िता और उसकी मां को अगली पेशी पर तलब किया गया है। यह कार्यवाही विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निरुपमा विक्रम की अदालत से हुई है।

विशेष लोक अभियोजक विनोद कुमार उपाध्याय अभिषेक रघुवंशी ने बताया कि पूराकलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 12 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। इसकी रिपोर्ट पीड़िता की मां ने 29 जुलाई 2024 को मोईद खान और राजू खान के खिलाफ घटना के ढाई माह बाद लिखाई थी। मामले में गुरुवार को दोनों आरोपियों को मंडल कारागार से लाकर अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत में राजू खान की ओर से नियुक्त अधिवक्ता अवधेश यादव ने अपना वकालतनामा दाखिल किया। मोईद खान के अधिवक्ता सईद खान की मौजूदगी में दोनों पक्षों की बहस सुनकर आरोप बनाए गए। अदालत ने मामले में वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ विभिन्न समय पर भदरसा कस्बा में सामूहिक बलात्कार करने, बलात्कार के बाद जान से मार डालने की धमकी देने और पाक्सो एक्ट के तहत आरोप तय कर दिया।



## एक नजर

### मेलाधिकारी ने महाकुंभ के अस्थाई कार्यालय के लिए किया भूमि पूजन

**प्रयागराज, अमृत विचार :** महाकुंभ के मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने महाकुंभ के परेड के त्रिवेणी मार्ग पर बनने वाले अस्थाई कार्यालय के लिए विधि-विधान से भूमि पूजन किया। यह महाकुंभ का अस्थाई कार्यालय एक महीने में तैयार होगा। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि इस अस्थाई कार्यालय में महाकुंभ से जुड़े सभी प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के बैठने एवं आने-जाने वाले लोगों के बैठने की व्यवस्था और रेस्टोरेंट सहित अन्य सुविधाएं होंगी। भूमि पूजन में महाकुंभ के एडीएम दयानंद प्रसाद, एडीएम डा विवेक चतुर्वेदी, महाकुंभ के प्रबंधक एसडीएम विवेक शुक्ला, एसडीएम अभिनव पाठक, संस्था के प्रशासनिक अधिकारी चन्द्रशेखर, मनोज श्रीवास्तव सहित अन्य लोग शामिल हुए।

### जगद्गुरु स्वामी शांडिल्य महराज ने किया 101 कन्याओं का पूजन व भोज

**प्रयागराज, अमृत विचार :** नवरात्र की अष्टमी पर मंदिरों, घरों और मठों में कन्याओं का पूजन किया गया। इस क्रम में जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महराज श्रृंगवेरपुर धाम ने नवरात्रि की अष्टमी पर गुरुवार को विधि विधान से 101 कन्या पूजन कर कन्या भोज कराकर दक्षिणा दिया। जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महराज ने बताया कि नवरात्रि में कन्या पूजन, भोजन और दक्षिणा का विशेष महत्व होता है। ऐसे में सभी सनातन धर्म के लोग कन्याओं को भगवती, देवी की तरह मानते और पूजन करते है। जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महराज ने बताया कि नवरात्रि में नौ दिन देवी के अलग-अलग स्वरूपों का विधि-विधान से पूजन अर्चन होता है और लोग व्रत भी रखते हैं।

### भाजपा नेता डॉ. राकेश को मातृ शोक, जताई संवेदना

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** वरिष्ठ भाजपा नेता, ब्लॉक प्रमुख पति एवं बाबू संत बक्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक डॉ. राकेश सिंह की मां राजा देवी का गुरुवार को निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थी। लक्ष्मणपुर के संडवा दुबान की स्व. राजा देवी विभिन्न शिक्षण संस्थानों की प्रबन्ध कमेटी में अध्यक्ष थीं। निधन की खबर पर शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, जगदीश बहादुर सिंह, भागवत दत्त महाविद्यालय के प्रबंधक चंद्र प्रकाश मिश्र, तूफान सिंह कटैया, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मो. हफीज उर्फ फिज्जू, ग्राम प्रधान नितेश सिंह वीरू, अरविंद यादव, मनोज सिंह अजगरा, अजय तिवारी, अजीत सिंह, दिनेश सिंह डगैता, मोहम्मद इमरान, जुल्फिकार अहमद, केपी सिंह, कुंवर बहादुर वर्मा, मथुरा प्रसाद यादव, मो. असलम मो. नवाब, श्याम जी जायसवाल, गगेंद्र बहादुर सिंह, रमेश पांडे, ज्ञान प्रकाश मिश्र, अभय प्रताप सिंह पप्पन, राजीव शुक्ल, शिव शंकर शुक्ल, राकेश दुबे, मटरू आदि ने संवेदना जताई है।


राजा देवी

# डायट में 6.47 करोड़ से बनेगा मल्टी स्टोरी एकेडमिक ब्लाक

## एक वर्ष में बिल्डिंग का पूरा होगा निर्माण कार्य

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** शहर को और एक शानदार मल्टीस्टोरी बिल्डिंग एकेडमिक ब्लाक शीघ्र मिलने जा रही है। इसका निर्माण कार्य एक वर्ष में पूरा होगा। यह नयी मल्टीस्टोरी बिल्डिंग जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) प्रयागराज में होगा। भारत सरकार ने बिल्डिंग निर्माण के लिए 6.47 करोड़ रुपए मंजूर कर दिया है, जो बिल्डिंग निर्माण के लिए शीघ्र जारी हो जाएगा। एक दूसरी योजना के तहत डायट परिसर में 49 लाख रुपए से सोलर पैनल लगेगा जिससे पैदा होने


उप निदेशक, डायट, प्राचार्य राजेंद्र प्रताप

वाली बिजली से डायट में पंखे, बल्ब जलेंगे।

डायट प्राचार्य राजेंद्र प्रताप ने बताया कि एकेडमिक ब्लाक का निमार्ण शीघ्र शुरू होने जा रहा है। जो तीन मंजिला होगा। इसमें

▸▸ **49 लाख में लगेगा सोलर पैनल स्टाफ रूम, कर्मचारी क्वार्टर, लाइब्रेरी, बैडमिंटन हाल सहित अन्य होंगी सुविधाएं**

एक बड़ा हाल, लाइब्रेरी, शिक्षकों के बैठने के लिए स्टाफ रूम, कर्मचारियों के रहने के लिए टू बीएचके रूम, टायलेट सहित अन्य सुविधाएं होंगी। उन्होंने बताया कि एकेडमिक ब्लाक का निर्माण शीघ्र शुरू होने जा रहा है, जो एक वर्ष में बनकर तैयार होगा। उन्होंने बताया कि इस नयी बिल्डिंग के बनने से डायट के प्रवक्ताओं और कर्मचारियों को सुविधा होगी।

# काशी प्रांत ने जीते 93 पदक, दबदबा कायम

संवाददाता, प्रयागराज

**35वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन**

▸▸ **काशी प्रांत के खिलाड़ियों ने 52 स्वर्ण, 26 रजत, 15 कांस्य पदक के साथ क्षेत्रीय खेलों में अब तक का किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

**अमृत विचार :** विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित पांच दिवसीय मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में चलने वाली 35वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को हो गया। प्रतियोगिता में 50 मी., 100 मी., 200 मी., 400 मी., 600 मी., 800 मी., 1500 मी. दौड़, गोला फेक, लंबी कूद, चक्का फेंक, ऊंची कूद, बाधा दौड़, 3000 मी, 5000 मी तेज चाल, 4x100 मी. रिले दौड़, 4x400 मी. रिले दौड़, 80 मी, 100 मी. बाधा दौड़, भाला फेंक, हैमर थ्रो, त्रिकूद, पोल वाल्ट जैसी शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग एवं तरुण वर्ग की कुल 120 प्रकार की विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं।

प्रतियोगिता में पूर्वी उत्तर प्रदेश के चारों प्रान्तों काशी प्रान्त, गोरक्ष प्रान्त, कानपुर प्रान्त एवं अवध प्रान्त में काशी प्रान्त ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कुल 93 पदक जिसमें- 52 स्वर्ण, 26 रजत, 15 कांस्य) जीतकर पहला स्थान प्राप्त करते हुए ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की। समापन कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ वीके सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष, मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शेखर यादव, विशिष्ट अतिथि एडीजी भानुभाष्कर, गणेश केसरवानी महापौर, प्रयागराज एवं हेमचन्द, डॉ राम मनोहर व शेषधर द्विवेदी की विशेष उपस्थिति रही। ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर गंगापुरी तथा माधव ज्ञान केन्द्र की छात्राओं ने समूह लोक नृत्य प्रस्तुत किया।

क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख जगदीश कुमार सिंह एवं मंचासीन अतिथियों के द्वारा इन प्रतियोगिताओं के चारों वर्गों में (शिशु, बाल, किशोर एवं तरुण वर्ग) में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र, छात्राओं को सम्मानित किया गया।

पूर्वी उप्र के क्षेत्रीय खेल विभाग ने घोषणा की कि आगे होने वाले राष्ट्रीय खेलों में और अधिक ध्यान केंद्रित किया जाएगा और खिलाड़ियों को अतिरिक्त ट्रेनिंग दी जाएगी।

क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में व्यक्तिगत चैम्पियनशिप ट्राफी पाने वालों में काशी नगरीय बाल वर्ग रितेश पटेल 400 मी., 600 मी., 800 मी. दौड़, काशी नगरीय तरुण वर्ग विशाल पाल 800 मी., 1500 मी. दौड़, 3000 मी. तेज चाल, गोरक्ष नगरीय तरुण वर्ग प्रिया उपाध्याय 100 मी बाधा दौड़, लंबी कूद, त्रिकूद है। इसी प्रकार से काशी नगरीय शिशु वर्ग आकाश यादव 50 मी., 100 मी., 200 मी. दौड़, गोरक्ष नगरीय किशोर वर्ग मनीषा यादव 800 मी., 1500 मी. दौड़, 3000 मी. तेज चाल में प्राप्त किया।

समापन समारोह में विजय उपाध्याय, दिव्यकांत शुक्ल, चिंतामणि सिंह, गोपाल तिवारी, मोहन जी टंडन एवं महानगर के विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय, युगल किशोर मिश्र, अजय कुमार मिश्र तथा विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# हैवानियत की शिकार किशोरी की मौत

## 6 अक्टूबर को बंधक बनाकर किया गया था दुष्कर्म, खेत में मिली थी लहूलुहान

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** हैवानियत का शिकार किशोरी जिंदगी की जंग हार गई। खेत में लहूलुहान हालत में मिली किशोरी की प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में गुरुवार की शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से गांव में पुलिसफोर्स तैनात है।

लीलापुर थाना क्षेत्र में बीते 6 अक्टूबर को बाजरे के खेत में एक किशोरी बंधक एवं मरणासन्न

▸▸ **पुलिस मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल**

अवस्था में लहूलुहान मिली थी। उसके नाक से खून निकल रहा था। हांथ और गले को दुपट्टे से बांधा गया था। पीड़िता की मां ने गांव के ही अनिल पुत्र कैलाश भुंज पर बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पीड़िता की मां ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि आरोपी उसे घसीटते हुए बाजरे के खेत में ले गया था। उसके साथ जबरन दुष्कर्म करके उसके दुपट्टे से उसका



गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की, उसे मरा समझकर छोड़कर चला गया था। बेटी के काफी देर तक घर न पहुंचने पर खोजबीन की गई। भतीजे ने खेत में जंगली जानवर के होने की आशंका पर शोर मचाया तो परिजन गांव के लोगों के साथ खेत में पहुंचे थे। वहां का नजारा देखकर दंग रह गए थे। पीड़िता के परिजनों ने रिश्तेदार व गांव के लोगों के साथ दुष्कर्म पीड़िता को इलाज के लिए राजा प्रताप बहादुर अस्पताल लेकर गए। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे एसआरएन अस्पताल प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया। गुरुवार की शाम किशोरी ने आईसीयू वार्ड में अंतिम सांस ली।

मालूम हो कि मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। घटना के अगले दिन सात अक्टूबर की देर शाम लीलापुर के भागीपुर कमोरा, तेजगढ़ के जंगल में पुलिस की आरोपी से मुठभेड़ हुई। उसे गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया।

# इविवि छात्रसंघ भवन पर मनाई गई मुलायम की पुण्यतिथि

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन पर गुरुवार को छात्रों ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक, भारत के पूर्व रक्षामंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण से सम्मानित मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया और सादर नमन किया।

समाजवादी छात्रसभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय यादव सम्राट ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन पर आकर छात्रसंघ बहाली का आदेश दिया था। वह छात्रों के हितैषी थे। छात्रों की समस्याओं को


मुलायम सिंह यादव के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते छात्र। अमृत विचार

हमेशा सुनते थे। शुक्रवार को छात्र संघ भवन पर छात्रों ने पुण्यतिथि मनाई। इस मौके पर कहा कि नेताजी हमेशा हम जैसे नवजावानों के दिलों में जिंदा है, जिंदा रहेंगे, उनके दिखाएं दिखाए मार्ग पर सतत चलने का कार्य करेंगे।

इस मौके पर समाजवादी छात्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय यादव सम्राट, समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव अखिलेश गुप्ता गुड्डू, गौरव गोंड, प्रियांशु विद्रोही, आशुतोष मौर्य, इष्टदेव, विकास यादव, अनूप यादव, विकास कोरी, शिवबली यादव, सुधीर क्रान्तिकारी, अभिषेक यादव, हरिओम, शैलेंद्रयादव समेत बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।


बीएसएस एकेडमी फुलवारी में देवी-देवताओं की वेशभूषा में बच्चे। अमृत विचार

# सीताहरण पर दी मनमोहक प्रस्तुति

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** बीएसएस एकेडमी फुलवारी में हर्षोल्लास के साथ नवरात्रि उत्सव मनाया गया। शुरुआत मैनेजर धर्मेंद्र सिंह व प्रधानाचार्य अवधेश प्रताप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से किया।

शिक्षिका प्रवेश मिश्रा व रजनी शुक्ला के निर्देशन में प्रियल चौरसिया, सौम्या, दिव्यांश, आर्या सिंह, सुमैया बानो, श्रेया साहू, अन्वी, वैष्णवी, विराज सिंह, अमूल्य, वैभव, ऐंजल, उचित, शुभ पांडेय ने सीता हरण एवं महिषासुर वध नाटक की मनमोहक प्रस्तुति दी। कृतिका सिंह, तृषा, आरुषि, आराध्या, दिव्यांशी, वशु, दिव्यांशी, वंशिका आदि बच्चे मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के परिधान में सजे रहे।

# पांच हत्यारोपियों के खिलाफ की गई गैंगस्टर की कार्रवाई

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** लीलापुर थाना क्षेत्र के हरिपुर सिंधौर निवासी गैंगलीडर शहरुख खान उर्फ गुफरान, सोहेल, सलीम उर्फ सल्ले, जाहिद उर्फ सोनू, अब्दुल मजीद सहित पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

आरोपियों के खिलाफ 19 मई को जमीन के विवाद में गांव के ही अब्दुल रज्जाक की असलहे से गोली मारकर हत्या का मुकदमा दर्ज था।

आरोपियों पर हत्या, लूट आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने आरोपियों की आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए कार्रवाई की है।

# बच्चों के भावपूर्ण मंचन ने किया मंत्रमुग्ध

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** आत्रेय एकेडमी में नवरात्रि एवं दशहरा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने नवरात्रि पर गरबा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। मां दुर्गा की आराधना व प्रभु श्री राम के जीवन के भावपूर्ण मंचन से लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

विद्यालय की शिक्षिका निकिता व अमिता के संयोजन में आस्था, आराध्या, वैष्णवी, पार्थवी, आद्री, राशिका, देवजोत दर्श, अरिकेत ने आकर्षक प्रस्तुति दी। प्राइमरी के बच्चों ने राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, कौशल्या, कैकेयी आदि के स्वरूप का प्रदर्शन किया। प्रशस्त, अद्विक, रुद्रांश, जागृत कार्तिक, इफ्रा ने मुख्य भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य


आत्रेय एकेडमी में राम दरबार का भावपूर्ण मंचन करते बच्चे। अमृत विचार

अनिंद्य शंकर व आरती द्विवेदी ने नवरात्र एवं दशहराके पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रबंधक संदीप श्रीवास्तव, श्रीन्जा सक्सेना, निशा, आशा, प्रतिभा, सपना, शुभी आदि ने आयोजन में सहयोग किया।

## सार-संक्षेप

### सपा ने मनाई मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि

**मिर्जापुर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई। समाजवाद का नारा बुलंद करने वाले मजदूर, दलित, वंचित, शोषित की मुखर आवाज मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर गुरुवार को लोहिया ट्रस्ट स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके आदर्शों व विचारों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, मझवां विधानसभा के प्रत्याशी डॉ. ज्योति बिन्द, पूर्व सांसद डॉ. रमेश चन्द्र बिन्द व पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने संबोधित करते हुए मुलायम सिंह यादव को याद किया। गोष्ठी में पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया, पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, मुन्नी यादव, आशीष यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, रामराज पटेल, रविन्द्र बहादुर पटेल, परवेज खान, कीर्ति कोल, आशा गौतम, झल्लू यादव, आदर्श यादव, शैलेष पटेल, राणाप्रताप सिंह, अमिताभ पाण्डेय, संतोष गोयल आदि ने विचार रखे।


मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पार्टी नेता।

### प्रभारी मंत्री ने प्राथमिकता वाले कार्यों की समीक्षा की

**मिर्जापुर, अमृत विचार।** सूबे के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई तथा निवेश प्रोत्साहन विभाग के कैबिनेट मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने शासन के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों, विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सदर विधायक रत्नाकर मिश्रा, मड़िहान रमाशंकर पेटल, एमएलसी श्याम नरायन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया आदि जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले प्रभारी मंत्री मां विंध्यवासिनी के दरबार में पहुंच कर दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया।

### 68वीं क्षेत्रीय एथलेटिक्स व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के किसान इंटर कॉलेज के प्रांगण में दो दिवसीय 68वीं एथलिटिक्स-सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान इंटर कॉलेज के प्रबंधक प्रमोद सिंह रहे। इन्होंने सबसे पहले मां सरस्वती के चित्र माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित किया। खेलकूद प्रतियोगिता में ओवरआल चैंपियन शांतिनिकेतन इंटर कॉलेज पचोखरा के बच्चों ने बाजी मारी। इसके बाद स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये और सबका मन मोह लिया। अंत में ग्रीन गुरु अनिल कुमार सिंह ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस मौके पर किसान इंटर कॉलेज के अध्यक्ष शीतला सिंह, प्रधानाचार्य चंद्रदीप सिंह, रामप्रसाद सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, शांति देव सिंह, सुभाष सिंह, सुनील कुमार सिंह, संजय, रामवृक्ष सिंह, विपिन सिंह शिक्षक रहे।

### किशोरी से छेड़खानी करने का आरोपी गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग कोटाघाट के पास से पुलिस ने गुरुवार की सुबह किशोरी के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सूचना पर भागने की फिराक में वाहन का इंतजार कर रहे आरोपित मवई कला गांव निवासी उमाशंकर धरकार को पुलिस टीम ने पकड़ लिया। एक गांव निवासी किशोरी की मां ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर आरोपित के विरुद्ध नाबालिग पुत्री से छेड़खानी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस छेड़खानी व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि किशोरी से छेड़खानी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं किशोरी को मेडिकल के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा की बढ़ोतरी की जायेगी।

### राधा-कृष्ण के जयमाल का वर्णन सुन भावविभोर हुए श्रोता

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज बाजार स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार की रात्रि राधाकृष्ण के जयमाल की कथा सुनने के लिए पण्डाल भरा हुआ था। राधाकृष्ण के जयमाल की झांकी भी सजाई गई थी। जयमाल के समय उपस्थित जनसमूह ने खड़े होकर राधाकृष्ण के जयमाल के साक्षी बने। कथावाचक पंडित निर्मल कुमार शुक्ल ने वैदिक मंत्रोच्चार से राधाकृष्ण के जयमाल का कार्यक्रम पूरा कराने के बाद राधाकृष्ण के जयमाल की कथा का वर्णन किया। राधाकृष्ण के जयमाल के समय उपस्थित भक्तगण खुशी से झूम उठे और नाच कर अपने खुशी को एक-दूसरे से बांट रहे थे। यजमानों ने राधाकृष्ण की आरती उतारी और उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। प्रधान पुजारी पंडित रमाकांत पाण्डेय ने यजमानों को विधिवत मां जगदम्बा का आरती-पूजा करवाया और श्रीमद्भागवत पुराण व राधाकृष्ण का पूजन करवाया। उक्त अवसर पर मुख्य यजमान राजेन्द्र कुमार गुप्त, श्रीमती ऊषा देवी, अंकित केशरी, अध्यक्ष शिवसुंदर सोनू केशरी, शशांक केशरी, आशीष केशरी, पप्पू केशरी, ज्ञान प्रकाश केशरी, श्रीमती अर्चना गुप्ता, अनामिका, प्रतिभा पुत्री ज्ञान दास गुप्त, ओम चैरसिया, बसंतलाल केशरी सहित सैकड़ों राधाकृष्ण के भक्त उपस्थित रहे।

# पुलिस व ग्रामीणों में सड़क पर हुआ गोरिल्ला युद्ध

## दोनों पक्षों से कई लोग घायल, एसपी ने फोर्स समेत मौके पर पहुंचकर स्थिति को किया काबू

संवाददाता, बरसठी, जौनपुर

**अमृत विचार :** बदमाशों द्वारा दो दिन पूर्व मामूली विवाद में एक युवक का अपहरण और उसकी हत्या करने के मामले को लेकर गुरुवार को बवाल हो गया।

परिजन और ग्रामीण हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर उसका शव लेकर निगोह बाजार में सड़क पर चक्का जाम और प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारी मौके पर डीएम-एसपी को बुलाने की मांग कर रहे थे। इसी बीच किसी ने भीड़ से एक पत्थर पुलिस पार्टी पर फेंक दिया, जिसके कारण पुलिस ने लाठियां भांजनी शुरू कर दी। उसके बाद दोनों तरफ से गोरिल्ला युद्ध शुरू हो गया। जिसके बाद चक्का जाम

▸▸ **पांच संदिग्ध हिरासत में, पुलिस गांव में कर रही अन्य उपद्रवियों की तलाश**

करने वाले उग्र हो गए और जमकर पत्थरबाजी किया। पत्थरबाजी होते देख निगोह बाजार की दुकानों की शटर धड़ाधड़ बंद हो गए। बाजार में चारों तरफ सन्नाटा छा गया। इस वारदात में दोनों तरफ से कई लोग घायल हो गए। सूचना पर एसपी डॉ. अजयपाल शर्मा समेत भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर किसी तरह से माहौल को शांत कराकर शव का अंतिम संस्कार कराया। पुलिस उपद्रवियों की शिनाख्त करके उन पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है। पांच संदिग्धों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।


हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

बरसठी थाना क्षेत्र के जमुनीपुर मंगरमु गांव के निवासी विवेक यादव का दो दिन पूर्व बदमाशों ने अपहरण करके उसकी हत्या करने के बाद उसका शव भदोही जिले के सुरियावां इलाके में फेंक दिया था। हत्या की खबर मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार वालों को सौंप दिया था। एसपी डॉ. अजयपाल शर्मा ने बताया कि स्थिति सामान्य है, शव को अंतिम संस्कार के लिए भेज दिया गया है। उपद्रवियों को चिन्हित करके कार्रवाई की जायेगी। पांच से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# मानसिक दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** विश्व मानसिक दिवस पर मानसिक रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए गुरुवार को सीडीओ डॉ. दिव्या मिश्रा ने अम्बेडकर चौराहे से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएमओ डॉ. एएन प्रसाद व सीएमएस डॉ. शैलेन्द्र कुशवाहा के साथ नर्सिंग के छात्र-छात्राएं रैली में लोगों को जागरूक करते हुए राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय पहुंचे।

राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय में पोस्टर प्रतियोगिता हुई। इसमें दो नर्सिंग कॉलेज के 300 छात्र-छात्राएं शामिल हुईं। साथ ही दोनों कॉलेजों की 10-10 छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों को मानसिक रोगों का लक्षण बताया और उसका उपचार बताते हुए जागरूक किया।

# गड़बड़ा धाम में हजारों भक्तों ने किए मां के दर्शन

**हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार।** जगत जननी मां भवानी की चौखट पर शारदीय नवरात्र के दौरान अष्टमी तिथि पर महागौरी स्वरूप का गड़बड़ा धाम में हजारों भक्तों ने दर्शन पूजन कर मन्नतें मांगीं। माता शीतला के जयकारे से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा।

भोर से ही महिला-पुरुष अलग अलग कतारों में लगकर मां की एक झलक पाने को आतुर रहे। कुछ श्रद्धालुओं लेट कर मां शीतला के यहां हाजिर लगाई। मां को माला, फूल, हलुवा, पूरी, नारियल, चुनरी तथा आभूषण भेंट चढ़ाया। माता के दरबार में लगभग 40 हजार से अधिक भक्तों ने शीश नवा कर मन्नतें मांगीं। सुबह से भक्तों की भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर प्रबंधक प्रकाश चंद शुक्ला सीसीटीवी कैमरे से भक्तों की निगरानी करते रहे। मंदिर पुजारी मंगल धारी मिश्रा ने बताया कि भोर से ही 40 हजार से अधिक भक्तों ने माता के दरबार में हाजिरी लगाई है। भक्तों ने मां के दर्शन पूजन के बाद श्रृंगार के समान लकड़ी के खिलौने, बांस के बर्तन, लाई व जलेबी खरीदी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस व पीएसी के जवान साथ-साथ डटे रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** मड़िहान पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। बीते 2 अक्टूबर को एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध नाबालिग पुत्री को चार माह पूर्व बहला फुसला के भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। गुरुवार को उप-निरीक्षक श्यमा बदन यादव मय पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य संकलन व प्राप्त सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से अभियुक्त परमहंस उर्फ पिन्टू पुत्र मुन्नी उर्फ रामआसरे निवासी शिष्टा कला थाना मड़िहान को पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया।

# सर्राफा व्यवसायी की हत्या से आक्रोश

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचार।** सराफा व्यापारी की हत्या पर पुलिस के निष्क्रिय रवैये पर अपनी नाराजगी जताते हुए गुरुवार की दोपहर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ नरसिंह बहादुर व जौनपुर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर जौहरी के संयुक्त नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारियों ने अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद वर्मा को पत्रक सौंपते हुए कार्रवाई की मांग उठाई।

क्षेत्र में खुलेआम हुई इस घटना के विरोध में क्षेत्रवासियों की तरफ से व्यापार मंडल व सर्राफा कारोबारी के समर्थन में डोभी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बबलू सिंह भी मौजूद रहे। एएसपी ने मामले में जल्द ही


अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। अमृत विचार

पर्दाफाश कर आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन दिया, जिसके बाद व्यापार मंडल व सर्राफा व्यवसायी वापस गये। मीडिया से बात करते हुये सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर जौहरी व व्यापार मण्डल के अध्यक्ष डॉ नरसिंह बहादुर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में आये दिन चोरी, छिनैती आदि होने से व्यापारियों में डर का माहौल बना हुआ है, जिसको लेकर व्यापारियों में आक्रोश है। बुधवार को अईलिया गांव के समीप सर्राफा व्यापारी को गोली मार दी गयी। यदि आरोपियों को पकड़ा नहीं गया तो व्यवसायी धरना देने को बाध्य होंगे।

## एक नजर

### इक्विटी म्यूचुअल फंड 10% घटकर 34,419 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में सितंबर के दौरान 34,419 करोड़ रुपये निवेश आया जो अगस्त की तुलना में 10 प्रतिशत की गिरावट है। म्यूचुअल फंड निकाय ने यह जानकारी दी। क्षेत्र आधारित कोष और बड़ी कंपनियों के कोष में निवेश में भारी गिरावट आने से मासिक स्तर पर गिरावट दर्ज की गई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के गुरुवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर, 2024 इक्विटी कोषों में शुद्ध प्रवाह का लगातार 43वां महीना रहा है। म्यूचुअल फंड उद्योग ने अगस्त महीने में 1.08 लाख करोड़ रुपये की निकासी देखी थी जबकि सितंबर में यह निकासी 71,114 करोड़ रुपये रही।

### 2030 तक कपड़ा उद्योग होगा 350 अरब डालर का

**नई दिल्ली।** कपड़ा मंत्रालय का कहना है कि देश का कपड़ा क्षेत्र, सरकार की नीतिगत पहलों का लाभ उठाते हुए विस्तार को तैयार है और इस दशक के अंत तक इसका वार्षिक कारोबार 350 अरब डालर तक पहुंचने की संभावना है। मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष अगस्त के निर्यात के आंकड़ों में रेडीमेड गारमेंट (आरएमजी) में साल-दर-साल 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी जो कपड़ा उद्योग के सभी क्षेत्रों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

### बैंक शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 144 अंक चढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 144 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच बैंक और बिजली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। कारोबारियों के अनुसार, किसी प्रमुख संकेतक के अभाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से शेयर बाजार सीमित दायरे में रहा। बाजार में संकेतक के अभाव तथा विदेशी संस्थागत निवेशक की बिकवाली से कारोबार में सुस्ती दिखाई दी।

# 2047 तक सर्वाधिक विकसित देशों में एक होगा भारत : शाह

## पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सत्र को गृहमंत्री ने किया संबोधित

- **बोले- मोदी सरकार पर 10 साल में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 119वें वार्षिक सत्र में पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि 2047 तक मोदी सरकार की विभिन्न नीतियों के कारण भारत दुनिया के सर्वाधिक विकसित देशों में से एक के रूप में उभरेगा। नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ 10 साल में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। नीतिगत निर्णय लेने में जो शिथिलता थी, उसे भी समाप्त किया और भारत को पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से बाहर निकालते हुए एक आकर्षक स्थान में बदला गया। शाह ने उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सालाना सत्र को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री ने 2014 से कार्यभार संभाला है, सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में सुधार किए हैं। परिणामस्वरूप अन्य बातों के अलावा बुनियादी ढांचा बेहतर हुआ, संपर्क सुविधा अच्छी हुई, डिजिटल अर्थव्यवस्था और रेलवे नेटवर्क का विस्तार हुआ तथा सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिक वाहन के लिए विनिर्माण इकाइयों की स्थापना हुई है। शाह ने विकसित भारत एट 2047: प्रगति के शिखर की ओर विषय पर आयोजित सत्र में कहा कि हम देश में सुधार और आर्थिक विकास लाए हैं।

# कैंडल : तकनीकी विश्लेषण का महत्वपूर्ण उपकरण

कैंडल पैटर्न तकनीकी विश्लेषण का महत्वपूर्ण उपकरण है, जो वित्तीय बाजारों में कीमतों की चाल को समझने में मदद करता है। कैंडलस्टिक चार्ट में हर कैंडल एक निश्चित समय अवधि के दौरान उच्चतम, न्यूनतम, प्रारंभिक और समापन कीमत को दर्शाता है। ये पैटर्न निवेशकों को बाजार की प्रवृत्तियों और भावनाओं का आकलन करने में सहायता करते हैं। सही कैंडल पैटर्न को पहचानकर, निवेशक एंट्री और एक्जिट प्वाइंट तय कर सकते हैं, जिससे उनके ट्रेडिंग निर्णय अधिक प्रभावशाली बनते हैं। आइये इस पर जरा गौर करें ...

### कैंडलस्टिक का निर्माण

**हर कैंडल चार महत्वपूर्ण डेटा को दर्शाती है**

- **ओपन (प्रारंभिक कीमत) :** उस समय अवधि की शुरुआत में कीमत।
- **हाई (उच्चतम कीमत) :** उस अवधि के दौरान सबसे ऊँची कीमत।
- **लो (न्यूनतम कीमत) :** उस अवधि के दौरान सबसे नीची कीमत।
- **क्लोज (समापन कीमत) :** उस अवधि के अंत में कीमत।

### कैंडल की संरचना

- **कोर (बॉडी) :** ओपन और क्लोज के बीच का क्षेत्र। यदि क्लोज ओपन से ऊपर है, तो बॉडी हरे रंग की होती है (बुलिश) और यदि क्लोज ओपन से नीचे है, तो बॉडी लाल रंग की होती है (बेयरिश)।
- **विक (विक्स) :** कैंडल के शीर्ष और नीचे की लकीरें। ये हाई और लो को दर्शाती हैं।

### देखने का तरीका

- **चार्ट का चयन :** कैंडलस्टिक चार्ट का चयन करें और उपयुक्त समय अवधि निर्धारित करें।
- **पैटर्न पहचानना :** विभिन्न कैंडल पैटर्न्स की पहचान करें। विशेष रूप से, एक पैटर्न की पुष्टि के लिए उसे अन्य तकनीकी संकेतकों के साथ मिलाएं।



### कैंडल पैटर्न के जोखिम

- **गलत संकेत :** कैंडल पैटर्न कभी-कभी गलत संकेत दे सकते हैं। एक पैटर्न जो रिवर्सल या ट्रेंड की निरंतरता का संकेत देता है, वास्तव में विपरीत दिशा में भी जा सकता है।
- **अनिश्चितता :** बाजार की अस्थिरता कैंडल की प्रभावशीलता को प्रभावित करती है। समाचार या घटनाएं कीमतों में बदलाव ला सकती हैं, जिससे पैटर्न अप्रभावी हो जाते हैं।
- **तकनीकी दोष :** कैंडल पैटर्न पर निर्भर रहने से निवेशक अन्य कारकों को नजरअंदाज कर सकते हैं, जैसे राजनीतिक घटनाएं, आर्थिक या अन्य संकेतक। इससे जोखिम बढ़ता है।

### उपयोग कैसे करें

- **ट्रेंड पहचानना :** कैंडल पैटर्न से आप यह जान सकते हैं कि बाजार में बुलिश (उच्च) या बेयरिश (निम्न) ट्रेंड है। उदाहरण के लिए, लगातार बुलिश पैटर्न दिखने पर आप खरीदारी पर विचार कर सकते हैं।
- **एंट्री और एक्जिट प्वाइंट :** कैंडल पैटर्न देखकर आप तय कर सकते हैं कि कब खरीदना या बेचना है। जैसे, यदि एक बुलिश पैटर्न दिखाई दे, तो आप एंट्री कर सकते हैं। वहीं, बेयरिश पैटर्न देखकर आप अपने पदों को समेट सकते हैं।
- **स्टॉप लॉस सेट करना :** कैंडल पैटर्न के आधार पर आप अपनी जोखिम प्रबंधन रणनीति को बेहतर बना सकते हैं। यदि कैंडल पैटर्न आपके अनुमान के विपरीत जाती है, तो आप एक स्टॉप लॉस सेट कर सकते हैं।

## टाटा समूह के शेयर में करीब 10% की तेजी

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनियों के शेयर में गुरुवार को 10 प्रतिशत तक की तेजी आई। टाटा केमिकल्स और टाटा टेलीसर्विसेज के शेयरों ने सबसे अधिक बढ़त दर्ज की। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि निवेशक टीसीएस, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाटा कंज्यूमर और इंडियन होटल्स जैसे शेयरों को खरीदकर रतन टाटा और उनके द्वारा निर्मित महान कॉर्पोरेट साम्राज्य को श्रद्धांजलि दे सकते हैं। लाखों साधारण निवेशकों को रतन टा00टा के दृष्टिकोण से लाभ मिला।

## विश्व बैंक ने बढ़ाया भारत का विकास अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **चालू वित्त वर्ष में 7% और अगले वित्त वर्ष में 6.7% रहने की जताई उम्मीद**



विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर 7% और अगले वित्त वर्ष में इसके 6.7% रहने का अनुमान जताते हुये गुरुवार को कहा कि श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर और वैश्विक व्यापार एवं निवेश के लिए आगे बढ़कर अप्रयुक्त क्षमता का दोहन करने से विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।

विश्व बैंक ने जारी अपने नवीनतम दक्षिण एशिया विकास अपडेट में यह अनुमान जताया है। इससे पहले की रिपोर्ट की तुलना में चालू वित्त वर्ष में भारत के विकास अनुमान में 0.7% की और अगले वित्त वर्ष के अनुमान में 0.4% की वृद्धि की गयी है। उसने कहा है कि अपेक्षा से अधिक कृषि उत्पादन और रोजगार वृद्धि को बढ़ावा देने वाली नीतियों से निजी खपत में मजबूत वृद्धि में योगदान मिलेगा। इसमें कहा गया है कि दक्षिण एशिया में वृद्धि इस वर्ष 6.4% तक बढ़ने की उम्मीद है, जो पहले के अनुमानों से अधिक है और इस क्षेत्र को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्र के रूप में बनाए रखेगा। विश्व बैंक ने कहा है कि श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर, वैश्विक व्यापार और निवेश के लिए आगे बढ़कर अप्रयुक्त क्षमता को अनलॉक करने से और भी तेजी से बढ़ने और विकास करने में मदद मिल सकती है।

## प्रदेश को मिलेगी 4.80 लाख एमटी डीएपी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **सरकार ने मांग के हिसाब से आवंटित किया अक्टूबर का लक्ष्य, प्लान तैयार**
- **यूरिया 5,03,500, एनपीके 2,84,900 व एमओपी 72,050 एमटी मिलेगी**

**अमृत विचार :** प्रदेश में रबी की फसलों के लिए उर्वरकों की कमी नहीं होगी। कृषि विभाग के आपूर्ति वितरण योजना के अनुसार सरकार ने अक्टूबर माह का लक्ष्य आवंटन कर दिया है। इसमें 4,80 लाख एमटी डीएपी और 5,03,500 एमटी यूरिया मिलेगी। एक-दो दिन में रैक आते स्टॉक जिलों को पहुंचेगा व जांच कराई जाएगी।

कृषि विभाग के उर्वरक वितरण योजना के अनुसार सरकार ने अक्टूबर का लक्ष्य आवंटित किया है। इसमें कुल डीएपी 4,80,000 एमटी, यूरिया 5,03,500 एमटी, एनपीके 2,84,900 एमटी व एमओपी 72,050 एमटी उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि निदेशक जितेंद्र तोमर ने सभी जिलों को लक्ष्य सौंपा है। एक-दो दिन में कंपनियों द्वारा रैक के माध्यम से उर्वरक भेजी जाएगी। रबी फसलों में ज्यादा डीएपी की खपत होती है। जो पिछले वर्ष की अपेक्षा अतिरिक्त स्टॉक उपलब्ध कराया जाएगा। विभाग का दावा है कि कहीं पर किल्लत नहीं होगी। उपलब्धता होते ब्लॉकवार नोडल व सह नोडल अधिकारी नामित करके स्टॉक और वितरण की जांच कराई जाएगी। वहीं डीएपी के स्थान पर एनपीके और एसएसपी उर्वरक बेहतर विकल्प हैं। जो अधिक मात्रा में उपलब्ध है। यह दोनों उर्वरक खासकर दलहनी, तिहलनी व आलू के लिए अधिक उपयुक्त हैं। सभी में पोषकतत्व एक होते हैं। इनके दाम भी कम हैं।

## यूपीआई लेनदेन की संख्या 52% बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में त्वरित भुगतान प्रणाली यूपीआई के जरिये होने वाले लेनदेन की संख्या वर्ष 2024 के पहले छह महीनों में सालाना आधार पर 52% बढ़कर 78.97 अरब हो गई। भुगतान प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता वर्ल्डलाइन ने गुरुवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। वर्ल्डलाइन ने जनवरी-जून, 2024 के लिए तैयार अपनी रिपोर्ट में कहा कि यूपीआई भुगतान का बाजार पर दबदबा कायम है और इसकी पहुंच तेजी बढ़ रही है। रिपोर्ट कहती है कि जनवरी, 2023 में यूपीआई लेनदेन की संख्या 8.03 अरब थी जो जून, 2024 तक बढ़कर 13.9 अरब हो गई।



## एक नजर

### बच्चे की मौत पर राज्य और पुलिस प्रमुख को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने गुरुवार को कहा कि उसने अलीपुर इलाके में एक खुले नाले में कथित तौर पर गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत के मामले में दिल्ली सरकार, शहर के पुलिस प्रमुख, डीडीए और एमसीडी को नोटिस जारी किए हैं। आयोग ने कहा कि हाल के दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में यह पांचवीं ऐसी घटना है। उसने मीडिया की खबर पर स्वतः संज्ञान लिया है कि सात अक्टूबर को अलीपुर इलाके में खुले नाले में गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई।

### रिश्वतखोरी के आरोप में जीएसटी अधिकारी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अहमदाबाद शहर में रिश्वतखोरी के मामले में दो केंद्रीय जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) अधिकारियों और एक बिचौलिए को गिरफ्तार किया है। एसीबी ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों की पहचान सीजीएसटी लेखा अधीक्षक मोहम्मद रिजवान शेख, सीजीएसटी निरीक्षक कुलदीप कुशवाह और बिचौलिए भौमिक सोनी के रूप में हुई है। द्वितीय श्रेणी के अधिकारी शेख ने हाल ही में सर्राफा व्यापार फर्म के मालिक को जुलाई 2017 से मार्च 2023 तक के उनके खातों का लेखा परीक्षण करने के लिए नोटिस जारी किया था। व्यापारी के खातों में त्रुटियों पर 35 लाख का जुर्माना देने को कहकर अरोपियों ने 1.25 लाख की रिश्वत मांगी थी।

### जबरन वसूली गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

**जालंधर।** जालंधर ग्रामीण पुलिस ने अंतर-जिला वसूली गिरोह का भंडाफोड़ करके ब्लैकमेलिंग और पैसे ऐंठने में शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में चन्नविंडी के जोबनप्रीत सिंह, ढंडोवाल के राजेश उर्फ सनी, सैदपुर झरी के जसकरण गिल उर्फ जस्सा, संधवाल के बरजेश उर्फ मेशी, बाल्मीक मोहल्ला तलवान के बूटा सिंह उर्फ बूटा और मेहराजवाला की बरखा है। आरोपी कई जिलों में सक्रिय थे। जालंधर ग्रामीण के एसएसपी हरकमल प्रीत सिंह खख ने गुरुवार को कहा कि डीएसपी ओंकार सिंह बराड़ और एसपी जगरूप कौर बाठ की देखरेख में यह गिरफ्तारियां हुई।

### आग लगने से पटाखों में हुए विस्फोट से छह घायल

**होशियारपुर।** धार्मिक जुलूस के दौरान गुरुवार को बैग में रखे पटाखों में दुर्घटनावश आग लगने पर उसमें हुए विस्फोट से छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना प्रह्लाद नगर इलाके की है। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आसपास की दुकानों, मकानों की खिड़कियां और कारें क्षतिग्रस्त हो गईं।

# कांग्रेस की हार पर दिग्गजों का मंथन

## हरियाणा विस चुनाव परिणाम : विपक्षी दल ने की हार की समीक्षा, खरगे, राहुल ने की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- **पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा व महासचिव सैलजा बैठक में नहीं हुए शामिल**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के कारणों पर गुरुवार को वरिष्ठ पर्यवेक्षकों तथा प्रभारी के साथ समीक्षा की। खरगे के आवास 10 राजाजी मार्ग पर हुई इस समीक्षा बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, इस चुनाव में वरिष्ठ पर्यवेक्षक की भूमिका निभाने वाले राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दो अन्य पदाधिकारी थे। प्रभारी दीपक बाबरिया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े क्योंकि वह पिछले कुछ सप्ताह से अस्वस्थ हैं।

बैठक के बाद माकन ने कहा कि इस बैठक में हरियाणा के चुनाव नतीजों की समीक्षा की गई। आप लोग व मीडिया भी इस बात को मानते होंगे कि नतीजे अप्रत्याशित थे। एग्जिट पोल और असल नतीजों में जमीन और आसमान का फर्क था। अलग अलग कारण क्या हो सकते हैं, इस पर चर्चा की गई। उनका कहना था कि आगे के कदमों की जानकारी बाद में दी जाएगी। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा के नहीं शामिल होने पर माकन ने कहा कि जिनको बुलाया गया था, वो सभी आए थे। कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम से जुड़ी शिकायतों के बारे में बुधवार को निर्वाचन आयोग को अवगत कराया था और इनकी जांच की मांग की थी। विपक्षी दल के वरिष्ठ नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से आग्रह किया था कि उन ईवीएम को जांच पूरी होने तक सील करके सुरक्षित रखा जाए, जिनको लेकर सवाल उठे हैं। कांग्रेस ने हरियाणा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित और लोक भावना के खिलाफ करार देते हुए कहा था कि इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

### कांग्रेस बनाएगी तथ्यान्वेषी समिति

कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित हार के कारणों का पता करने के लिए जल्द ही तथ्यान्वेषी समिति का गठन करेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक में यह निर्णय किया गया। कांग्रेस नेता ने बताया कि यह समिति प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं तथा उम्मीदवारों से बात करेगी और फिर रिपोर्ट पार्टी को सौंपेगी। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी इस चुनाव परिणाम के कारणों के तह तक जाने और जवाबदेही तय करने को लेकर गंभीर हैं।

## बंगला विवाद : आतिशी की कार्टन के बीच काम करते तस्वीरें वायरल, भाजपा पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**


अपने नए निवास पर काम करतीं दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी।

आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को कुछ तस्वीरें साझा कर दावा किया कि मुख्यमंत्री आतिशी अपने आवास पर सामान के कार्टन के बीच फाइलों पर दस्तखत कर रही हैं। इससे पार्टी ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री से राष्ट्रीय राजधानी के 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले को जबरन खाली कराया गया है।

एक्स पर तस्वीरें पोस्ट करते हुए आप नेता संजय सिंह ने भाजपा को निशाने पर लिया और कहा कि वह दिल्ली के लोगों के लिए काम करने के आतिशी के जज्बे को नहीं छीन सकती। उन्होंने भाजपा पर नवरात्रि में महिला मुख्यमंत्री का सामान उनके घर से फिंकवाने का भी आरोप लगाया। सिंह ने भाजपा पर मुख्यमंत्री आवास पर कब्जा करने का आरोप लगाया। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के कहने पर आतिशी का सामान बंगले से हटाया गया। दिल्ली में कालकाजी में रहने वाली आतिशी को तत्कालीन अरविंद केजरीवाल सरकार में मंत्री बनाए जाने के बाद मथुरा रोड पर एबी-17 बंगला आवंटित हुआ था।

### चुनाव से पहले आप ने की विधायक निधि में पांच करोड़ रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** आप सरकार ने विधानसभा चुनावों से पहले गुरुवार को वार्षिक विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 15 करोड़ कर दिया। मुख्यमंत्री आतिशी ने दावा किया कि दिल्ली में विधायक निधि देश में सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि दिन में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में प्रति विधायक प्रति वर्ष पांच करोड़ रुपये की राशि बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

## दोहरे हत्याकांड के दोषी की मौत की सजा आजीवन कारावास में तबदील

**मुंबई, एजेंसी**



- **दोषसिद्धि को रखा बरकरार, बम्बई हाईकोर्ट ने कहा- मामला दुर्लभतम नहीं, इसलिए किया बदलाव**

बंबई हाईकोर्ट ने गुरुवार को दोहरे हत्याकांड के मामले में एक व्यक्ति की दोषसिद्धि को बरकरार रखा, लेकिन उसे सुनायी गयी मौत की सजा को यह कह कर आजीवन कारावास में बदल दिया कि यह मामला दुर्लभतम नहीं है। मुंबई में 2017 में एक किशोरी और दो साल की बच्ची को जलाकर मार डालने के मामले में सुनवाई करने वाली न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे एवं न्यायमूर्ति श्याम चांडक की पीठ ने कहा कि यह मामला दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है।

पीठ ने कहा कि वह आरोपी दीपक जाट की दोषसिद्धि को बरकरार रखती है, लेकिन उसे सुनाई गई मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल रही है। अदालत ने कहा कि हमने माना है कि यह मामला दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है। इस मामले में मौत की सजा ही एकमात्र सजा नहीं है। मामले की सुनवाई कर रही सत्र अदालत ने 2023 में दोषी को यह कहते हुये मौत की सजा सुनायी थी कि दीपक जाट ने जो अपराध किया है वह दुर्लभतम श्रेणी में आता है।

## डॉक्टरों का दुर्गा पूजा उत्सव के बीच अनशन जारी

**आरजी कर मामला**

**कोलकाता, एजेंसी**

आरजी कर अस्पताल में सहकर्मी से दुष्कर्म- हत्या के विरोध में आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने दुर्गा पूजा उत्सव के बीच पांचवें दिन भी आमरण अनशन जारी रखा। कई मेडिकल कॉलेजों के नौ जूनियर डॉक्टर 108 घंटे से अनशन पर हैं। उन्होंने काम रोको हड़ताल खत्म करने के बाद शनिवार शाम को धर्मतल्ला के डोरीना चौराहे पर आमरण अनशन शुरू किया। राज्य सरकार ने बुधवार को प्रदर्शनकारियों के साथ बैठक की, लेकिन गतिरोध दूर करने में असफल रही। मुख्य सचिव मनोज पंत की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि उन्हें राज्य सरकार की ओर से मौखिक आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

### सीलबंद डिब्बे में खून से सने मिले सर्जिकल दस्ताने

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के कनिष्ठ चिकित्सक ने आरोप लगाया कि एक मरीज का इलाज करते समय उन्हें सीलबंद डिब्बे में खून से सने सर्जिकल दस्ताने मिले। ऐसे दस्ताने के उपयोग से संक्रमण हो सकता है। उन्हें ये दस्ताने उस समय मिले जब वह अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर में एक संक्रामक रोग से पीड़ित मरीज का इलाज कर रहे थे। राज्य स्वास्थ्य विभाग के केंद्रीय चिकित्सा आपूर्ति विभाग ने कहा कि वह जांच करेगा।

### बंगाल में हो रहे अन्याय से लड़ने को भाजपा प्रतिबद्ध : नड्डा

**कोलकाता।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी बंगाल में हो रहे अन्याय से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचने के बाद यह बात कही। कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म-हत्या को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। नड्डा एक दिवसीय यात्रा के लिए पूर्वाह्न करीब 11 बजे कोलकाता पहुंचे। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी भी उनके साथ थे।

## चुनाव जीतने के बाद माकपा और नेकां कर रहे गुंडागर्दी : इल्तिजा



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने आरोप लगाया कि नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत के बाद गुंडागर्दी कर रही हैं। पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने नेकां को जीत और उमर अब्दुल्ला को पार्टी का विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई दी, लेकिन साथ ही सवाल किया कि भारी बहुमत क्या गुंदागर्दी करने और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के लिए मिला है। उन्होंने कहा कि श्रीगुफवाड़ा-बिजबेहरा से नेकां के निर्वाचित विधायक (बशीर वीरी) गुंडागर्दी में शामिल हैं। उनके नेता पीडीपी कार्यकर्ताओं के घरों की बाहरी दीवारों को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। पीडीपी कार्यकर्ता की एक जगह को भी आग लगा दी गई।

## अरुणाचल : चिकित्सकों ने की एक महीने की बच्ची की दुर्लभ सर्जरी

- **आंख सें जुड़ी दुर्लभ बीमारी रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमेच्योरिटी का किया इलाज**

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के नाहरलागून में टोमो रिबा स्वास्थ्य एवं मेडिकल विज्ञान संस्थान (टीआरआईएचएमएस) के चिकित्सकों ने आंख सें जुड़ी दुर्लभ बीमारी रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमेच्योरिटी (आरओपी) प्लस से पीड़ित एक महीने की बच्ची का इलाज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लड़की को एनेस्थीसिया देकर इंट्राविटिरियल एंटी-वीईजीएफ (वैस्क्युलर एंडोथेलियल ग्रोथ फैक्टर) का इलाज किया गया। टीआरआईएचएमएस के नेत्र रोग विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. तॉ एनी दीपू के नेतृत्व में एक टीम ने सर्जरी की।

## राज्यों को विकास संबंधी व्यय के लिए केंद्र ने दिए 1.78 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **केंद्रीय करों और शुल्कों की शुद्ध आय में से राज्यों की जारी की गई धनराशि**

केंद्र सरकार ने 10 अक्टूबर को राज्य सरकारों को 1,78,173 करोड़ रुपये का कर हस्तांतरण जारी किया है जबकि सामान्य मासिक हस्तांतरण 89,086.50 करोड़ है। इसमें अक्टूबर 2024 में देय नियमित किस्त के अलावा एक अग्रिम किस्त भी शामिल है।

वित्त मंत्रालय ने बताया कि राज्यों को विकास/कल्याण संबंधी व्यय को वित्तपोषित करने में सक्षम बनाने के लिए है। केंद्रीय करों और शुल्कों की शुद्ध आय में से राज्यों की राशि जारी हई है। आंध्र प्रदेश को 7,211 करोड़, अरुणाचल को 3,131, असम को 5,573, बिहार को 17,921, छत्तीसगढ़ को 6,070, गोवा को 688, गुजरात को 6,197, हरियाणा को 1,947, हिमाचल को 1,479, झारखंड को 5,892, कर्नाटक को 6,498, केरल को 3,430, मप्र को 13,987, महाराष्ट्र को 11,255, पंजाब को 3,220, राजस्थान को 10,737, तेलंगाना को 3,745, उत्तर प्रदेश को 31,962 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं।

## शिल्पा-राज की अर्जी पर फैसले तक कार्रवाई नहीं

**मुंबई।** ईडी ने गुरुवार को बंबई हाईकोर्ट से कहा कि वह अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा को जारी बेदखली नोटिस पर तब तक कार्रवाई नहीं करेगा, जब तक अपीलीय न्यायाधिकरण संपत्ति की कुर्की से जुड़े आदेश को चुनौती देने वाली दंपती की अर्जी पर फैसला नहीं सुना देता। ईडी ने 27 सितंबर को शिल्पा एवं राज कुंद्रा को धन शोधन से जुड़े एक मामले में नोटिस जारी कर मुंबई के जुहू इलाके में स्थित उनका घर और पुणे का एक फार्महाउस खाली करने का निर्देश दिया था।

## हरियाणा के 96% विधायक करोड़पति 13% के खिलाफ आपराधिक मामले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **90 विधायकों में से 44% के पास 10 करोड़ से अधिक, सिर्फ 2.2% की संपत्ति 20 लाख से कम**

नवनिर्वाचित 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में 86 विधायक (96%) करोड़पति हैं जबकि 12 (13%) अपने खिलाफ आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। चुनाव संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के विश्लेषण से यह जानकारी सामने आई है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) एंड हरियाणा इलेक्शन वॉच ने सभी 90 उम्मीदवारों के हलफनामे का विश्लेषण करने के बाद बताते हैं कि करोड़पति विधायकों का आंकड़ा 2019 के 93% से बढ़कर इस बार 96% है। 90 विधायकों में से 44% के पास 10 करोड़ से अधिक की संपत्ति है जबकि सिर्फ 2.2% के पास 20 लाख रुपये से कम की संपत्ति है।

# स्टाफ को संयुक्त सचिव के निर्देश लेने से रोका

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने गुरुवार को आईओए स्टाफ को संयुक्त सचिव कल्याण चौबे और कार्यकारी परिषद के बाकी सदस्यों से कोई भी निर्देश लेने से रोक दिया। उन्होंने इसके साथ ही 25 अक्टूबर को होने वाली विशेष आमसभा (एसजीएम) के लिए चौबे द्वारा घोषित किए गए एजेंडा को अवैध और अनधिकृत करार दिया।



- उषा ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को अवैध घोषित किया चौबे को लगाई लताड़ा

चौबे ने बुधवार को आईओए के आधिकारिक लेटरहेड पर एक सर्कुलर जारी किया जिसमें 25 अक्टूबर को होने वाली आमसभा की बैठक के लिए 26 एजेंडा शामिल किए गए थे। इनमें कथित संवैधानिक उल्लंघनों से जुड़े मामलों के लिए उषा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का विषय भी शामिल है। चौबे ने आईओए के संयुक्त सचिव और कार्यवाहक सीईओ के रूप में इस पर हस्ताक्षर किए थे। उषा ने घोषणा की कि चौबे कार्यवाहक सीईओ के पद पर नहीं हैं। जनवरी में रघुराम अय्यर के पद संभालने से पहले चौबे ने आईओए के कार्यवाहक सीईओ के रूप में कार्य किया था। उषा ने चौबे की कार्रवाई को अवैध और आईओए संविधान का उल्लंघन बताया। मैंने आईओए के संयुक्त सचिव को बैठक बुलाने या 25 को होने वाली एसजीएम का एजेंडा घोषित करने के लिए अधिकृत नहीं किया है। आईओए के एकमात्र सीईओ रघुराम अय्यर हैं।

### बैठक को लेकर जारी नोटिस अवैध और अनाधिकृत

उषा ने कहा उस बैठक को लेकर जारी किया गया कोई भी अन्य एजेंडा या नोटिस अवैध और अनाधिकृत है। इसमें कल्याण चौबे द्वारा जारी किया गया नोटिस भी शामिल है। इसे दुर्भावनापूर्ण इरादे से जारी किया गया माना जाना चाहिए और इसकी उपेक्षा की जानी चाहिए। उषा ने कहा था कि अय्यर की नियुक्ति को कार्यकारी परिषद ने पांच जनवरी को एक बैठक में मंजूरी दे दी थी। केवल उनका वेतन ही एकमात्र ऐसा मुद्दा था जिस पर चर्चा होनी बाकी थी। चौबे सहित आईओए कार्यकारी परिषद के 12 सदस्यों (15 में से) ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति की पुष्टि करने से इनकार कर दिया था। उषा ने कहा मेरे संज्ञान में लाया गया है कि कल्याण चौबे ने आईओए के कार्यवाहक सीईओ के रूप में एसजीएम के लिए आधिकारिक आईओए स्टेशनरी का उपयोग करते हुए एजेंडा जारी किया है।

# नीतिश ने हरफनमौला प्रदर्शन का श्रेय गौतम गंभीर को दिया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी20 में भारत की 86 रन से जीत में बल्ले और गेंद से योगदान देने वाले हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी ने इसका श्रेय मुख्य कोच गौतम गंभीर को देते हुए कहा कि उनका लक्ष्य बांग्लादेशी स्पिनरों को निशाना बनाना था।

पिछली बार जब दोनों टीमों का मुकाबला यहां हुआ था तब भारत को बांग्लादेश ने हराया था। दूसरे टी-20 में भी पावरप्ले में भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज आउट हो गए थे लेकिन रेड्डी और रिंकू सिंह ने टीम को जीत तक पहुंचाया। दोनों ने चौथे विकेट के लिये 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी की । रेड्डी ने 74 रन बनाए। रेड्डी ने वीडियो में कहा हम आपस में यही बात कर रहे थे कि कोई दबाव नहीं लेना है । हमने स्पिनरों को निशाना बनाने का लक्ष्य रखा था। ईमानदार से कहूं तो इसका श्रेय गौतम सर को जाता है। उन्होंने काफी आत्मविश्वास दिया। उन्होंने मुझे कहा कि अपनी गेंदबाजी पर भरोसा रखो। गेंदबाजी करते समय गेंदबाज की तरह सोचो, ऐसे बल्लेबाज की तरह नहीं जो गेंदबाजी कर सकता है।

# भारत दौरे पर अपने तरीके से टीम को तैयार करेंगे लाथम

वेलिंगटन, एजेंसी

- 16 से भारत में शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में कप्तान होंगे टॉम

न्यूजीलैंड के नए टेस्ट कप्तान टॉम लाथम ने कहा कि वह कार्यवाहक से पूर्णकालिक कप्तान बनने को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि इससे भारत दौरे के लिये अपने तरीके से टीम तैयार कर सकेंगे। पिछले नौ मैचों में न्यूजीलैंड के कप्तान रहे लाथम को पिछले सप्ताह टिम साउदी के कप्तानी छोड़ने के बाद पूर्णकालिक कप्तान बनाया गया है।

वह 16 अक्टूबर से भारत में शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में टीम के कप्तान होंगे। 32 वर्ष के लाथम ने कहा पूर्ण कालिक कप्तान बनना खास अहसास है। वह बहुत सम्मान की बात है। मैं पहले कार्यवाहक कप्तान रह चुका हूं लेकिन अब हालात अलग है। अब मैं अपने तरीके से कुछ चीजें कर सकता हूं। एक टेस्ट टीम के तौर पर हमने अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है। हम कीवी मार्का क्रिकेट खेलने में कामयाब रहे हैं। यह शानदार टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी दोनों हैं। आने वाला समय रोमांचक और चुनौतीपूर्ण होगा।

भारत के खिलाफ श्रृंखला के मैच बेंगलुरू, पुणे और मुंबई में खेले जाएंगे। गैरी स्टीड न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच होंगे जबकि ल्यूक रोंची बल्लेबाजी और जैकब ओरम गेंदबाजी कोच होंगे। श्रीलंका के रंगाना हेराथ स्पिन कोच होंगे।

## खेल डायरी

### पीकेएल : जयपुर पिंक पैंथर के कप्तान नियुक्त देशवाल

**जयपुर।** जयपुर पिंक पैंथर ने स्टार रैडर अर्जुन देशवाल को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सीजन के लिए कप्तान बनाने की घोषणा की है। देशवाल ने आठवें सीजन में पिंक पैंथर में शामिल हुए थे। अर्जुन जल्द ही प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय हो गए। उन्होंने अपने प्रदर्शन ने टीम को सीजन नौ में ट्रॉफी जीतने और सीजन दस में सेमीफाइनलिस्ट बनने में मदद की। अर्जुन ने कप्तान ने टीम का कप्तान बनाये जाने पर कहा मैं पीकेएल में एक और सीजन का इंतजार कर रहा हूं, टीम कड़ी मेहनत कर रही है और मैं इस टीम को आगे ले जाने के लिए उत्सुक हूं और उम्मीद है कि इस बार मैं जयपुर पिंक पैंथर्स को उनके तीसरे सिल्वरवेयर तक ले जाने में मदद कर सकूंगा। पिंक पैंथर का इस सीजन में पहला मुकाबला 20 को होगा।

### ग्रीस फुटबॉलर बाल्डॉक स्विमिंग पूल में मृत मिले

**ग्लाइफाडा (ग्रीस)।** इंग्लैंड में जन्मे ग्रीस के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी जॉर्ज बाल्डॉक दक्षिणी एथेंस के ग्लिफाडा में अपने घर के स्विमिंग पूल में मृत पाए गए है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पुलिस ने बुधवार को घटनास्थल पर 31 वर्षीय बाल्डॉक को होश में लाने का प्रयास किया लेकिन उसे होश में नहीं लाया जा सका और चिकित्सा आपातकालीन इकाइयों ने खिलाड़ी की मौत की पुष्टि की। पुलिस ने कहा कि मौत का कारण अज्ञात है। बाल्डॉक सात साल तक ब्लेड्स में रहने के बाद गर्मियों में ग्रीस के पैनाथिनाइकोस क्लब में शामिल हुए थे।

### विस्ट्रॉन लेडीज ओपन में दीक्षा की निराशाजनक शुरुआत

**ताओयुआन (चीनी ताइपे)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने ताइवान एलपीजीए टूर पर विस्ट्रॉन लेडीज ओपन टूर्नामेंट के पहले दौर में छह ओवर 78 का कार्ड खेलकर निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे वह संयुक्त 97वें स्थान पर बनी हुई हैं। वहीं स्विट्जरलैंड की खिलाड़ी चियारा टम्बुरलिनी और चोनलाडा चायनुन ने छह अंडर पार से संयुक्त पहले स्थान पर बनी हुई हैं। दीक्षा ने दसवें होल पर शुरुआत बोगी से की और फिर 18वें होल पर डबल बोगी कर गई। उन्होंने तीसरे होल पर दिन की एकमात्र बर्डी लगाने के बाद चौथे होल पर ट्रिपल बोगी और आठवें होल पर बोगी कर दी। इस तरह उनका कुल स्कोर छह ओवर रहा। दीक्षा अब कट में जगह बनाने से चूक सकती हैं।

### हीरो महिला इंडिया ओपन में दीक्षा करेंगी अगुवाई

**नई दिल्ली।** अनुभवी दीक्षा डागर इस महीने होने वाले हीरो महिला इंडिया ओपन 2024 में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी जबकि लेडीज यूरोपीय टूर आर्डर आफ मेरिट में शीर्ष पर काबिज स्विटरजलैंड की चियारा ताम्बुरलिनी खिताब के प्रबल दावेदारों में होंगी। यह टूर्नामेंट 24 से 27 अक्टूबर तक गुरूग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब पर खेला जाएगा। इसमें कुल ईनामी राशि चार लाख डॉलर होगी। पिछले साल तीसरे स्थान पर रही दीक्षा के अलावा आठवें स्थान पर रही गौरिका बिश्नोई प्रमुख भारतीय खिलाड़ियों में हैं। आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार तीन पूर्व चैंपियन क्रिस्टीन वोल्फ (2019), कामिले चेवालियर (2017) और कैरोलिन हेडवाल भी इसमें भाग लेंगी।

### भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई टेबल टेनिस में कांस्य जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रही एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चीनी ताइपे से 0-3 से हार गई जिससे उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला टीम ने बुधवार को इसी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था जो 1972 से शुरू हुई इस चैम्पियनशिप के इस वर्ग में देश का पहला पदक है। विश्व रैंकिंग में 42वें नंबर पर काबिज दिग्गज अचंता शरत कमल को दुनिया के सातवें नंबर के प्रतिद्वंद्वी लिन युन जू से कड़ी चुनौती मिली और वह 11-7, 12-10, 11-9 से पराजित हो गए। इसके बाद मानव ठक्कर को दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी काओ चेंग-जुई से शिकस्त झेलनी पड़ी। चीनी ताइपे के इस खिलाड़ी ने ठक्कर को 11-9, 8-11, 11-3, 13-11 से हरा दिया। भारतीय टीम 0-2 से पिछड़ रही थी। तीसरे मैच में हरमीत देसाई को भी निराशा का सामना करना पड़ा जो हुआंग यान-चेंग से 6-11, 9-11, 7-11 से हार गए। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने कहा हार के बावजूद भारतीय पुरुष टीम गर्व महसूस कर सकती है क्योंकि इस प्रतिष्ठित एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।

# नडाल के साथ विदा होगा एक युग

## अगले महीने डेविस कप फाइनल्स के बाद टेनिस से संन्यास लेंगे राफेल नडाल

मैड्रिड, एजेंसी

22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने गुरुवार को घोषणा की कि वह अगले महीने होने वाले डेविस कप फाइनल्स के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे। 38 वर्ष के नडाल से अधिक ग्रैंडस्लैम पुरूष वर्ग में नोवाक जोकोविच (24) ने जीते हैं जबकि रोजर फेडरर 20 बार विजेता रहे हैं। तीनों टेनिस के बिग थ्री कहे जाते रहे हैं।

स्पेन के नडाल ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। उन्होंने संकेत दिया कि उन्होंने यह फैसला लगातार चोटों के कारण लिया है। नडाल ने कहा मैने जो कुछ भी अनुभव किया है, वह सपना सच होने जैसा है। मैं इस इत्मीनान के साथ जाऊंगा कि मैने अपनी ओर से पूरा प्रयास किया और सर्वश्रेष्ठ दिया। हकीकत यह है कि पिछले कुछ साल काफी कठिन रहे, खासकर पिछले दो साल। यह कठिन फैसला था जिसे लेने में मुझे कुछ समय लगा, लेकिन जीवन में हर चीज की एक शुरूआत और एक अंत होता है। लाल बजरी के बादशाह कहे जाने वाले नडाल ने लाल कोर्ट पर रिकॉर्ड 14 फ्रेंच ओपन खिताब जीते। रोलां गैरो कोर्ट के प्रवेश द्वार पर नडाल की प्रतिमा इसकी गवाह है कि उन्होंने इस पर अपने प्रदर्शन की छाप किस कदर छोड़ी है।



नडाल ने चार बार अमेरिकी ओपन और दो-दो बार विंबलडन और ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता है। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2022 ऑस्ट्रेलियाई ओपन जनवरी में और जून में फ्रेंच ओपन जीता था। फेडरर ने 2022 सत्र के आखिर में 41 वर्ष की उम्र में संन्यास का ऐलान किया था। नडाल ने फेडरर और जोकोविच के खिलाफ खेलते हुए तस्वीरों के बीच कहा मैं समूचे टेनिस जगत और खेल से जुड़े हर व्यक्ति खासकर अपने पुराने प्रतिद्वंद्वियों को धन्यवाद देना चाहता हूं। डेविस कप के जरिये विदा लेने को लेकर वह काफी रोमांचित है। डेविस कप फाइनल्स स्पेन के मालागा में 19 नवंबर से खेला जाएगा। नडाल ने पेरिस ओलंपिक के बाद से नहीं खेला है जिसमें वह एकल वर्ग में जोकोविच से हार गए थे। मुझे लगता है कि यह उस कैरियर पर विराम लगाने का सही समय है जो इतना लंबा रहा और मैने जितना सोचा था, उससे ज्यादा सफल भी।

### फ्रेंच ओपन के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे रिचर्ड गास्केट

**पेरिस।** फ्रांस के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रिचर्ड गास्केट ने गुरुवार को कहा कि वह अगले साल होने वाले फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास ले लेंगे। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी को अपने एक हाथ से लगाए गए बैकहैंड के लिए जाना जाता है लेकिन वह अभी तक अपने करियर में कोई ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीत पाए हैं। गास्केट ने कहा मैं अगले साल फ्रेंच ओपन के बाद खेलना बंद कर दूंगा। मेरा मानना है कि यह मेरे लिए टेनिस से संन्यास लेने का सबसे उपयुक्त समय होगा। संन्यास लेने के लिए यह सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंट है। फ्रांस का खिलाड़ी होने के कारण हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें इस अविश्वसनीय टूर्नामेंट में संन्यास लेने का मौका मिलता है। खेल को अलविदा कहना आसान नहीं होता है जैसा कि सभी पूर्व खिलाड़ी कहा करते थे। आप नहीं जानते कि आपके करियर का कब और कहां अंत होगा।

# सिनर शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में, गॉफ वुहान ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**शंघाई।** इटली के शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर ने गुरुवार को यहां शंघाई मास्टर्स में पांचवीं रैंकिंग के दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



सिनर का यह सत्र का पांचवां एटीपी मास्टर्स सेमीफाइनल है। सिनर ने सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना किया और रूसी खिलाड़ी को 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। अब उनका सामना दूसरे रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और टॉमस मचाक के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। वहीं वुहान ओपन में कोको गॉफ ने एक घंटे से ज्यादा चले मुकाबले में 17वीं रैंकिंग की मार्टा कास्तयुक को 6-4, 6-1 से शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। गॉफ का सामना 45वीं रैंकिंग की माग्डा लिनेटे से होगा जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त दारिया कसातकिना को 6-2, 6-3 से हराया। तीसरी रैंकिंग जेसिका पेगुला को 51वीं रैंकिंग की वांग जिन्यु से 3-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। हेली बापटिस्टे को इकेटरीना एलेक्सांद्रोवा ने 6-1, 6-1 से पराजित किया। पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने लेला फर्नांडिज को 5-7, 6-3, 6-0 से और छठी रैंकिंग की जैस्मिन पाओलिनी ने एरिका आंद्रीवा को 6-3, 6-2 से शिकस्त दी।

# स्मृति और मैं पूर्व निर्धारित योजना के साथ नहीं उतरते : शेफाली वर्मा

**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि वह और उनकी सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना किसी विशेष प्रकार की गेंदबाजी के लिए मैदान पर पूर्व निर्धारित योजना के साथ मैच में नहीं उतरतीं जिससे उन्हें सफलता हासिल करने में मदद मिली है।

इन दोनों ने बुधवार को श्रीलंका पर भारत की 82 रन की शानदार जीत के दौरान 98 रन की साझेदारी की। मंधाना ने 50 रन की अपनी पारी के दौरान स्पिनरों को निशाना बनाया क्योंकि पहले वह आमतौर पर स्पिनरों को खेलने के लिए शेफाली पर निर्भर रहती थी। शेफाली ने मैच के बाद कहा जैसा कि आपने कहा कि हमारा संयोजन बहुत अच्छा है। अब हम पहले से तय नहीं रहते। जो भी उस दिन गेंद से बल्ला अच्छी तरह कनेक्ट कर रहा होता है तो हम उसे ज्यादा गेंद खेलने देते हैं। अभी वह स्पिनरों को बहुत अच्छी तरह से हिट कर रही है।

### पिता के निधन के कारण पाकिस्तान लौटेगी की फातिमा

**दुबई।** पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच में नहीं खेल पाएगी क्योंकि वह अपने पिता के निधन के कारण स्वदेश लौट रही हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि वह फातिमा की जल्द से जल्द स्वदेश लौटने की व्यवस्था कर रहा है। उनके पिता का गुरुवार की सुबह निधन हो गया था। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले मैच में नहीं खेल पाएगी। उनकी अनुपस्थिति में उप कप्तान मुनीबा अली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम की अगुवाई करेगी। 22 वर्षीय फातिमा ने टूर्नामेंट में अभी तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

# इंग्लैंड के 823 रन, बुक का तिहरा शतक

मुल्तान, एजेंसी

- टेस्ट क्रिकेट का 2553वां मैच रिकॉर्ड बुक में हुआ दर्ज
- 1997 में भारत के खिलाफ श्रीलंका ने बनाए थे 952 रन



पाकिस्तान के खिलाफ विकेट लेने क बाद जश्न मनातीं इंग्लैंड की टीम। ● एजेंसी

टेस्ट क्रिकेट का 2553वां मैच रिकॉर्ड बुक में हमेशा अपना विशेष स्थान बनाए रखेगा क्योंकि इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ यहां खेले जा रहे मैच में अपनी पहली पारी सात विकेट पर 823 रन बनाकर समाप्त घोषित करके कुछ नए रिकॉर्ड बनाए।

यह टेस्ट क्रिकेट में केवल चौथा अवसर है जबकि किसी टीम में 800 से अधिक रन बनाए। यह टेस्ट क्रिकेट में चौथा बड़ा स्कोर भी है। रिकार्ड श्रीलंका के नाम पर है जिसने 1997 में भारत के खिलाफ छह विकेट पर 952 रन बना कर अपनी पारी समाप्त घोषित की थी। श्रीलंका ने तब टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर के इंग्लैंड के रिकॉर्ड को तोड़ा था जिसने 1938 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पारी सात विकेट पर 903 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। इंग्लैंड ने इससे पहले 1930 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 849 रन बनाए थे। जो रूट ने 262 रन बनाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। इस दौरान वह इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने एलिस्टेयर कुक को पीछे छोड़ा। वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, जाक कैलिस और राहुल द्रविड़ के बाद पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। हैरी ब्रूक ने 317 रन की बड़ी पारी खेली जो टेस्ट क्रिकेट में किसी एक पारी में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर की सूची में संयुक्त रूप से 20वें नंबर पर है। वह टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले इंग्लैंड के छठे बल्लेबाज बन हैं। यह 1990 में ग्राहम गूच के भारत के खिलाफ लगाए गए तिहरे शतक के बाद पहला अवसर है जबकि इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज ने यह उपलब्धि हासिल की।

## बॉलीवुड हलचल



### भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने बनाया रिकॉर्ड, 24 घंटे में 155 मिलियन व्यूज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फ़िल्म भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने रिकॉर्ड बना दिया है और 24 घंटे में 155 मिलियन से ज्यादा व्यूज हासिल कर लिए हैं। भूल भुलैया 3 का ट्रेलर अब रिलीज हो गया है और यह हर जगह पसंद किया जा रहा है। फिल्म की टीम ने राज मंदिर सिनेमा जयपुर में ट्रेलर के साथ प्रमोशनल कैंपेन की शुरुआत की, जिसके चलते फिल्म को लेकर चर्चा जोरों पर है। ट्रेलर ने सिर्फ 24 घंटे में 155 मिलियन व्यूज हासिल कर लिए हैं, जो इसे सबसे ज्यादा देखा जाने वाला ट्रेलर बनाता है। इसे हर तरफ से काफी तारीफ मिल रही है और यह अब तक का सबसे ज्यादा देखा गया ट्रेलर बन गया है, जिसने सिर्फ 24 घंटे में 155 मिलियन से ज्यादा व्यूज हासिल किए है। कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी नज़र आएंगी। इसे अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है और भूषण कुमार ने इसे प्रोड्यूस किया है। 1 नवंबर को ग्रैंड रिलीज में लिए तैयार है।

### 70 बरस की हुई अभिनेत्री रेखा, 1966 में आई थी पहली फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रेखा आज 70 वर्ष की हो गई। 10 अक्टूबर 1954 को मद्रास में जन्मीं रेखा (मूल नाम भानुरेखा गणेशन) को अभिनय की कला विरासत में मिली। रेखा के पिता जैमिनी गणेशन अभिनेता और मां पुष्पावली जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री थीं। घर में फिल्मी माहौल से रेखा का रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगीं। रेखा ने अपने करियर की शुरूआत बाल कलाकार के रुप में वर्ष 1966 में प्रदर्शित तेलुगु फिल्म रंगुला रतनम से की। रेखा ने अभिनेत्री के रूप में अपने करियर की शुरूआत कन्नड़ फिल्म गोदाली सी .आई .डी 999 से की। फिल्म में उनके नायक की भूमिका सुपरस्टार डा .राजकुमार ने निभाई थी। हिंदी फिल्मों में रेखा ने अनजाना फिल्म से अपने अभिनय की शुरूआत की। अरसे बाद यह फिल्म दो शिकारी के नाम से प्रदर्शित हुई। फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई। बतौर अभिनेत्री के रुप में उनके सिने करियर की शुरूआत 1970 में प्रदर्शित फिल्म सावन भादो से हुई। फिल्म में उनके नायक की भूमिका नवीन निश्चल ने निभाई। वर्ष 1976 में प्रदर्शित फिल्म दो अनजाने उनके करियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुयी। सही मायनों में अभिनेत्री के रूप में उनकी यह पहली फिल्म थी। इस फिल्म में पहली बार उन्हें अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का मौका मिला। वर्ष 1978 में प्रदर्शित फिल्म घर रेखा के सिने करियर के लिये अहम फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिये वह पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित की गईं।

### रतन टाटा ने अमिताभ को लेकर बनाई थी ऐतबार



मुंबई। प्रसिद्ध उद्योगपति एवं टाटा संस के मानद अध्यक्ष पद्म विभूषण रतन एन टाटा ने महानायक अमिताभ बच्चन को लेकर फिल्म ऐतबार बनाई थी। भारत मे दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का बुधवार की रात निधन हो गया। वैसे तो उन्हें उद्योगपति के तौर पर जाना जाता है लेकिन रतन टाटा ने एक बॉलीवुड फिल्म को भी प्रोड्यूस किया था। रतन टाटा ने वर्ष 2004 में फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखा। उन्होंने टाटा इन्फोमीडिया के बैनर तले साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म ऐतबार बनाई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, जॉन अब्राहम, बिपाशा बासु और सुप्रिया पिलगांवकर की अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म का निर्देशन विक्रम भट्ट ने किया था। फिल्म ऐतबार वर्ष 1996 में प्रदर्शित अमेरिकन फिल्म फियर से प्रेरित थी। फिल्म ऐतबार में अमिताभ ने एक ऐसे प्रोटेक्टिव पिता का किरदार निभाया था, जो बेटी को उसके सनकी और खतरनाक बॉयफ्रेंड से बचाने के लिए किसी भी हद तक चला जाता है। यह फिल्म अपनी लागत भी वसूल नहीं कर पाई। रतन टाटा को काफी कसान हुआ था। इस फिल्म के बाद रतन टाटा ने अपनी जिंदगी में कभी कोई फिल्म नहीं बनाई। इस तरह ऐतबार रतन टाटा की बनाई गई पहली और आखिरी फिल्म साबित हुई।

# रणजी में यूपी आज बंगाल के खिलाफ शुरू करेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राजधानी में 18 साल के बाद दोनों टीमें होगी आमने-सामने

**अमृत विचार :** रणजी के रण में यूपी टीम शुक्रवार से अभियान की शुरुआत इकाना स्टेडियम में करेगी। इस बार पहले मुकाबले में उसके सामने पश्चिम बंगाल की टीम होगी। लखनऊ में 18 साल बाद यह दोनों टीमें एक-दूसरे के आमने-सामने होगी।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 18 वर्ष पूर्व इस टीम को फाइनल में हरा कर यूपी टीम चैंपियन बनी थी। इस मुकाबले के लिए यूपी टीम ने पिछले दस दिनों से इकाना स्टेडियम में अभ्यास कर रही थी। उधर, पश्चिम बंगाल टीम भी इस सत्र में जीत से आगाज करना चाहेगा। पिछले सत्र में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। मुकाबले से एक दिन पूर्व भी दोनों टीमों ने आज इकाना स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने इस बार यूपी टीम की कमान विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन जुयाल को सौंपी हैं। आर्यन ने पिछले रणजी सत्र में सबसे अधिक रन बनाये थे।

### टीमें इस प्रकार हैं

**उत्तर प्रदेश :** आर्यन जुयाल (कप्तान), आदित्य शर्मा, आकिब खान, स्वास्तिक चिकारा, प्रियम गर्ग, माधव कौशिक, कृतज्ञ सिंह, अक्षदीप नाथ, विप्रज निगम, अंकित राजपूत, नीतिश राना, सौरभ कुमार, शिवम शर्मा, सिद्धार्थ यादव, विजय कुमार, यश दयाल।

**पश्चिम बंगाल :** ए. मजूमदार (कप्तान), अभिषेक पोरेल, आकाश दीप, सुदीप चटर्जी, डब्ल्यू. चटर्जी, अभिमन्यु ईश्वरन, आमिर गनी, सुदीप कुमार घरामी, एवलिन घोष, सूरज सिंधु जायसवाल, मोहम्मद कैफ, मुकेश कुमार, प्रदीपता प्रमनिक, रिषव विवेक, रोहित कुमार, रिद्धिमान साहा, शाहबाज अहमद, शुवम डे, युद्धजीत।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# मोदी ने रामायण का लाओ संस्करण देखा, बौद्ध भिक्षुओं से लिया आशीर्वाद


लाओस में बौद्ध भिक्षुओं को नमन करते प्रधानमंत्री मोदी।

## आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाओस पहुंचे प्रधानमंत्री, आध्यात्मिक गुरुओं से मिले

**विएंतियान, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को रामायण के लाओ संस्करण की प्रस्तुति देखी, जो भारत और लाओस के बीच साझा विरासत एवं सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाओस की राजधानी में हैं।

विएंतियान पहुंचने के बाद उन्होंने लाओ रामायण फलक फालम या फ्रलक फ्रराम की एक कड़ी का मंचन देखा, जिसे प्रतिष्ठित रॉयल थिएटर ऑफ लुआंग प्रबांग के कलाकारों ने प्रस्तुत किया। फ्रलकफ्रराम डॉट कॉम के मुताबिक, लाओ रामायण मूल भारतीय संस्करण से अलग है। बौद्ध समूहों के माध्यम से यह 16वीं शताब्दी के आसपास लाओस पहुंचा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि साझा विरासत और परंपरा दोनों देशों को करीब ला रही है... यह प्रस्तुति भारत-लाओस के समृद्ध और साझा जुड़ाव का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन थी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि लाओस में आज भी रामायण का मंचन किया जाता है और यह महाकाव्य दोनों देशों के बीच साझा विरासत और सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों को दर्शाता है। लाओस में सदियों से भारतीय संस्कृति और परंपरा के विभिन्न पहलुओं का पालन एवं संरक्षण किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि दोनों देश अपनी साझा विरासत को रोशन करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। इससे पहले, मोदी ने लाओ पीडीआर के केंद्रीय बौद्ध फेलोशिप संगठन के वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं के आशीर्वाद समारोह में हिस्सा लिया।


रामायण फलक फालम की एक कड़ी का मंचन देखते प्रधानमंत्री।

### क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने पर चर्चा की

**वियतनाम।** आसियान और एआईपीए के सदस्य देशों के नेताओं ने आसियान समुदाय के भीतर जुड़ाव और लचीलेपन को मजबूत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बैठक की। लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्से शिफानडोन ने आसियान के भीतर वर्तमान विकास की रूपरेखा तैयार की, जिसमें आसियान समुदाय विजन 2025 को लागू करने में प्रगति और अध्यक्षता के तहत वर्ष 2024 के लिए आसियान प्राथमिकताओं की पूर्ति पर प्रकाश डाला गया।

---

## एक नजर

### पूर्व सांसद मोहिबुर रहमान न्यायिक हिरासत में

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व सांसद मोहिबुर रहमान माणिक को अगले सोमवार को उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई होने तक गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, माणिक को सुनामगंज के न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद आलमगीर की अदालत में पेश किया गया जहां उन्हें सुनामगंज जिला जेल में स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया। पूर्व सांसद को मंगलवार रात ढाका के बशुंधरा आवासीय क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था।।

### ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज के प्रस्ताव को किया खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अक्टूबर के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए बहस की मेजबानी करने के फॉक्स न्यूज के प्रस्ताव को खारिज किया और दावा किया कि तत्कालीन डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडन और वर्तमान डेमोक्रेटिक उम्मीदवार उम्मीदवार कमला हैरिस के खिलाफ पिछली दो जीत के बाद बहस करने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। ट्रम्प ने बुधवार को ट्रुथ सोशल के माध्यम से कहा, मैंने पिछली दो बहसें जीतीं... प्रक्रिया में बहुत देर हो चुकी है, मतदान पहले ही शुरू हो चुका है और यह दोबारा नहीं होगा।

### सीमा अवरुद्ध करने पर द. कोरिया ने की निंदा की

**सोल।** दक्षिण कोरियाई एकीकरण मंत्रालय ने उत्तर कोरिया की ओर से सीमावर्ती राज्य के साथ सभी सड़क और रेल संपर्क काटने के निर्णय की गुरुवार को कड़ी निंदा की। दक्षिण कोरिया ने इसे एकीकरण विरोधी कृत्य बताया है। योनहाप समाचार एजेंसी ने मंत्रालय के हवाले से कहा हम उत्तर कोरिया के इस कदम की कड़ी निंदा करते हैं, क्योंकि यह एकीकरण विरोधी और राष्ट्र विरोधी कृत्य है, जो उत्तर कोरिया में हमारे लोगों और निवासियों की एकीकरण की आकांक्षा को नकारता है। उत्तर कोरियाई जनरल स्टाफ ने बुधवार को कहा है कि उनका इरादा दक्षिण कोरिया के साथ अपने क्षेत्र को जोड़ने वाले सभी राजमार्गों और रेलमार्गों को अवरुद्ध और बंद करने का है और क्षेत्र में अपने रक्षात्मक ढांचे को मजबूत करना है।

### पाकिस्तान में विस्फोट तीन पुलिसकर्मी घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को एक बम विस्फोट में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बाजौर पुलिस के सूत्रों के हवाले से बताया कि यह घटना प्रांत के बाजौर जिले में हुई जब नियमित गश्त के दौरान पुलिस के वाहन के पास सड़क किनारे एक बम विस्फोट हुआ। बम हमले के निशाने पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच चल रही है। घटना के बाद, सुरक्षा बल और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को जिले के नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और आतंकवादी हमले के अपराधियों को पकड़ने के लिए आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

---

# स्कूल पर हवाई हमला, 28 की मौत

## मध्य गाजा पट्टी में गई महिलाओं और बच्चों की जान, इजराइल ने कहा- आतंकवाद का केंद्र था स्कूल

**काहिरा, एजेंसी**

मध्य गाजा पट्टी में विस्थापित व्यक्तियों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर गुरुवार अपराह्न इजराइली हवाई हमले में कम से कम 28 फिलिस्तीनी मारे गये और 54 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उसकी टीमों ने दीर अल-बलाह शहर में पीआरसीएस मुख्यालय के पास स्थित राफिदा स्कूल को इजराइली सेना द्वारा निशाना बनाये जाने के बाद हताहतों की मदद की।

चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि एम्बुलेंस कर्मियों और नागरिक सुरक्षा तंत्र ने बच्चों और महिलाओं सहित कई लोगों के शव बरामद किये, जिनमें से कुछ के शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गये थे। इस बीच, इजराइली सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उसने दीर अल-बलाह में राफिदा स्कूल के परिसर में एक कमांड और नियंत्रण केंद्र के अंदर आतंकवादियों को निशाना बनाकर सटीक हमला किया। सेना ने बताया कि इस केंद्र का इस्तेमाल इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के सैनिकों और इजरायल के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए किया गया था। उसने हमास पर नागरिक आबादी के भीतर से काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के जोखिम को कम करने के लिए कई कदम उठाये गये, जिसमें गोला-बारूद का सटीक उपयोग, हवाई निगरानी और अतिरिक्त खुफिया जानकारी (हमले से पहले) शामिल हैं। गाजा में संघर्ष सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायल पर हमास के हमले के कारण शुरू हुआ, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गये और लगभग 250 बंधक बनाये गये थे। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, हमास के हमले के जवाब में गाजा में चल रहे इजराइली सैन्य अभियानों में 42,065 लोगों की मौत हुई है और 97,886 अन्य घायल हुए हैं।


स्कूल की ध्वस्त हुई बिल्डिंग से बाहर भागते बच्चे व अन्य लोग।

### इजराइल पर 360 गोले दागे

**यरूशलम।** इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने इजराइल की ओर 360 गोले दागे, जिनमें से लगभग 220 इजराइली क्षेत्र में पहुंचे। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, 9 अक्टूबर 23 :00 बजे तक, हिजबुल्ला आतंकवादी संगठन ने लेबनान से इजराइली क्षेत्र की ओर 360 गोले दागे, जिनमें से लगभग 220 गोले इजराइल में प्रवेश कर गए। इसने कहा कि वह इजरायल और उसके लोगों की रक्षा करता रहेगा।

### तुर्किये की नौसेना ने बेरूत से अपने नागरिकों को निकालना शुरू किया

**बेरूत।** इजराइल और हिजबुल्ला के बीच जारी संघर्ष के कारण तुर्किये ने अपने नागरिक को वहां से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए नौसेना का जहाज भेजा और बुधवार देर रात तुर्की के 2,000 से अधिक नागरिक और कुछ विदेशी लोग इस पर सवार हुए। तुर्की के दक्षिण-पूर्वी शहर मार्डिन की निवासी जेहरा सिबिन अन्य शरणार्थियों के साथ बस से उतरीं। उनके साथ उनके दो बच्चे थे और उनके हाथ में सामान था। वह अपने लेबनानी पति के साथ बेरूत में रहती हैं। सिबिन (46) ने कहा, इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने हमारे घर के नीचे वाली गली में बमबारी की। उस पल तो मुझे लगा कि सब कुछ खत्म हो गया।मैंने कहा कि मैं अब बेरूत में नहीं रहना चाहती।

### दक्षिणी लेबनान के असैन्य सुरक्षा केंद्र पर पांच स्वास्थ्यकर्मियों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के दरदघया शहर में बुधवार को एक लेबनानी असैन्य सुरक्षा केंद्र पर इजराइली हवाई हमले में वहां कार्यरत पांच स्वास्थ्यकर्मी मारे गए। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता एली खैरल्ला ने यह जानकारी दी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी एक बयान में इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि इजराइल ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों, मानदंडों और मानवीय समझौतों की अवहेलना करते हुए बुधवार की रात फिर से बचाव दल और एम्बुलेंस कर्मचारियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। खैरल्ला ने बताया कि पीड़ितों में लेबनानी असैन्य सुरक्षा केंद्र में 'टायर रिजनल सेंटर' के प्रमुख अब्दुल्ला अल-मौसावी भी शामिल हैं।

---

# अमेरिका से लेकर ब्रिटेन तक टाटा को श्रद्धांजलि

**लंदन, एजेंसी**

● **लंदन में इंडिया आल पार्टी पार्लियामेंटरी ग्रुप ने किया याद**

ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने जानेमाने उद्योगपति रतन टाटा के 86 वर्ष की आयु में निधन की मुंबई से सूचना आने पर उनकी स्मृति में कुछ पल का मौन रखा। बुधवार को लंदन में संसद भवन के पास भारतीय उच्चायोग और इंडिया आल पार्टी पार्लियामेंटरी ग्रुप (एपीपीजी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित पूर्व-निर्धारित दिवाली कार्यक्रम के दौरान, दोरईस्वामी ने टाटा समूह के अध्यक्ष को भारत-ब्रिटेन साझेदारी का महान समर्थक बताते हुए श्रद्धांजलि दी।

सांसदों, उद्यमियों और समुदाय के नेताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए दोराईस्वामी ने कहा मैं बहुत दुख के साथ भारत के जानेमाने उद्योगपतियों में से एक रतन टाटा के निधन की खबर साझा कर रहा हूं। उनके लिए मुंबई/भारत और लंदन/ब्रिटेन दोनों ही घर थे।

उन्होंने भारत-ब्रिटेन साझेदारी की भावना को हर चीज में समाहित किया - एयर इंडिया से लेकर, जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) से ताज होटल से लेकर टाटा स्टील तक वास्तव में हर चीज में, जिसमें ब्रिटेन में एक बैटरी कारखाने में निवेश का उनका निर्णय भी शामिल है।



### गूगल के सीईओ सुंदर पिचई बोले- प्रेरणादायक था दृष्टिकोण

**वाशिंगटन।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, रतन टाटा के साथ गूगल में मेरी आखिरी मुलाकात में हमने वेमो की प्रगति के बारे में बात की और उनका दृष्टिकोण प्रेरणादायक था। वह एक असाधारण व्यवसाय और परोपकारी विरासत छोड़ गए हैं। उन्होंने भारत में आधुनिक व्यावसायिक नेतृत्व को मार्गदर्शन प्रदान करने और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा भारत के अद्वितीय और महान पुत्र, कुलीनता और उदारता के प्रतीक थे।

---

## ताइवान ने चीन की धमकियों के बीच मनाया अपना राष्ट्रीय दिवस

**ताइपे।** ताइवान ने चीन से मिलने वाली धमकियों के बीच गुरुवार को अपना राष्ट्रीय दिवस मनाया। चीन स्वशासित द्वीपीय गणराज्य को अपना क्षेत्र बताकर उस पर दावा करता रहा है। यह उत्सव चीन गणराज्य की स्थापना का प्रतीक है, जिसने 1911 में छिंग राजवंश को उखाड़ फेंका था। 1949 में गृह युद्ध के बाद माओत्से तुंग के कम्युनिस्टों ने मुख्य भूमि पर कब्जा जमा लिया था। 1980 और 1990 के दशक में पूर्ण लोकतंत्र को अपनाने तक ताइवान में मार्शल लॉ लागू था, लेकिन वहां चीन से लाया गया मूल संविधान और चीनी गणराज्य का ध्वज भी कायम था। राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के आठ साल के शासन को जारी रखते हुए मई में पदभार संभाला। यह पार्टी ताइवान को चीन का हिस्सा मानने से इनकार करती है।

## समर्थन जुटाने ब्रिटेन और नाटो नेताओं से मिल रहे जेलेंस्की

**लंदन, एजेंसी**

● **ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और नाटो महासचिव से करेंगे मुलाकात**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के खिलाफ युद्ध के लिए अपनी शांति योजना पर ब्रिटेन और नाटो के नेताओं के साथ बातचीत के लिए गुरुवार को लंदन पहुंचे। जेलेंस्की ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीअर स्टॉर्मर और नाटो महासचिव मार्क रूते से मुलाकात करेंगे। उसके बाद वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलने के लिए पेरिस की यात्रा करेंगे।

जेलेंस्की ने कहा कि वह योजना पर चर्चा के लिए इस सप्ताह जर्मनी और इटली के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। जेलेंस्की को जर्मनी में पश्चिमी देशों के नेताओं और रक्षा मंत्रियों के साथ सप्ताहांत बैठक में अपनी योजना का खाका प्रस्तुत करना था लेकिन इस बैठक को स्थगित कर दिया गया क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फ्लोरिडा में तूफान 'मिल्टन' के दस्तक देने के बाद देश में ही रहने का हवाला दिया था। जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बैठक की तारीख जल्द ही फिर तय कर ली जाएगी।



## चीन में 30 करोड़ बुजुर्ग राष्ट्रपति बोले- देखभाल को प्राथमिकता दें

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरुवार को अपनी पार्टी को देश में बुजुर्गों की तेजी से बढ़ती आबादी पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। चीन में बुजुर्गों की संख्या 30 करोड़ हो गई है, जिससे विवाह और जन्मदर में गिरावट के कारण जनसांख्यिकीय संकट बढ़ गया है। चीन की 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र की आबादी 2023 के अंत तक 30 करोड़ हो गई। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, अनुमान है कि यह 2035 तक 40 करोड़ से अधिक हो जाएगी और 2050 तक इसके 50 करोड़ पर पहुंच जाने की संभावना है। चीन में शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जाता है। शी ने बुजुर्ग लोगों को शुभकामनाएं देते हुए सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की समितियों और सभी स्तरों की सरकारों से बुजुर्गों से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

## मानवाधिकार परिषद के लिए 18 नए सदस्य देश चयनित

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 47 सदस्यीय मानवाधिकार परिषद के लिए 2025-2027 के कार्यकाल के लिए 18 नए सदस्य देशों का चुनाव किया है। संयुक्त राष्ट्र ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 18 देशों में बेनिन, बोलीविया, कोलंबिया, साइप्रस, चेकिया, कांगो, इथियोपिया, गाम्बिया, आइसलैंड, केन्या, मार्शल द्वीप, मैक्सिको, उत्तरी मैसेडोनिया, कतर, कोरिया गणराज्य, स्पेन, स्विट्जरलैंड और थाईलैंड शामिल हैं, जिन्हें मतदान द्वारा चुना गया है। इन सभी देशों को एक जनवरी, 2025 से तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए चयनित किया गया है और उन सदस्य देशों का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त होने वाला है। सभी निवर्तमान सदस्य देश अर्जेंटीना, बेनिन, कैमरून, इरीट्रिया, फिनलैंड, गाम्बिया, होंडुरास, भारत, कजाकिस्तान, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, मलेशिया, मोंटेनेग्रो, पैराग्वे, कतर, सोमालिया, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका तत्काल पुनः निर्वाचन के लिए पात्र हैं, उन देशों को छोड़कर जिन्होंने लगातार दो कार्यकाल पूरे किए है।

### संरा ने टॉम फ्लेचर को नया मानवीय प्रमुख नियुक्त किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने पूर्व ब्रिटिश राजनयिक टॉम फ्लेचर को विश्व निकाय का नया मानवीय प्रमुख नियुक्त किया। वर्तमान में ऑक्सफोर्ड के हर्टफोर्ड कॉलेज के प्रिंसिपल और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के कॉन्फ्रेंस ऑफ कॉलेजेज के उपाध्यक्ष फ्लेचर अपने ब्रिटिश साथी मार्टिन ग्रिफिथ्स का स्थान लेंगे।

## संरा के कई अधिकारी बांग्लादेश का करेंगे दौरा

**ढाका।** बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र के उच्च अधिकारियों की यात्रा जल्द होने वाली है, जिसमें मानवाधिकार उच्चायुक्त वॉल्कर टर्क भी शामिल हैं। यह यात्रा बांग्लादेश में मानवाधिकार की स्थिति पर चर्चा करने और सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। 'ढाका ट्रिब्यून' ने बांग्लादेश और अमेरिका के अधिकारियों के हवाले से बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा के दो मुख्य कारण बताए।पहला, नए अंतरिम प्रशासन की स्थापना और दूसरा बांग्लादेश की संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता का 50 वर्ष पूरा होना।श्री टर्क ने अगस्त में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस से मुलाकात की थी। न्यूयॉर्क की अपनी हालिया यात्रा के दौरान, प्रोफेसर यूनुस ने बांग्लादेश के खुशहाल और सफल भविष्य के लिए विदेशी सहयोगियों से सहायता मांगी थी।

---

## मरियम ने भारत से जलवायु कूटनीति का किया आह्वान

**लाहौर, एजेंसी**

● **दोनों देशों में प्रदूषण के कारण होने वाले स्मॉग के प्रभाव से निपटने की बात कही**

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने दोनों देशों में प्रदूषण के कारण होने वाले स्मॉग के प्रभाव को कम करने के लिए भारत के साथ जलवायु कूटनीति का आह्वान किया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत और भारत के पंजाब राज्य के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम भारत के कई अन्य इलाकों में लोगों को हर साल अक्टूबर से फरवरी के महीनों के दौरान भारी वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ता है।

लाहौर और नयी दिल्ली नियमित रूप से इस मौसम में दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल होते हैं, जब किसान सर्दियों की फसल की तैयारी से पहले पराली जलाते हैं। मरियम ने बुधवार को जलवायु परिवर्तन 'लीडरशिप इंटर्नशिप' कार्यक्रम में कहा, भारत और पाकिस्तान दोनों को पंजाब को स्मॉग से निपटने के लिए संयुक्त प्रयास करने चाहिए।

### धुएं और कोहरे के संयोजन को कहते हैं स्मॉग

धुएं और कोहरे के संयोजन को स्मॉग उपनाम से जाना जाता है। यह एक विशिष्ट घटना है जो तब होती है जब कुछ प्रदूषणकारी सूक्ष्म कण ठंडी, नम हवा के साथ मिल जाते हैं और जमीन के करीब रह जाते हैं, जिससे दृश्यता कम हो जाती है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं।

## मुइज्जू ने आर्थिक सहायता के लिए भारत का जताया आभार

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत की आर्थिक सहायता एवं लगातार समर्थन के लिए गुरुवार को आभार जताया। पत्नी साजिदा मोहम्मद के साथ भारत की पांच दिन की राजकीय यात्रा समाप्त कर वापस लौटे राष्ट्रपति ने मालदीव को, विशेष तौर पर मुश्किल समय में, आर्थिक सहायता देने और लगातार समर्थन करने के लिए भारत के प्रति आभार जताया। पदभार ग्रहण करने के बाद मुइज्जू की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर यह पहली भारत यात्रा थी। यात्रा के दौरान, मुइज्जू ने राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं।

---

**खगोल विज्ञान** | चट्टानी एक्सोप्लैनेट वातावरण का पता लगाने की विधि खोजी

# पृथ्वी जैसे जीवनयोग्य ग्रहों का पता लगाना होगा आसान

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने चट्टानी एक्सोप्लैनेट वातावरण का पता लगाने का एक नया तरीका खोज निकाला है। नई तकनीक से पृथ्वी जैसे जीवनयोग्य ग्रहों का पता लगाना आसान हो जाएगा। शिकागो विश्वविद्यालय के पीएचडी छात्र किआओ जू के नेतृत्व में नई विधि खोजी गई है। ज्ञात हो अब तक खोजे गए एक्सोप्लैनेट की कुल संख्या 5288 है।

उनमें से कई चट्टानी, पृथ्वी जैसे एक्सोप्लैनेट हैं लेकिन उनमें से किसी में भी वायुमंडल नहीं है। साथ ही अनेक गैसीय हैं। चट्टानी ग्रहों के वातावरण का पता लगाना बड़ा चुनौतीपूर्ण कार्य है । मगर शोधकर्ताओं की टीम का मानना है कि अब उन्हें नई सरल तकनीक मिल गई हैं। इसमें ग्रह के पीछे से गुजरने से ठीक पहले किसी तारे और एक्सोप्लैनेट के संयुक्त तापमान को मापा जा सकता श है। इस विधि से ग्रह के तापमान व वातावरण का आसानी से पता लगाया जा सकता है। नई तकनीक से सुदूर तारों के आसपास अन्य ग्रहों को खोजने से ब्रह्मांड में जीवन की संभावना के बारे में और अधिक समझने में मदद मिल सकती है। जिससे जीवनयोग्य ग्रह की जानकारी संभव हो सकेगी। आधुनिक खगोल विज्ञान में किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश सर्वाधिक रोमांचक चुनौती है। नई तकनीक की पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने 41 प्रकाश वर्ष दूर जी जे 1132 बी नामक ग्रह का अध्ययन किया। अध्ययन के बाद निष्कर्ष निकाला कि इस ग्रह ओर वायुमंडल नहीं है। ग्रह के तापमान की गणना के बाद नई तकनीक की पुष्टि हो सकी।


इस तरह से पता लगेगा किसी भी ग्रह के वातावरण के बारे में।

### अधूरी है जीवन की तलाश

किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश का सपना अभी तक साकार नही हो सका है। कई दशकों से खगोल वैज्ञानिक जीवन योग्य ग्रह की तलाश में जुटे हैं। कई ग्रहों पर सूक्ष्म जीवन की पुष्टि हुई है, लेकिन मानव जैसे बुद्धिमान जीवन की तलाश नही हो सकी है। वैज्ञानिकों को पूर्ण विश्वास है कि इतने विशाल में हम अकेले नही हो सकते।